CMYK

तापमान अधिकतम :34°C न्यूनतम: 22°C
सेंसेक्स 81,451.01 निफ्टी 24,750.70
सोना 98,010 चांदी 99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, सोमवार 2 जून 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 282 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इन्कार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी, लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा।


## मान ने वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। वह राष्ट्रपति के 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायुसेना पदक' से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायुसेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे। एयर मार्शल मान राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं और 16 दिसम्बर-1989 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए थे। उन्हें विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों में 3000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है।

# ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हुआ जासूसी नेटवर्क

## पाक से हुए यूपीआई, हवाला लेनदेन से पकड़े गए 12 जासूस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ नौ आतंकी ठिकाने तबाह होने पर पाक ने भारत में एक्टिव किए थे जासूस

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान के 12 जासूसों तक आखिर खुफिया एजेंसियां कैसे पहुंचीं? इस सवाल का जवाब चौंकाने वाला है।

इन एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जब भारत ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए, तभी बौखलाए पाक ने भारत में अपने सभी जासूस एक्टिव किए। उनसे सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से भारतीय सैन्य ठिकानों, सेना के मूवमेंट्स, सैन्य बेस, एयरबेस की संवेदनशील जानकारियां मंगाना तेज कीं। इसके लिए इन्हें पाकिस्तान से पे-पल पेमेंट एप, ऑनलाइन गैंबलिंग एप, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, हवाला, यूपीआई और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये 20 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक मिले। सीजफायर के बाद भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर वे सोशल मीडिया अकाउंट और फोन नंबर आए, जो लड़ाई के दौरान लगातार एक्टिव थे और आईएसआई उनसे संपर्क में थी। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक से भारत में हुए हवाला, यूपीआई और बिटकॉइन ट्रांजेक्शन की जानकारी डार्क वेब पर मिली। इन ट्रांजेक्शन्स की पड़ताल में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा, अरमान, देवेंद्र सिंह ढिल्लो, मोहम्मद मुर्तजा अली, सुखप्रीत सिंह, करनबीर सिंह, नोमान इलाही, हारून, तुफैल, सुखदेव सिंह गोहिल, शहजाद और मोतीराम जाट की जानकारी मिली। गृह मंत्रालय को इसकी जानकारी दी गई। यदि कार्रवाई में जरा भी देरी होती, तो जासूस भाग सकते थे। इसलिए तय हुआ कि जो जासूस जिस राज्य का है, वहां की जांच एजेंसी को पकड़ने की जिम्मेदारी दें। नतीजा इन 12 समेत 15 पकड़े गए।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी और बारिश, छाया अंधेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो


■ 76 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। रविवार शाम को दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।

शाम करीब 5 बजे 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई जगहों पर हल्की से मध्यम और भारी बारिश भी देखने को मिली है। शाम को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। कई जगहों पर तेज आंधी की वजह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश के लिए पहले ही अलर्ट जारी किया था। दिल्ली के प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। नोएडा और गाजियाबाद के क्षेत्रों में भी 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं दर्ज की गईं। कई जगहों पर पेड़ों के टूटने और वाहनों को नुकसान होने की खबरें सामने आ रही हैं। बिजली विभाग की ओर से सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कई इलाकों में बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। दिल्ली के पालम, झरोदा कलां, सफदरजंग समेत कई इलाकों में शाम करीब 4.30 बजे 37 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं दर्ज की गईं।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में बनी सहमति

**इंफाल।** जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है।



## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने रविवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्बास अंसारी मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। अब्बास अंसारी ने 2022 के चुनावों में मऊ सीट से जीत दर्ज की थी, जब सुभासपा का समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन था।

## नौ दिन में देश में 1300 प्रतिशत बढ़े कोरोना केस

### 48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस, बेंगलुरु में वैक्सीन की तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखन




## डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: कोई नहीं सोच सकता ऐसी घटना हो सकती है, आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारा 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है।

दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था। इससे पूर्व कोर्ट ने अन्य मामले जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना। दिसम्बर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति पर किसी की आत्महत्या के लिए उकसाने का दोष तभी लगाया जा सकता है, जब इसका पुख्ता सबूत हो। सिर्फ प्रताड़ना का आरोप इसके लिए काफी नहीं है। दरअसल, गुजरात हाईकोर्ट ने एक महिला के उत्पीड़न और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उसके पति और ससुराल वालों को बरी करने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए बरी कर दिया था।



## संक्षिप्त समाचार

### पुणे में झील में डूबने से चार किशोरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के चाकन के पास एक झील में शनिवार को तैरते समय चार किशोरों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने आज इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कल शाम को चारों शव पझर झील से बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार कल तैरते समय लड़के झील की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए। जब वे घर नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने अधिकारियों को सूचित किया। पीड़ितों की पहचान ओमकार बाबासाहेब हांगे (13), श्लोक जगदीश मानकर (11), प्रसाद शंकर देशमुख (11) और नैतिक गोपाल मोरे (12) के रूप में हुई है। ये सभी मेदंकरवाड़ी के रहने वाले थे। वे प्रवासी श्रमिकों के परिवारों से थे और रोजगार के लिए चाकन में आए हुए थे। पुलिस के अनुसार झील के किनारे लड़कों के कपड़े और जूते मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय निवासी, चाकन पुलिस और ट्रेकिंग समूह बचाव प्रयासों में शामिल हुए और शाम तक चारों शव बाहर निकाल लिए गए।

### कर्नाटक में मछली पकड़ने पर दो माह का प्रतिबंध

**कारवार।** कर्नाटक के तटीय इलाकों में मछली पकड़ने पर दो महीने का वार्षिक प्रतिबंध लागू हो गया है। इसका उद्देश्य समुद्री संसाधनों का संरक्षण करना और मानसून के मौसम में मछलियों की संख्या में वृद्धि करना है। एक जून से 31 जुलाई तक के प्रतिबंध के दौरान हालांकि गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर निर्भर हजारों मछुआरों की आजीविका के नुकसान की आशंका के कारण नाव मालिकों और मछली पकड़ने वाले समुदाय के नेताओं ने सरकार से इस अवधि के दौरान प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा करने का आग्रह किया है। प्रतिबंध के तहत ट्रॉल बोट और पर्स सीन जहाजों के संचालन पर रोक लगा दी गई है, जबकि केवल पारंपरिक, गैर-मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को समुद्र में जाने की अनुमति है। कारवार में, नाव संचालकों ने प्रतिबंधों का पालन करते हुए अपने जहाजों को बैथकोल बंदरगाह पर लंगर डाला है।

### पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव मिलने से हड़कंप

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित वाजिदपुर तिराहे के पास रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव (65) मूल रूप से खुटहन थाना क्षेत्र के मैरवां गांव के रहने वाले थे, और वर्तमान में शहर के पॉलिटेक्निक के पास स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में निवास कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं।

## उप्र की चुनाव व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी

■ सांसद और विधायक की ही तरह आम जनता चुनेगी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार सांसद और विधायक की ही तरह यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी सीधे जनता से कराने पर मंथन कर रही है।सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार जल्द ही इस बारे में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। माना जा रहा है कि अगर केंद्र ने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दिया, तो आगामी पंचायत चुनाव में ही इस नई चुनाव प्रक्रिया को लागू कर दिया जाएगा। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके चर्चा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि वह अधिकारियों को निर्देशित करें कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव तैयार कर इसे जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजा जाए जिससे समय रहते इसकी तैयारी की जा सके। राजभर का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और जल्द ही प्रस्ताव केंद्र को भेजने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले चुनाव में ही यह चाहते थे। अधिकारियों से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहेंगे। इस मुलाकात के दौरान ओम प्रकाश राजभर के पुत्र सुभासपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी साथ थे। राजभर ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर भी इस मुद्दे पर चर्चा की थी।

## मुख्यमंत्री योगी से मिले उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पदभार ग्रहण करने के बाद राजीव कृष्णा बोले: सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं।

बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद डीजीपी ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं- अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था- को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शनिवार को पूरे दिन प्रशांत कुमार का सेवा विस्तार होने की अटकलें लगती रहीं। देर शाम तक प्रशांत कुमार द्वारा डीजीपी पद का कार्यभार नहीं छोड़ने पर इन अटकलों को बल मिलता गया, हालांकि रात करीब आठ बजे राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी गई। देर शाम प्रशांत कुमार, राजीव कृष्णा और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें पुलिस विभाग की काफी टेबिल बुक भेंट की। वर्ष 1989 बैच के शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, वर्ष 1990 बैच के संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्य, एमके बशाल, तिलोत्तमा वर्मा, वर्ष 1991 बैच के आलोक शर्मा और पीयूष आनंद। बता दें कि राजीव कृष्णा प्रदेश के पांचवें कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए हैं।


### यूपी में नए डीजीपी के सामने हैं बड़ी चुनौतियां: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में कानून का राज ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण के सामने कानून व्यवस्था को सुधारने में बड़ी चुनौतियां आएंगी। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने की बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग व सक्रियता जरूरी है। वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए किन्तु इसके ग्रोथ इंजन बनकर उभरने के बजाय ज्यादातर अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था की बदहाली को लेकर निगेटिव चर्चाओं में रहना क्या यह जन व देशहित में उचित है।

## अमित शाह ने कोलकाता में ममता बनर्जी पर साधा निशाना

# 'दीदी' सरकार का समय अब हुआ समाप्त

कोलकाता, वार्ता



■ कहा: अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा यहां सत्तारुढ़ होगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जबरदस्त निशाना साधा और कहा कि राज्य में ममता दीदी की सरकार का समय समाप्त हो गया है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारुढ़ होगी।

शाह ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिसा मुक्त चुनाव में राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करेगी और वर्ष 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता रहा हूं, आपका (सरकार का) समय समाप्त हो गया है। अगले वर्ष राज्य में भाजपा सरकार बनाएगी। मैं अपने सभी मंडल पदाधिकारियों को आश्वस्त करता हूं कि तृणमूल सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, हम जरूरत पड़ने पर दोषियों को जमीन के नीचे से निकालेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या के लिए उन्हें सजा मिले। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिसा का कोई स्थान नहीं है। बंगाल में चुनावों के दौरान और दीदी (सुश्री बनर्जी) की जीत के बाद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मारे गए। दीदी, आप कब तक उनकी रक्षा करेंगी? अगर आप में हिम्मत है, तो हिसा के बिना चुनाव कराएं और देखें कि क्या होता है। बंगाल की जनता सुनिश्चित करेगी कि आपकी जमानत जब्त हो जाए। मुख्यमंत्री के उस आरोप का जवाब देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीतिक लाभ के लिए 'ऑपरेशन सिदूर' बेच रहे हैं, उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों ने परिवारों के सामने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। आप मुझे बताएं- क्या पाकिस्तान द्वारा भेजे गए उन आतंकवादियों को सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या मोदी जी ने ऑपरेशन सिदूर को अंजाम देना सही नहीं था? यही बात दीदी के पेट में दर्द पैदा कर रही है। जब बंगाल के लोगों को वहां मारा जा रहा था, तब दीदी अगर इस दर्द को व्यक्त करतीं तो सही होता। लेकिन तब उन्होंने कुछ नहीं कहा। अब जब मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद यहां आते हैं, तो ऑपरेशन का विरोध करते हुए सस्ती राजनीतिक टिप्पणी की जाती है। आप सिर्फ ऑपरेशन सिदूर का विरोध नहीं कर रही हैं - आप इस देश की करोड़ों माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने बंगाल की मातृशक्ति से अपील की कि वे मुख्यमंत्री को ऑपरेशन सिदूर पर सवाल उठाने की हिम्मत करने के लिए आगामी चुनाव में सिंदूर का सही मूल्य समझाएं। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों, उन्हें दिखाएं कि सिदूर का अपमान करने का सही मतलब क्या होता है! शाह ने कहा कि बंगाल की भूमि ने पीढ़ियों से भारत का मार्गदर्शन किया है। चाहे वह ज्ञान हो, विज्ञान हो, अध्यात्म हो या स्वतंत्रता संग्राम हो, बंगाल ने हमेशा नेतृत्व किया है। कई वर्षों तक बंगाल पर कम्युनिस्टों का शासन रहा। फिर ममता दीदी अपने 'मां-माटी-मानुष' (मां, मातृभूमि और लोग) के नारे के साथ आईं। आज उन्होंने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है। इससे पहले शाह दोपहर 14.16 बजे विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के साथ नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देकर की।

### पश्चिम बंगाल को नॉर्थ कोरिया न बनाओ शर्मिष्ठा के सपोर्ट में आई कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान सामने आया है। एन्फ्लुएंसर की गिरफ्तारी को लेकर वे पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को नार्थ कोरिया की तरह मत बनाओ। भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थितियां ठीक नहीं हैं। अगर कोई इनजनरल अपनी बात कहता है, तो उसके खिलाफ इतनी कठोर कार्रवाई करना कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है यहां इस तरह का माहौल न खड़ा जाए, जिससे यह नार्थ कोरिया लगने लगे। उन्होंने ममता सरकार से ए मांग की है कि उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए। कंगना ने कहा कि जब शर्मिष्ठा ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी और माफी मांग ली है, तो सरकार को उसके खिलाफ इस तरह की कठोर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। कंगना ने कहा कि किसी बेटी को जेल में डाल देना और उसका पूरा करियर खराब कर देना बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

## पश्चिमी यूपी में फिर करवट लेगा मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में सोमवार को मौसम में आंशिक परिवर्तन के आसार हैं। तापमान में गिरावट हो सकती है। लेकिन, बाकी जगहों पर रविवार जैसा ही मौसम बना रहने की संभावना है।

मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। इससे तापमान में दो से चार डिग्री की कमी दर्ज की जाएगी। रविवार को झांसी, प्रयागराज और अमेठी में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी यूपी सोमवार से ही छिटपुट बारिश की शुरुआत हो जाएगी। तराई वाले क्षेत्रों में इस बारिश की वजह से तापमान में भी दो से चार डिग्री की गिरावट की उम्मीद है। मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश होगी। बुधवार और गुरुवार को भी कई इलाकों में ए बारिश जारी रह सकती है।

इस दौरान कई जगह 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इससे मौसम में राहत मिल सकती है। अतुल ने बताया कि इसके बाद पांच जून से गर्मी बढ़ना शुरू होगी। तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। पछुवा हवा चलेगी। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

### आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की, क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में व्यापक आर्थिक चिंताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई, जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 692.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आारक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 586.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

### खाद्य तेल और दाल-दलहन में रहा मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 3838 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.47 सेंट की गिरावट लेकर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए, जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल के भाव 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।सप्ताहांत पर सरसों तेल 15824 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14871 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही, वहीं मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। सप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी पूरी



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इससे पूर्व दो जून को अर्थात कल महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सरयू तट के संत तुलसी घाट से अपरान्ह चार बजे से शुरू होगी और लता चौक से रामपथ होते हुए हनुमानगढ़ी, बड़ा स्थान व रंगमहल होकर श्रीराम मंदिर परिसर में यज्ञ मण्डप तक जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले मां सरयू का पूजन एवं यजमान का प्रायश्चित कर्म भी सम्पादित होगा। तीन जून से अनुष्ठान का विधिवत शुभारम्भ शुरू हो जाएगा। तीन व चार जून को सुबह साढ़े छह बजे से सायंकाल साढ़े छह बजे तक बारह-बारह घंटे का अनुष्ठानन होगा। इस दौरान मध्यान्ह में एक घंटे फलाहार के लिए विश्राम दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक पांच जून को अनुष्ठान सुबह साढ़े छह बजे प्रारम्भ होगा और अभिजीत मुहूर्त के बाद देवविग्रहों में प्राणों के आधान की प्रक्रिया होगी और फिर आरती के साथ अपरान्ह एक बजे अनुष्ठान की पूर्ण आहुत हो जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाज के साथ की जा रही है ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।

## जम्मू-कश्मीर भारत-पाक के बीच युद्ध का मैदान बना

### हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचली जा रही घास जैसी: मुफ्ती

श्रीनगर, वार्ता



■ हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है। हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है।

महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। महबूबा बोलीं- हमारी पाकिस्तानी लोगों से असहमति नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की मांग समेत नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक सोच को दर्शाते हैं। महबूबा ने कहा कि जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी।

उन्होंने ने कहा कि हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, लेकिन वहां के लोगों से नहीं। यह दुख की बात है कि देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य का नेता इस तरह की बातें कर रहा है। शांति और बातचीत के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और नफरत की भाषा बोलने वाले नेताओं को और लाशें चाहिए, लेकिन पीडीपी ही एकमात्र पार्टी है जो लगातार शांति की बात कर रही है और लोगों के सम्मान से जीने के हक के लिए आवाज उठा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि ये हमला लोकल सपोर्ट के बिना नहीं हो सकता। क्योंकि आतंकवादी वहां कैसे आए, ये सवाल आज भी बना हुआ है। किसी लोकल ने उनकी मदद तो जरूर की है। अब्दुल्ला के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी लोगों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिल जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8434 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हर घर से निकले खिलाड़ी, तब बनेगा प्रदेश खेल भूमि : आर्या

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** जून का पहला संडे देहराद.ून वासियों के लिए बेहद खास रहा, जब सैकड़ो की संख्या में लोगों ने

■ संडे ऑन साइकिल रैली में शहर वासियों के साथ खेल मंत्री ने चलाई साइकिल
■ दूनवासियों को दिलाई गई फिटनेस अवेयरनेस की शपथ

श्संडे ऑन साइकिलश कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर साइकिल रैली में सैकड़ों प्रतिभागियों




के साथ खेल मंत्री रेखा आर्या ने साइकिल रैली का नेतृत्व किया। संडे ऑन साइकिल रैली सुबह 6:30 बजे पवेलियन ग्राउंड से शुरू हुई और एनआईवीएच के गेट से वापस पवेलियन ग्राउंड में समाप्त हुई।

इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि सैन्य भूमि उत्तराखंड को खेल भूमि बनाने का उनका सपना तब पूरा होगा ,जब यहां हर घर से एक खिलाड़ी निकलेगा। रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश के गांव गांव और छोटे कस्बों में खेल मैदान और मिनी स्टेडियम बनाने के पीछे यही संकल्प है। उन्होंने कहा कि जिस तरह उत्तराखंड में घर-घर से सैनिक निकलते रहे हैं, ठीक उसी तरह हर गांव गली में खेलों में चौंपियन पैदा हों। उन्होंने कहा कि साइकिलिंग फिटनेस का बहुत अच्छा साधन है और इससे हमारी सेहत सुधरने के साथ-साथ पर्यावरण की सेहत भी सुधरेगी। खेल मंत्री ने आम लोगों को आह्वान किया कि वह साइकिलिंग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। खेल मंत्री ने प्रतिभागियों को फिटनेस अवेयरनेस की शपथ भी दिलाई। साइकिल रैली में 7 साल के बच्चे भी शामिल थे तो वही 70 साल के वरिष्ठ नागरिकों ने भी इसमें पूरे उत्साह के साथ शिरकत की। रैली के समापन अवसर पर लकी ड्रा के जरिए अलग-अलग आयु वर्ग के विजेताओं को चुना गया और उन्हें पुरस्कार दिए गए। इस अवसर पर राजपुर विधायक खजान दास, खेल निदेशक प्रशांत आर्य, उपनिदेशक संजीव पौरी, प्रभारी जिला खेल अधिकारी रविंद्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश भर में होंगे संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम

■ कार्यक्रमों के माध्यम से साझा की जायेगी उल्लेखनीय उपलब्धियों की तस्वीर



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ष्मोदी सरकार के 11 साल ष्संकल्प से सिद्धि तकश कार्यक्रम के माध्यम से व्यापक जनसहभागिता से मनाने जा रही है। जिसके तहत सभाओं के माध्यम से विकसित भारत का संकल्प लिया जाएगा। इसके साथ ही पत्रकार वार्ता, कार्यशालाएं, विकास प्रदर्शनी, विधानसभा स्तर पर केंद्रीय योजनाओं के पंजीकरण शिविरों का भी आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए रविवार को प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में प्रदेश स्तरीय वर्चुअल कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में राष्ट्रीय महामंत्री उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम , सह प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार ने कार्यक्रम के सफल संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी । कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कुलदीप कुमार के नेतृत्व में 4 सदस्य प्रदेश समिति गठित की गई है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया, 9 जून को मोदी सरकार के शानदार 11 साल पूर्ण होने जा रहे हैं। देश के यशस्वी एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने इस कार्यकाल में अनेकों उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की है। विकास, विरासत और जनकल्याण के सिद्धांत पर आगे बढ़ते हुए भारत अब विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है और विकसित भारत बनने जा रहा है। लिहाजा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा के निर्देश पर केंद्र की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित संकल्प से सिद्धि तक, राष्ट्रव्यापी अभियान चलाने जा रही है। वर्चुअल कार्यशाला में समस्त प्रदेश पदाधिकारी , कार्यक्रमों की प्रदेश समिति के सदस्य सभी जिलाध्यक्ष , कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए जिलों में गठित जिलो की समितियों के सदस्य वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे ।

# फसलों पर रोग एवं कीटों से बचाव के लिये किसानों को दी गई जानकारियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ कार्यक्रम 2025 का आयोजन जनपद देहरादून के विकासखण्ड रायपुर के शेरखी ग्राम सभा के पंचायत भवन में भारत सरकार कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के उप सचिव, अनूप सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में कार्यक्रम किया गया। जिसमें कृषि विभाग, उद्यान विभाग एवं पशुपालन विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र ढकरानी के वैज्ञानिक उपस्थित थे।

सभी विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों को कृषि, उद्यान, पशुपालन से सम्बन्धित नवीन तकनीकी जानका.रियां उपलब्ध करायी गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डा.ऐकेघसिंह तथा डा. विजेता द्वारा कृषकों को फसलों पर रोग एवं कीटों से बचाव के लिये जानकारियां प्रदान की गयी तथा पशुपालकों को खुरपका तथा मुहंपका अफारी (गैस) तथा गाय तथा भैंस में थनेला रोग से बचाव के सम्बन्ध में जानकारियां दी गयी। इसके साथ-साथ डा. विजेता द्वारा प्राकृतिक खेती सम्बन्धी पंचगव्य जीवामृत बीजामृत के बारे में बताया गया। प्राकृतिक खेती कम लागत पर तथा लघु संसाधनों के प्रयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी।

भारत सरकार, कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय से कार्यक्रम में उपस्थित उप सचिव महोदय अनूप सिंह बिष्ट द्वारा भारत सरकार से जारी कृषकों के हित में विभिन्न केन्द्रपोषित योजनाओं यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन तथा अन्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा किसानों से संवाद किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक किसान तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कृषि विभाग से सहायक कृषि अधिकारी सोनी रावत, पूनम, विरेन्द्र नेगी, एसपी मैठानी तथा उद्यान विभाग से सहायक उद्यान अधिकारी निधि थपलियाल पशुपालन विभाग से मगन लाल उनियाल उपस्थित थे।

# उत्तराखंड के नर्सिंग कॉलेजों को मिले 26 ट्यूटर

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय नर्सिंग कॉलेजों को 26 नर्सिंग ट्यूटर्स मिल

■ चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ रावत ने कहा, कालेजों में मजबूत होगी शैक्षणिक व्यवस्था ■ अल्मोड़ा, बाजपुर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, हल्द्वानी, पिथौरागढ़ और टिहरी के नर्सिंग कॉलेज शामिल



राज्य सरकार प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता को लगातार बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संकल्प के तहत राज्य के विभिन्न राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में 26 नवनियुक्त नर्सिंग ट्यूटरों को प्रथम तैनाती दे दी है। इन ट्यूटरों की नियुक्ति से न केवल कॉलेजों में फैकल्टी की कमी दूर होगी, बल्कि शैक्षणिक गतिविधियां भी तेज होंगी। - **डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड**

गये हैं। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित इन नर्सिंग ट्यूटर्स को प्रदेश के विभिन्न नर्सिंग कालेजों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। इन ट्यूटर्स की तैनाती से नर्सिंग काले.जों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आयेगी साथ ही नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बेहरत प्रशिक्षण भी मिल सकेगा।

उत्तराखंड सरकार चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में लगातार सुधार करने में जुटी है। राज्य सरकार द्वारा मेडिकल कालेजों के साथ-साथ नर्सिंग कालेजों में सुविधाएं जुटा रही है, साथ ही मेडिकल फैकल्टी की भी नियुक्ति कर रही है। ताकि मेडिकल शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व प्रशिक्षण मिल सके। इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा नर्सिंग ट्यूटर के पदों पर चयनित 26 अभ्यर्थियों को प्रदेशभर के 8 राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रथम तैनाती दे दी है। जिनमें राजकीय नर्सिंग कॉलेज अल्मोड़ा, बाजपुर, चमोली, चम्पावत, देहरादून, हल्द्वानी, पिथौरागढ़ और टिहरी शामिल है। चयन बोर्ड द्वारा नर्सिंग ट्यूटर पड़ पर चयनित किरन को नर्सिंग कालेज अल्मोड़ा में प्रथम तैनाती दी है। इसी प्रकार स्वेता, सुरभी नेगी, राहुल राणा, ज्योति भनारी, अनुज कुमार और सुधांशु पटेल को बाजपुर, अंकित तिवारी और अभिषेक नेगी को चमोली, सौरभ कुमार, दिव्या चौहान, धीरेंद्र सिंह पंवार, रोहित सिंह, सुरिचा, मोहम्मद शहजाद, मानसी चौहान और नरेंद्र दत्त रतूड़ी को चम्पावत, एकता उपाध्याय, मानसी दबोला, अंजली डिमरी, संदीप सिंह नेगी, दिग्विजय सिंह कठैत और प्रशांत रावत को देहरादून, हेमलता को हल्द्वानी, रश्मि कन्याल को पिथौरागढ़ और जयदीप सिंह गुसाईं को राजकीय नर्सिंग कालेज टिहरी में पहली तैनाती दी गई है। विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि इन ट्यूटर्स की नियुक्ति से नर्सिंग कालेजों में शिक्षकों की कमी दूर होगी साथ ही कालेजों में शैक्षणिक गति.विधियों में तेजी आयेगी। इसके अलावा नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बेहतर चिकित्सकीय प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने सभी नवनियुक्त ट्यूटरों को बधाई देते हुए आशा जताई कि वे अपनी सेवा और समर्पण से राज्य की नर्सिंग शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

# सीएम धामी ने किया वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण



■ सराहनीय कार्य कर रही उत्तराखण्ड सरकार: रेखा गुप्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार पहुँचकर वात्सलय गंगा आश्रय का लोकार्पण किया तथा श्री कृष्ण कथा में प्रतिभाग करते हुए साधु सन्तों का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने माँ गंगा की आराधना कर समस्त प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की भी प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साध्वी ऋतम्भरा की और से जो प्रकल्प चलाए जा रहे हैं, उनके बारे में जितना कहा जाए उतना ही कम है। उनके के नेतृत्व में निराश्रित बेटियों को नव जीवन देने का जो दिव्य कार्य हो रहा है, वह समाज में आशा, करुणा और पुनर्निर्माण का सशक्त प्रतीक है। उनके संकल्प से अनेक बेटियों का जीवन सकारात्मक दिशा में परिवर्तित हुआ है। यह वास्तव में समाजसेवा की प्रेरणादायी मिसाल है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा प्रदेश में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं, यह दिल्ली के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देवभूमि है और धामी जी पूरे देश के लिए प्रेरणा हैं। इस दौरान साध्वी ऋतम्भरा, परमानन्द गिरी महाराज, आचार्य बाल कृष्ण, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महन्त रविन्द्रपुरी महाराज, महानिर्वाणी पीठ के आचार्य महामंडलेश्वर विशोखानंद, महामंडलेश्वर संतोषी माता, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद महाराज, साध्वी मैत्रीगिरी, विधायक मदन कौशिक, विधायक आदेश चौहान, विधायक प्रदीप बत्रा, मेयर किरन जेसल, जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल, उपाध्यक्ष एचआरडीए अंशुल सिंह, नगर आयुक्त नन्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी दीपेन्द्र सिंह नेगी, दर्जा राज्यमंत्री देशराज कर्णवाल, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, ओमप्रकाश जमदग्नि, शौभाराम प्रजापति सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# जल संस्थान के नए सीजीएम डीके सिंह के सामने कई चुनौतियां

**एम. फहीम 'तन्हा'**

**देहरादून( शाह टाइम्स )।** उत्तराखंड जल संस्थान इस समय ऐसे दौर से गुजर रहा है जब विभाग में ऊपर के पदों पर अधिकारियों की बेहद कमी है ए ऐसे हालात में जल संस्थान के नए सीजीएम यानि मुख्य महाप्रबंधक डीके सिंह ने चार्ज संभाल लिया है। निवर्तमान सीजीएम निलिमा गर्ग 31 मई को सेवानिवृत हो गई हैं ए नए सीजीएम डीके सिंह मुख्यालय में जीएम के पद कार्य कर रहे थे अब सीनियर मोस्ट होने के नाते उनको सीजीएम का चार्ज दिया गया है यानि वे अब उत्तराखंड जल संस्थान के सर्वेसर्वा बन गए हैं।

सबसे बड़ी चुनौती नए सीजीएम डीके सिंह के सामने यही होगी कि



■ जल संस्थान में विभागीय प्रमोशन का पेंच सबसे बड़ी चुनौती ■ पेयजल की बढ़ती मांग के अनुरूप नई योजनाओं की चुनौती भी है

### नए मुख्य महाप्रबंधक के सामने कई चुनौतियां

डीके सिंह जल संस्थान के अबतक के एकमात्र ऐसे अधिकारी हैं जो अब मुख्य महाप्रबंधक होने के साथ-साथ पूरे प्रदेश के महाप्रबंधकों का चार्ज भी संभाल रहे हैं। सीजीएम होने के साथ-साथ उनके पास महाप्रबंधक (मुख्यालय), महाप्रबंधक (टीआरएम), महाप्रबंधक (पौड़ी गढ़वाल), महाप्रबंधक (पिथौरागढ़) एवं महाप्रबंधक ( नैनीताल) का चार्ज भी है। क्योंकि इन सभी परिक्षेत्रों में जल संस्थान के अधिकारियों की लंबे समय डीपीसी ना होने के कारण इन सभी जीएम का चार्ज पिछले कुछ समय से डीके सिंह के पास ही चल रहा है। ऐसी स्थिति में उनके सामने कई चुनौतियां हैं ए क्योंकि गर्मियों का और चारधाम यात्रा का सीजन भी चल रहा है।

विभागीय ढांचे को ठीके से फंक्शन में लाने के लिए अपने हाथों को कैसे मजबूत किया जाए, यानि इन सभी महत्वपूर्ण पदों पर अधिकारियों की नियुक्ति हो, इसके रास्ते तलाशे जाने बेहद जरुरी हैं, क्योंकि अधिशासी अभियंता से अधीक्षण अभियंता के पदों पर ही अहर्यता के आधार पर प्रमोशन लंबित हैं, और अधीक्षण अभियंताओं में से ही फिर महाप्र.बंधक पद पर प्रमोशन या फिर चार्ज देने की व्यवस्था की जाएगी।

इसके साथ ही प्रदेश में पानी की योजनाओँ को समय से पूरा करने, ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिदिन पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, सहित भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नई योजनाएं बनाना भी अहम होगा। डीके सिंह ने बात करते हुए कहा है कि वे अपने विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर सभी चुनौतियों का सामना करेंगे ए उन्होंने अपनी कुछ प्राथमिकताएं गिनाई ए

**सीजीएम डीके सिंह ने गिनाई प्राथमिकताएं**

विभागीय अधिकारी ढांचे को दुरुस्त करते हुए विभिन्न खाली पदों पर अधिकारियों के प्रमोशन की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जाएगा। जहां कोई तकनीकि अड़चन है उसको नियमानुसार कैसे ठीक किया जाए उसपर काम करके अगले महीने तक पदों पर नियुक्ति की कोशिश की जाएगी। प्रदेश के सभी क्षेत्रों , विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल के संकट को कम करना प्राथमिकता रहेगी, क्योंकि संकटों का सामना आम जनता को करना पड़ता है, ये स्थिति ठीक नहीं है। दूरस्थ क्षेत्रों में भी प्रतिदिन की जरुरत का एक बार जरुर पानी मिल जाए लोगों को। कई-कई दिन में पानी मिलने की शिकायतों को समाप्त करना है।

पर्यटन उत्तराखंड में बेहतरीन तरीके से बढ़े, जहां पर्यटन क्षेत्र विक.सित हो रहे हैं वहां पानी योजना विक.सित करनी हैं, वर्तमान में जो दूरस्थ स्थानों में पानी की स्थिति है गांव वालों के लिए जो नौला धौरा से पानी ढो रहे हैं। देहरादून एवं हल्द्वानी जैसे शहरों में वाटर टेबल नीचे जा रहा है, इसको स्टेबिलिटी प्रदान करना, इनको रेनवाटर हार्वेस्टिंग के जरिए प्रोटेक्ट करना, यदि हम सौ मिलियन

# एक महीने में केदारनाथ में 200 करोड़ का कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** केदारनाथ धाम यात्रा हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। एक ओर जहां बाबा केदारनाथ के दर्शन को देश विदेश से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा नए रिकॉर्ड कायम कर रहा है वहीं स्थानीय लोगों के रोजगार को भी बढ़ती हुई यात्रा से लगातार लाभ मिल रहा है। दूसरी ओर शासन प्रशासन द्वारा यात्रा पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं से सरकार को भी भारी राजस्व प्राप्त हो रहा है। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है और इसी एक महीने में सरकारी सुविधाओं से लेकर स्थानीय व्यापारियों ने दो अरब से अधिक का

केदारनाथ धाम यात्रा उत्तराखंड की आस्था और संस्कृति की धुरी बन चुकी है। सरकार का लक्ष्य केवल तीर्थयात्रियों को सुविधाएं देना नहीं, बल्कि स्थानीय युवाओं, महिलाओं एवं व्यापारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। हम प्रयासरत हैं कि यात्रा सुरक्षित, सुगम और समृद्ध बनाने की दिशा में हर संभव कदम उठाएं... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री**

### सात लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा के दर्शन

वर्ष 2025 की यात्रा के लिए 02 मई को बाबा केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खुल गए थे। बाबा के कपाट खुले एक महीने का समय पूर्ण हो चुका है। रविवार 01 जून को बाबा के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या 07 लाख पार हो चुकी है। पिछले एक महीने का औसत निकला जाए तो प्रतिदिन 24 हजार श्रद्धालु बाबा के दर्शनों को केदारपुरी पहुंचे हैं।

कारोबार कर लिया है। वहीं जून का महीना शुरू होने के बाद से श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा भी होने लगा है, जिसका स्थानीय व्यापारियों एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को पूरा लाभ मिलेगा।

**घोड़ा -खच्चर संचालन से 40.5 करोड़ रुपए की आय**

केदारनाथ यात्रा देश की सबसे कठिन धार्मिक यात्राओं में से एक है। करीब 20 किलोमीटर का कठिन पैदल मार्ग पार करने के बाद हिमालय पर्वत की गोद में बसे 11 वें ज्योतिलिंग के दर्शन हो पाते हैं। इस कठिन पैदल धार्मिक यात्रा में घोड़ा-खच्चरों का बेहद अहम योगदान होता है। असमर्थ एवं बुजुर्ग भक्त अक्सर इन्हीं के माध्यम से यात्रा करते हैं वहीं खाद्य पदार्थ से लेकर अन्य अनिवार्य सामग्री इन्हीं घोड़े खच्चरों से यात्रा मार्ग एवं केदारपुरी में पहुंचाई जाती है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आशीष रावत ने बताया कि 31 मई तक 1,39,444 तीर्थलु घोड़े खच्चरों के माध्यम से दर्शनों को पहुंचे हैं जिसके माध्यम से 40 करोड़ 50 लाख से अधिक की आय प्राप्त हुई है।

### हेली सेवाओं ने किया 35 करोड़ रुपयों का कारोबार

हेली सेवाओं की केदारनाथ यात्रा में अपनी एक अहम भूमिका है। हेली सेवाओं के माध्यम से किसी भी हालात में पैदल यात्रा करने में असमर्थ श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन का मौका मिलता है। वहीं रेस्क्यू अभियान में हेली सेवाएं अहम किरदार निभा रही हैं। प्रत्येक दिन दो से तीन मेडिकल आपातकाल से जूझ रहे लोगों को हेली सेवाओं से ही समय पर हायर सेंटर रेस्क्यू किया जाता है। जिला पर्यटन अधिकारी एवं नोडल हेली सेवा राहुल चौबे ने बताया कि इस वर्ष आठ हेली कंपनियां नौ हेलीपैड से अपना संचालन कर रही हैं। 31 मई तक लगभग 33000 श्रद्धालु हेली सेवाओं के माध्यम से बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे हैं जिससे करीब 35 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है। चौबे ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि हेली बुकिंग के लिए आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट से ही बुकिंग की जाए।

### होटल प्रतिष्ठानों ने किया 100 करोड़ से अधिक का कारोबार

केदारनाथ यात्रा मार्ग एवं केदारपुरी में श्रद्धालुओं की ठहरने की व्यवस्था जीएमवीएन एवं स्थानीय व्यापारी करते हैं। श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग से लेकर केदारपुरी तक स्थानीय लोगों के सैकड़ों होटल, टेंट एवं रेस्तरां हैं जिनमें ठहरने एवं खाने के लिए श्रद्धालु रुकते हैं। व्यापार संघ अध्यक्ष गौरीकुंड रामचंद्र गोस्वामी ने कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा का स्वरूप हर वर्ष बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष भी ऐतिहासिक रूप से यात्रा चल रही है, अकेले गौरीकुंड में करीब 350 प्रतिष्ठान हैं जहां श्रद्धालुओं के रहने- खाने की व्यवस्था होती है।

## मालदेवता क्षेत्र में हुड़दंग मचाने वालों का राज कायम

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** थाना रायपुर को मालदेवता क्षेत्र में आए दिन वाहन सवार युवक शराब के नशे में गाड़ी की छत व खिड़की से बाहर निकाल कर हुड़दंग मचा रहे हैं। जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं पुलिस का गस्त न होने के चलते लोगों के हौसले बुलंदी छू रहे हैं। मालदेवता क्षेत्र से आए दिन हो रही वीडियो वायरल को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रीय पुलिस को आदेशित किया था कि जांच पड़ताल कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाहित की जाए जिसके चलते पुलिस ने चेकिंग के दौरान उक्त वाहन को रोककर शराब पीकर वाहन चलाने पर वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया।

# विश्व धरोहर 'फूलों की घाटी' पर्यटकों के लिए खुली

■ पहले दिन 83 पहुंचे
■ ऑनलाइन पंजीकरण की भी सुविधा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चमोली।** विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी को रविवार को पर्यटकों के लिए आधिकारिक तौर पर खोल दिया गया। सुबह सात बजे पर्यटकों का पहला दल घाटी के अंतिम पड़ाव घांघरिया से अपनी रोमांचक यात्रा के लिए रवाना हुआ। घाटी खुलने के पहले दिन कुल 83 पर्यटक यहां पहुंचे, जिनमें से 79 ने मौके पर ऑफलाइन पंजीकरण कराया,



जबकि चार पर्यटकों ने ऑनलाइन पंजीकरण की नई सुविधा का लाभ उठाया।

उत्तराखंड वन विभाग की वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने इस समाचार पत्र को बताया, ष्उत्तराखंड में फूलों की घाटी पर्यटकों के लिए हमेशा से पहली पसंद रही है। इसकी अद्वितीय प्राकृतिक सुंदरता हर साल हजारों की संख्या में देश-विदेश से पर्यटकों को आकर्षित करती है।ष उन्होंने आगे स्पष्ट किया, ष्नियमानुसार, इस विश्व धरोहर घाटी को हर साल एक जून को पर्यटकों की आवाजाही के लिए खोला जाता है और 31 अक्तूबर को शीतकाल के लिए बंद कर दिया जाता है।ष

इस वर्ष भी तय समय पर रविवार एक जून से फूलों की घाटी में आम लोगों का प्रवेश शुरू हो गया है। घाटी में ऊंची चोटियों से बर्फ पिघलने के बाद अब धीरे-धीरे विभिन्न प्रजातियों के फूलों का खिलना शुरू हो गया है, जो इस घाटी की पहचान है। इन मनमोहक दृश्यों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहाँ आते हैं।

जुलाई और अगस्त माह घाटी का श्पीक सीजनश होता है, जब यहां 350 से अधिक प्रजाति के फूल अपने पूर्ण यौवन पर खिलते हैं। पूरे सीजन के दौरान, घाटी में 500 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के फूलों को देखा जा सकता है, जो इसे जैव विविधता का एक अद्भुत केंद्र बनाते हैं।

फूलों की घाटी की वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया, ष्शीतकाल में हुई भारी बर्फबारी के कारण क्षतिग्रस्त हुए रास्तों की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही, घाटी में बहने वाले छोटे गदेरों (जलधाराओं) पर भी अस्थायी पुलिया बना ली गई हैं, ताकि पर्यटकों को आवाजाही में कोई परेशानी न हो।ष उन्होंने यह भी जोड़ा, ष्इस साल फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की नई व्यवस्था भी शुरू की गई है, जिससे उनकी यात्रा और सुगम बनेगी।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता

**काशीपुर।** घर से बिना बताए नाबालिग संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने मां की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने कोतवाली पुलिस में तहरीर सौंपकर बताया कि बीती 28 मई की शाम उसकी नाबालिग बेटी घर से लापता हो गई। आरोप लगाया कि रामनगर चिलकिया टांडा निवासी फरदीन व उसका ठाकुरद्वारा निवासी दोस्त बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए हैं। महिला ने बताया कि इससे पहले भी उसकी बेटी घर से चली गई थी। तब उसने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। उस समय बेटी ने बताया था कि फरदीन उसको अपने साथ ले गया था। महिला ने पुलिस में तहरीर सौंपकर उसकी बेटी को दोबारा बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फरदीन व उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पोस्टमार्टम हाउस में गंदगी से बुरा हाल

**काशीपुर।** पोस्टमार्टम हाउस परिसर गंदगी से बुरा हाल है। स्फाई न होने से स्थित लगातार बदहाल होती जा रही है। आसपास के लोग यहां कूड़ा डालकर गंदगी फैला रहे हैं। पिछली बरसात में पोस्टमार्टम हाउस की चहारदीवारी की एक तरफ की दीवार ढह गई थी, जबकि दो तरफ से पहले ही खुला हुआ है। पोस्टमार्टम हाउस परिसर में गोबर के कंडे बनाए जा रहे हैं। साथ ही आसपास के लोग बाहर के क्षेत्र में अपनी कार खड़ी करके पार्किंग बनाए हुए हैं। इसके अलावा पोस्टमार्टम कक्ष के बराबर खाली भूखंड में लंबे समय से झाड़ियां और घास उगी हुई है। यह समस्या काफी समय से बनी हुई है। इसके निस्तारण को लेकर अभी तक कोई ठोस कदम तक नहीं उठाया गया है। सीएमएस डॉ. राजीव कुमार गांधी ने बताया कि पोस्टमार्टम की क्षतिग्रस्त चहारदीवारी के निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कराकर उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा। गंदगी फैलाने वालों के संबंध में निगम से वार्ता की जाएगी।

### गन्ना किसानों को दी फसल की जानकारी

**काशीपुर।** कार्यालय आयुक्त गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी निलेश कुमार द्वारा बाजपुर परिक्षेत्र के ग्राम मुंडिया कला, रामपुर सकर, बाजपुर ग्राम में प्राथमिक पौधशाला निरीक्षण तथा सर्वे कार्य की जांच की गई। रामपुर सकर में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में निलेश कुमार ने बताया कि गन्ना किसान अपनी खेती की अच्छी सी तैयारी कर लें। प्रत्येक कृषक को नवीनतम तकनीक के आधार पर गन्ना की कृषि की जानी चाहिए। हमें अपनी भूमि की जांच करानी चाहिए। गोष्ठी का उद्देश्य गन्ना कृषकों को उन्नत प्रजाति की गन्ना बीज की जानकारी, गन्ने की फसल में लगने वाली बीमारियों तथा उसमें प्रयोग की जाने वाली दवाईयां तथा उनको गन्ने की वैज्ञानिक विधि से कृषि कैसे करें जिससे की प्रति हैक्टेयर उत्पादकता बढ़े इसकी जानकारी कृषकों को प्रदान करना है। वैज्ञानिकों ने गन्ने में आने वाली विभिन्न बीमारियों, उसकी रोकथाम तथा उसकी दवाइयां के बारे में भी जानकारी दी।

### छात्र संगठनों में झड़प, युवक लहुलुहान

**बागेश्वर।** शनिवार देर शाम कैंपस बागेश्वर के दो छात्र संगठन आपस में भिड़ गए। जिसमें एक छात्र को बुरी तरह मारा तथा लहूलुहान किया गया। पीड़ित छात्र ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। बता दें रविवार को कैंपस में फेयरवेल होना था, जिसे लेकर एनएसयूआई के छात्र आपस में मंथन कर रहे थे। तभी वहां पहुंचे एबीवीपी के छात्रों ने एनएसआई के छात्र 22 वर्षीय प्रेम दानू पुत्र मोहन सिंह दानू की जमकर पिटाई कर दी। जिसमें प्रेम दानू बुरी तरह घायल हो गए। घायल छात्र को उसके साथी तत्काल जिला अस्पताल लाए। वही घटना की जानकारी सोशल मीडिया में फैलते ही पुलिस भी हरकत में आई। पुलिस घटस्थल पर पहुंची। लेकिन तब तक वहां कोई नहीं मिला। इधर घटना के बाद एनएसआई छात्र संगठन ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इस घटना को सत्ता की धमक बताया है। उधर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण सहित अन्य कांग्रेस नेता भी घायल छात्र के समर्थन में आए उन्होंने पुलिस से तत्काल आरोपी छात्रों को दंडित कर जेल भेजने की मांग की है।

### जाम से निपटने पालिका उतरी मैदान में

**बागेश्वर।** नगर में आए दिन जाम की स्थिति को देखते हुए अब नगर पालिका भी मैदान में उतर गई है। पालिका ने रविवार को नगर क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर कड़ा रुख एकतियार किया। पालिका के कर्मचारियों ने व्यापारियों के लिए एक सीमा रेखा तय कर उससे बाहर दुकान का सामान न रखने की हिदायत दी है। उनका कहना है कि यदि कोई भी व्यापारी सामान बाहर रखने की कोशिश करता है तो उसका तत्काल चालान किया जाएगा।

### नियमितिकरण के लिए आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन रविवार को 331वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत रविवार को कानपुर से आए पर्यटकों राहुल चौधरी, अंजली पांडे, जेएस चौधरी, गुडिया चौधरी, शुशाम पटेल, स्तुति पटेल, शैलेंद्र चौधरी व गीता चौधरी ने पर्यटक आवास गृह परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

# क्वारब पुल के पास दरकती पहाड़ी बनी मुसीबत

## 17 घंटे थमी रही वाहनों की रफ्तार, करोड़ों का बजट खपा देने के बाद भी स्थिति जस की तस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पहाड़ से मैदान को जोड़ने वाले अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर क्वारब डेंजर जोन परेशानियों का सबब बना हुआ है। शनिवार देर शाम क्वारब के समीप एनएच का निचला हिस्सा धंस गया। इससे देर रात एनएच पर यातायात ठप पड़ गया। इधर, रविवार को भी सुबह से ही दोपहर तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। इससे एनएच के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। शाम को यातायात को सुचारु किया गया। क्वारब की दरकती पहाड़ी लंबे समय से मुसीबत का सबब बनी हुई है। अब यहां पर खतरा अब और अधिक बढ़ गया है। अब सड़क के नीचे का हिस्सा दरकने से मुसीबत और बढ़ गई है। बीते शनिवार देर रात सड़क का एक हिस्सा भरभराकर नदी में जा गिरा। इससे सड़क काफी संकरी हो गई। मजूबरन प्रशासन को एनएच से आवाजाही बंद करनी पड़ी। लोगों के लिए वैकल्पिक मार्गों खैरना-रानीखेत और शहरफाटक से आवाजाही करना एक मात्र विकल्प बच गया। इसमें लोगों को डेढ़ से दो घंटे का अतिरिक्त समय के साथ सौ रुपये ज्यादा किराया चुकाना पड़ा। इधर, रविवार को प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और पहाड़ी का एक हिस्सा काटा गया। जिसके बाद छोटे वाहनों का संचालन सुचारू किया गया। अल्मोड़ा व नैनीताल जनपद की सीमा पर स्थित क्वारब डेंजर जोन बन गया है। यहां पर सड़क का निचला हस्सा दरकने के कारण यातायात ठप हो गया है। जिस कारण प्रशासन को रूट डायवर्ट करना पड़ा है। इस दौरान वाहनों को अल्मोड़ा लमगड़ा-शहर फाटक व खैरना-रानीखेत मार्ग से भेजा गया। वहीं, हल्द्वानी से माल भाड़ा लेकर अल्मोड़ा वाले वाहन भी अतिरिक्त फेरा लगाने को मजबूर है। एनएच के जेई जगदीश पैपने ने बताया कि शनिवार देर शाम क्वारब के पास सड़क के नीचे का हिस्सा दरक गया था। जिससे मार्ग की चौड़ाई बेहद कम हो गई थी, एहतियातन रात में ही वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी। रविवार को पहाड़ी का हिस्सा काटकर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई। जिसके बाद छोटे वाहनों के लिए यातायात सुचारू किया गया।



### कंधों में सामान रख पुल पार कर रहे लोग

**अल्मोड़ा।** क्वारब पुल के समीप बना डेंजर जोन लोगों की परेशानियों का सबब बना हुआ है। करोड़ों का बजट खपा देने के बाद भी डेंजर जोन की स्थिति जस की तस बनी हुई है। डेंजर जोन में जहां पहाड़ी से बार-बार मलबा गिर रहा है, वहीं सड़क से नीचे का हिस्सा भी अब धीरे-धीरे खिसकने लगा है। रविवार शाम मोटर मार्ग बड़े व छोटे वाहनों के लिए खोला जा सका। वहीं, हल्द्वानी समेत अन्य नगरों से अल्मोड़ा आ रहे यात्रियों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ा। यात्रियों को अपने सामानों को कंधों पर रखकर पुल पार करना पड़ा। जिससे लोगों में शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### सद्भावना साईकिल रैली का आयोजन

**अल्मोड़ा।** खेल विभाग की ओर से रविवार को फिट इंडिया साइकिलिंग अभियान के तहत ओपन पुरुष व महिलाओं की सद्भावना साईकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेयर अजय वर्मा, जिला क्रीड़ाधिकारी महेशी आर्या, जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश चंद्र खत्री, फुटबॉल संघ जिलाध्यक्ष हरीश कनवाल तथा उप क्रीड़ाधिकारी अरुण बनग्याल द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली का आरसीएम मॉल में समापन हुआ। मेयर अजय वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज की भाग-दौड़ भरे जीवन में स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने आवश्यक हो गया है। ऐसे में साइकिलिंग के माध्यम से हम खुद को फीट रख सकते है। यहां डा. जेसी दुर्गापाल, जीवन प्रकाश, हरीश गोस्वामी, जीवन बोरा, मनमोहन सिंह, करिश्मा नायक, कैलाश राम आर्या, प्रेम सिंह रावत, योगेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### सोना सिलिंग में नाप भूमि के जंगल में लगी आग

**अल्मोड़ा।** दन्या के सोना सिलिंग में नाप भूमि के जंगल में रविवार दोपहर बाद अचानक आग धधक उठी। देखते ही देखते आग तेजी से फैलने लगी। सड़क मार्ग के समीप पहुंच जाने से यात्रियों में भी हड़कंप मच गया। मोटर मार्ग में वाहनों का आवगमन भी बंद हो गया। स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग लगने के सूचना जागेश्वर रेंज के वन कर्मियों की दी गई। त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। टीम ने आग बुझाना शुरु किया। करीब 01 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका। वनक्षेत्राधिकारी जागेश्वर आशुतोष जोशी ने बताया कि नाप भूमि के जंगल में आग लगने की सूचना मिली थी। वन कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई कर आग पर समय रहते काबू पा लिया।

## पुलिस लाइन में योग शिविर शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** पुलिस जवानों को शारीरिक रूप से स्वस्थ और तनावमुक्त रखने के लिए कवायद शुरू हो गई है। रविवार को पुलिस लाइन अल्मोड़ा में सात दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में जवानों को योग की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देशन में पुलिस लाइन में योग शिविर का शुरू हुआ। इस दौरान योग प्रशिक्षकों ने पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को योग आसनों वृक्षासन, ताड़ासन, तितली आसन, सूर्य नमस्कार सहित अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। साथ ही पुलिस बल को शारीरिक रुप से स्वस्थ्य और मानसिक तनाव से मुक्त रहने के लिए योग को जीवन का हिस्सा बनाने की जानकारी दी गई। यहां आयुष विभाग के डा. मुकेश कुमार, डा. प्रभा फोनिया, योग अनुदेशक डा. मंजु बोरा, प्रतिसार निरीक्षक विजय विक्रम, मोहित कुमार, एसआई आनंद बल्ल कश्मीरा, निर्मला, विवेक सिंह बिष्ट मौजूद रहे।

## दिव्यांग सहायता शिविर 20 जुलाई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** भारत विकास परिषद देवभूमि महिला शाखा द्वारा 20 जुलाई को विशेष निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आज देवभूमि महिला शाखा की अध्यक्ष डॉ. शिखा चौहान द्वारा उदयराज प्रेक्षा गृह में पत्रकारों को दी गई। उन्होंने कहा कि 20 जुलाई को प्रात: 9 बजे से नवीन मंडी पुलिस चौकी के नजदीक एक निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जरूरतमंद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग नाप लेकर उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्तियों को कृत्रिम अंग निशुल्क दिए जाएंगे, जो पूर्ण रूप से चलने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि उपकरण देने के लिए ऑनलाइन मोबाइल पर पंजीकरण करना शुरू कर दिया है।




कोई भी दिव्यांग व्यक्ति अपना पंजीकरण कर सकता है। शिविर में 100 से अधिक लोगों को कृत्रिम अंग देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति इस पुनीत कार्य में सहायता करना चाहता है तो वह व्यवस्था कर सकता है। इस दौरान शाखा की अध्यक्ष डॉ. शिखा चौहान, सचिव अनुजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, उपाध्यक्ष रेनू अग्रवाल, सहसचिव अर्चना सिंह, सेवा संयोजिका दीपिका अग्रवाल एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# वेद, पुराणों और नदी सभ्यता पर हुई विशेष चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसजे विवि के योग विज्ञान विभाग की ओर से रविवार को नंदा देवी मंदिर परिसर में योग शिविर

**नंदा देवी मंदिर परिसर में नमामि गंगे अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम व योग शिविर**

का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर पुजारी पंडित तारा चंद जोशी, सीताराम बाबा, लल्लन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर पंडित ताराचंद जोशी ने बताया वेद हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद में बताया गया है। योग शिक्षक लल्लन कुमार सिंह ने ऋग्वेद में हमारी राष्ट्रीय नदियों का वर्णन मिलता है जिसमें गंगा, यमुना, सरस्वती व सिंधु नदी की चर्चा की गई है। योग शिक्षक रजनीश जोशी ने बताया किस प्रकार योग हमें वेद पुराणों उपनिषदों की ओर ले जाता है। योग शिक्षक डा. गिरीश अधिकारी ने बताया कि ऋग्वेद की दसवें मॉडल में माता भूमि: पुत्रो हम पृथिव्या: की बात कही गई अर्थात् यहां पृथ्वी मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूं यह मंत्र हमें पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति कर्तव्य का बोध साथी हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे कार्यक्रम ने एक नई पहल करते हुए योग शिविरों के साथ-साथ आसपास स्थित मंदिरों और मठों में वेद, पुराणों और नदी सभ्यता पर विशेष चर्चा की जा रही है। इन संवादों में वेदों, पुराणों में वर्णित नदियों के महत्व, गंगा नदी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भूमिका पर चर्चा की जा रही है। योग में शोधरत स्कॉलर रोबिन हिमानी ने आयुर्वेद और योग के समन्वय को वर्तमान जीवनशैली में अत्यंत आवश्यक बताया। कार्यक्रम का आयोजन विभागाध्यक्ष डा. नवीन भट्ट की संरक्षण में चल रहा है। नंदा देवी मंदिर परिसर के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर होने चाहिए। जिससे हमारा राष्ट्र सनातन की ओर अग्रसर हो सके। वही मंदिर समिति के सदस्य अर्जुन बिष्ट ने कहा कि वेद पुराणों व योग की जो चर्चा कार्यक्रम में हुई है, इससे कार्यक्रम में आने वाले आम जनमानस को बहुत लाभ मिलेगा। संचालन रजनीश जोशी ने किया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ। आदित्य गुरुरानी, कविता खनी, अंजलि किरन, किरन बिष्ट, शालिनी बिष्ट, गीतांजलि सिजवाली, यशिका जोशी, अनंत बिष्ट, भावना उपाध्याय, मोहिता पंत, अंकित बिष्ट, गीताश्री तिवारी, मोहित खनी, अंजलि देवताला, कमलेश पाठक, सुंदर बोरा, पूजा बिष्ट, दीक्षा कांडपाल, जानकी ऐरी, पूजा बोरा, अनुराधा धामी, संगीता खनी, अजय सिंह सिराडी, काजल कांडपाल, निशा बिष्ट, नेहा आर्या, भावना बिष्ट, मीना, काजल गोस्वामी, बेबी शुक्ला, महक वर्मा, नीतू, पंकज राठौर, साक्षी भारद्वाज गीतांजलि सतवाल, योगेश पाल, नीतिका तिवारी, पूजा सैनी, तनुजा पंत, ललिता, दीपाली आदि मौजूद रहे।



### पंतनगर विवि में प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत ख्रषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक एवं एमसीए कार्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा राज्यभर में 19 केंद्रों पर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कुल 9291 आवेदकों में से 7942 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1349 अनुपस्थित रहे। उपस्थिति दर 85.48 प्रतिशत रही। एमसीए कार्यक्रम के लिए 135 में से 111 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय परिसर में 2902 अभ्यर्थी शामिल हुए। अभिभावकों के लिए बीबी सिंह ऑडिटोरियम में बैठने की व्यवस्था, जल सेवा और चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई थी। कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सफल आयोजन के लिए परीक्षा समन्वयक डा. विनोद कुमार, टीम व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर व्यापार मंडल की छवि धूमिल करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नगर व्यापार मंडल की यहां हुई बैठक में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर व्यापार मंडल की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मांग नहीं मानी तो जिले के सभी प्रतिष्ठानों को बंद किया जाएगा। इसके अलावा संगठन के प्रदेश मंत्री को बर्खास्त करने की मांग प्रमुखता से उठाई। बागनाथ मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला ने व्यापार मंडल पर अवैध वसूली का बेबुनियाद आरोप लगाया है। जबकि उत्तरायणी मेले 2023 में आए अस्थायी व्यापारियों की सदस्यता शुल्क का हिसाब 29 जनवरी 2023 को ही दे दिया था। 2024 में मेले में आए व्यापारियों को हिसाब चार फरवरी को दे दिया था। 2025 मेले में आचार संहिता के चलते किसी से भी शुल्क नहीं लिया गया। सभी व्यापारी आय-व्यय के हिसाब से संतुष्ट हैं। उन्होंने व्यापार संघ के खिलाफ बयान देने वाले पर कार्रवाई की मांग की है। यदि कार्रवाई नहीं हुई तो जिले के सभी 14 इकाइयों का समर्थन लेकर समूर्ण जिला बंद किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी बागेश्वर जिला प्रशासन की होगी। इसके अलावा संगठन के प्रदेश मंत्री हरीश सोनी पर संगठन के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्हें बर्खास्त करने की मांग की है। अध्यक्षता नगर अध्यक्ष कवि जोशी ने की। इस मौके पर महेंद्र अग्रवाल, रमेश राम, रोहित कांडपाल, मो. हसीब, सुनील पांडे, नीतेश वर्मा, अर्जुन कांडपाल, संजय चौधरी, राहुल साह, जगदीश कार्की, पुष्कर सिंह किरमोलिया आदि मौजूद रहे। इधर प्रदेश मंत्री हरीश सोनी ने बताया कि गत दिनों व्यापार मंडल ने कोतवाली में एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी लिखा था, जबकि उनकी इस पर सहमति नहीं थी। यही बात उन्होंने नगर संगठन से की। उन्होंने कोई संगठन के खिलाफ साजिश नहीं रची है आरोप बेबुनियाद हैं।

### छात्र-छात्राओं की पार्टी

**बागेश्वर।** बीड़ी पांडे कैंपस में छात्र छात्राओं द्वारा एमए चतुर्थ, बीएससी छटे बीए और एम द्वितीय सेमेस्टर की छात्र छात्राओं की पार्टी की गई। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही म्यूजिकल चेयर व अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। मुसकान व विजय ने म्यूजिकल रेस जीती। रविवार को बीडी पांडे कैम्पस में आयोजित वेलकेयर कार्यक्रम आयोजित किए गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि संसद अजय टम्टा ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से कैंपस में बेहतर माहौल बनता है। जो भी नए छात्र छात्राएं यहां पढ़ने के लिए आते है उन्हें बहुत कुछ इन कार्यक्रमों के माध्यम से सीखने को मिलता है। इस अवसर पर कमलेश गढ़िया, जगदीश नारायण, पंकज पपोला, नीरज जोशी, राहुल, नीरज खत्री, धीरज, पंजक सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# सैम मंदिर में श्रद्धा और भक्ति की बयार

## तीन दिवसीय नौत अनुष्ठान का हवन के साथ भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** नदीगांव स्थित ऐतिहासिक सैम मंदिर में श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत तीन दिवसीय नौत अनुष्ठान का समापन हवन-यज्ञ और भंडारे के साथ सादगी व उल्लासपूर्वक किया गया। इस धार्मिक आयोजन में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य रूप से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसे वेदपाठी पंडित गणेश जोशी व राजीव कांडपाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत सम्पन्न कराया गया। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने ईश्वर से गांव की समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक भजनों और कीर्तन से पूरे मंदिर परिसर को भक्तिमय बना दिया। महिलाओं की मंडली ने ढोलक और मंजीरों के साथ संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गांववासियों ने इस तरह के आयोजनों को सामाजिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बताया और भविष्य में भी ऐसे धार्मिक आयोजन निरंतर करने की इच्छा जताई। सैम मंदिर परिसर में यह अनुष्ठान गांव की परंपरा और श्रद्धा की अनुपम मिसाल बना।आयोजन के सफल संचालन में सैम मंदिर समिति के अध्यक्ष शेर सिंह मटियानी, विवेक दफौटी, योगेश राणा, कोषाध्यक्ष कंचन मटियानी, गोबिंद सिंह मटियानी, विनोद बोरा, जगदीश रावल, हरेंद्र जोशी, अमन कांडपाल, चन्द्रशेखर जोशी, पंकज कबडोला, सुनील पंत, दान सिंह, शंकर सिंह, हेम उपाध्याय, रमेश बलसुनी, नवीन बलसुनी, विजय पाल सिंह, रोहित पंत, उमेश पांडे समेत कई ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।




# उद्यमिता विकास कार्यक्रम सम्पन्न

## 40 महिलाओं ने जूट बैग निर्माण का प्रशिक्षण लिया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लालकुआं।** टाटा मोटर्स के सहयोग से निर्मला सोशल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा एक माह का उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।




यह कार्यक्रम जूट बैग निर्माण पर आधारित था, जिसमें 40 से अधिक महिलाओं ने भाग लेकर स्वरोजगार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया। समापन अवसर पर लालकुआं नगर पालिका अध्यक्ष सुरेंद्र सिह लोटनी एवं नगर निगम के अधिशासी अभियंता राहुल सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं द्वारा बनाए गए जूट उत्पादों का निरीक्षण किया और उनके प्रयासों की सराहना की। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होते हैं। हमें गर्व है कि लालकुआं की महिलाएं भी अब हुनर के दम पर खुद को सशक्त बना रही हैं। कार्यक्रम में टाटा मोटर्स यूनियन सचिव आरसी पांडेय सीनियर मैनेजर देबजीत मोदी और प्रीतम सिंह को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए नगर पालिका और टाटा मोटर्स के बीच सहयोग की सराहना की गई। संस्था के निदेशक संजीव कुमार भाटनगर ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण उपरांत इन महिलाओं को विभिन्न बाजारों और विक्रय मंचों से जोड़ा जाएगा, ताकि वे अपने उत्पादों को स्वयं बेच सकें और आर्थिक रूप से सशक्त बनें। कार्यक्रम में नगर निगम से दीपा जी और सीमा पांडेय, तथा संस्था की ओर से हेमा बिष्ट और अर्पण जैन सहित सभी प्रशिक्षकगण एवं प्रतिभागी महिलाएं उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग में भविष्य ने स्वर्ण पदक जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** द्वाराहाट के बसेरा गांव निवासी भविष्य अधिकारी ने राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। बीते दिनों महाराष्ट्र के शिवाजी विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में असाधारण प्रदर्शन से डेडलिफ्ट में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे देश में उत्तराखंड व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। भविष्य उत्तराखंड पावरलिफ्टिंग संगठन के माध्यम से भी कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। भविष्य के पिता सुनील अधिकारी डेयरी विकास विभाग में उप निदेशक और माता प्रीति अधिकारी एक शिक्षिका हैं। उसकी इस उपलब्धि पर विधायक मदन सिंह बिष्ट, जिला उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष पूर्व विधायक महेश नेगी, पुष्पेश त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख दीपक किरौला, नगर पंचायत अध्यक्ष संगीता अधिकारी, भूपेंद्र कांडपाल, दीपक पांडे, अनिल चौधरी आदि ने खुशी जताई।




# आईएमटी में ट्रैकिंग व फिटनेस प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद्र गुड़िया इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड लॉ कॉलेज के प्रांगण में आज कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय ट्रैकिंग एवं फिटनेस पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजक सचिव पवन कुमार बख्शी ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व उप निदेशक खेल एवं अंतराष्ट्रीय एथलीट् सुरेश चंद्र पांडे, कुमाऊं विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा एवं उत्तराखंड वेटलिफ्टिंग एसोसियेशन के महासचिव राजीव चौधरी एवं संस्थान की एकेडमिक काउंसिल के सदस्य डॉ. नीरज आत्रेय ने मां सरस्वती एवं संस्थान के संस्थापक स्व. सत्येंद्र चंद्र गुड़िया के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर एससी गुड़िया आईएमटी परिवार द्वारा डॉ. नागेंद्र शर्मा के योगदान को याद किया और उन्हें सम्मानित किया। इससे पूर्व अतिथियों का बुके भेंटकर एवं बैच अलंकरण कर स्वागत सत्कार किया गया। प्रतियोगिता में डीएसबी कैंपस नैनीताल, एमबीपीजी हल्द्वानी, राजकीय महाविद्यालय रुद्रपुर एवं राजकीय महाविद्यालय सितारगंज सहित कुल 4 टीमें प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता में टग ऑफ वार, 50 मी स्प्रिंट क्रिकेट बॉल थ्रो, शॉट पुट, मिनी गोल्फ, स्टैंडिंग ब्रॉड जंप एवं नी बंद सीट अप आदि खेलों आयोजन हो रहा है। इस अवसर पर हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी सुरेंद्र पाल, संस्थान के निदेशक डॉ. केवल कुमार, प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल सहित समस्त टीम मैनेजर कोच क्रमशः राजेंद्र सिंह नेगी, मनमोहन सिंह बसेड़ा, लोकेश पांडे, जया पांडे, श्वेता, भाकुनी एवं कशिश शर्मा सहित समस्त फैकल्टी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।



# सेना के सम्मान में नारे, केंद्र सरकार को कोसा

## कांग्रेस की जय हिन्द सभा: कहा- पाकिस्तान को सबक सिखाने से सेना को सरकार ने रोका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस की जय हिन्द सभा में निशाने पर भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी रहे। रामलीला मैदान में कांग्रेस के पूर्व सीएम हरीश रावत से लेकर कई बड़े नेता मौजूद रहे। सभा में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्रवाई को सलामी दी गई लेकिन साथ ही केंद्र सरकार को जमकर कोसा गया। वक्ताओं का कहना था कि सेना ने अदम्य साहस का परिचय दिया लेकिन कमजोर सरकार की वजह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीजफायर की घोषणा करी। पूर्व सीएम हरीश रावत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सेना के सम्मान के इस तरह की सभाओं का आयोजन कर रही है।






जब भी देश का प्रश्न आया कांग्रेस हमेशा देश के साथ रही। कहा कि देश की सेना ने जो पराक्रम दिखाया उसको नमन है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि लोगों में सेना के प्रति सम्मान है लेकिन जिस तरह से ट्रंप के कहने पर सीजफायर हुआ इससे देश में मोदी सरकार के प्रति लोगों में गुस्सा है और यह हमारे देश का अपमान है। हम राफेल जैसे विमान का सही इस्तेमाल इसलिए नहीं कर पाए क्योंकि हमारे पास सोर्स कोड नहीं थे। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि जय हिंद हमारे गौरव, परंपरा और देश की अखंडता का प्रतीक है। हमने कभी सेना के नाम पर राजनीति नहीं की है लेकिन भाजपा हमेशा सेना का राजनीतिकरण किया है। दिल्ली से आए कांग्रेस नेता कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि विदेश मंत्री जयशंकर प्रसाद ने कहा कि हमने पाकिस्तान को हमले के बारे में पहले ही बता दिया था। अब हमारे सीडीएस अनिल चौहान ने भी कहा है कि हमारी सेना को छह और सात मई के दौरान कुछ नुकसान हुआ है। इसका मतलब पाकिस्तान को पहले से ही हमले का पता था, जिस वजह से हमको कुछ नुकसान उठाना पड़ा। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि 1971 में अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत और पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारत को धमकाने की कोशिश की थी लेकिन भारत धमकी में नहीं आया और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिये। साल 1965 के युद्ध में भी पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समय सेना ने लाहौर में घुसकर अपनी ताकत का लोहा पूरी दुनिया को दिखाया था। उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी ने कहा कि भाजपा घर-घर सिंदूर भिजवा रही है। यह राजनीति के गिरते स्तर की निशानी है। विधायक फुरकान, काजी निजामुद्दीन, आदेश चौहान के अलावा पूर्व विधायक रणजीत रावत, संजीव आर्या ने भी सभा को संबोधित किया। सभा के दौरान बड़ी संख्या में भूतपूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। इस मौके पर उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, महानगर अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, हेमंत बगडवाल, सतीश नैनवाल, काजी निजामुद्दीन, मनोज तिवारी, गोपाल सिंह राणा, ममता राकेश, पूर्व विधाानसभा गोविंद सिंह कुंजवाल, फुरकान अहमद, आदेश चौहान, विजय सारस्वत, ललित जोशी, कर्नल पुरोहित, गोविंद बगडवाल, राजेंद्र दुर्गापाल, खजान चंद्र गुड्डू, मुशर्रफ हुसैन, नवीन जोशी, पालिकाध्यक्ष रामनगर मो. अकरम, प्रकाश जोशी, नीरज तिवारी, मदन लाल, चंदन सिंह डोबाल, पालिकाध्यक्ष नैनीताल सरस्वती खेतवाल, गोविंद सिंह बिष्ट, डा. दीपिका गुड़िया आत्रेय, संजीव आर्य, प्रेम चौधरी, संजय साह, हेमंत साहू, विनोद कुमार (पन्नू) ज्योति रौतेला, मधु सांगुड़ी, रत्ना श्रीवास्तव, विमला सांगुड़ी, खष्टी बिष्ट, पुष्पा सम्मल, राधा आर्या, शैला नेगी, सीमा भटनागर, प्रीति आर्या समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 'जोकर' बने ट्रंप के पोस्टर लहराए



**हल्द्वानी।** रामलीला मैदान में जय हिन्द सभा के दौरान कांग्रेस के नेताओं ने हाथ में लेकर ट्रंप के पोस्टर लहराए। इसमें ट्रंप को जोकर की तरह दिखाया गया और साथ ही उसके ऊपर लाल रंग से क्रॉस का निशान लगा था। विधायक सुमित ने जब सभा को संबोधित करते हुए कहा कि क्या आप ट्रंप की गुलामी करेंगे तो सभी ने कहा कि नहीं करेंगे। वक्ताओं ने यह भी कहा कि भारत और पाक के मध्य हुआ युद्ध आतंकवाद को लेकर था लेकिन अमेरिका ने इसे कश्मीर का मुद्दा बना दिया और साथ ही कहा कि वह कश्मीर को लेकर भारत और पाक के मध्य मध्यस्तता भी करेंगे। यह हमारी विदेश नीति की हार है।

### 'जय हिंद रैली' में मुस्लिम समाज की गूंज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस की ओर से आयोजित जय हिंद रैली/जनसभा में रविवार को मुस्लिम समाज की बड़ी भागीदारी देखने को मिली। बनभूलपुरा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस समर्थकों ने रैली में शिरकत की और हाथों में सेना के समर्थन में तख्तियां लेकर देशभक्ति के नारों से माहौल को जोशीला कर दिया। रामलीला मैदान में हुई इस भव्य सभा में जैसे-जैसे मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए, जनसैलाब तेजी से बढ़ता गया। जय हिंद, भारत माता की जय और सेना जिंदाबाद जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। रैली में शरीक होने वालों में कांग्रेस नेता शराफत खान, सुहेल सिद्दीकी, हसनैन खतीबी, तस्लीम अंसारी, शादाब अंसारी, हुबीबुर्रहमान, जाकिर हुसैन और तस्लीम सैफी समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे। नेताओं ने कहा कि यह रैली सिर्फ एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि भारतीय सेना के पराक्रम और शहादत को सलाम करने का प्रतीक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा और एकता के लिए हर वर्ग एकजुट है और हर कुर्बानी देने को तैयार है।

### मंच पर अनुशासन तार-तार करते रहे कार्यकर्ता

**हल्द्वानी।** कांग्रेस को प्रोग्राम कोई भी हो वहां पर अनुशासन तार-तार हमेशा देखने को मिलता है। भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित रैली के दौरान रामलीला मैदान में एक बार फिर से यही नज़ारा देखने को मिला। मंच पर बड़े नेता कहां बैठे हैं और कौन सम्बोधन तथा कौन संचालन कर रहा है मैदान में बैठी पब्लिक को यह पता ही नहीं चल रहा था क्योंकि चेहरे दिखाने की होड़ में कांग्रेस के तमाम छोटे-बड़े नेता मंच पर अड़ रहे। बड़े नेताओं को पीठ करके छोटे नेता व कार्यकर्ता अपने चेहरे दिखाने की होड़ में अनुशासन को लगातार तार-तार करते दिखाई दिए। अपने-अपने नेता के समर्थन में नारेबाज़ी से भी समर्थक बाज़ नहीं आए। बात सेना के सम्मान की थी लेकिन समर्थक और चेले-चपाटे अपने-अपने नेताओं की जय-जयकार में लगे रहे। मंच के आसपास के गदर का आलम यह था कि न तो मीडिया कर्मियों को सही से कवरेज करने दी गयी और न ही उन पूर्व सैनिकों को सामने आने का मौका मिला जिनके लिए विशेष तौर पर अलग से बैठने का इंतज़ाम किया गया था।

# कांग्रेस की 'जय हिंद सभा' पर बीजेपी का तीखा हमला

## कांग्रेस की आदत पड़ गयी है सेना का अपमान करना: भगत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस द्वारा आयोजित की गई जय हिंद सभा पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखा राजनीतिक हमला करते हुए इसे भारतीय सेना के सम्मान के नाम पर की गई एक राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। विधायक बंशीधर भगत ने कांग्रेस पर सेना के पराक्रम का बार-बार अपमान करने और दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया है।



वह यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। विधायक भगत ने कहा कि यह वही कांग्रेस है जिसने 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक और 2019 के बालाकोट एयरस्ट्राइक के सबूत मांगकर सेना के शौर्य पर सवाल उठाए थे। अब वही पार्टी ऑपरेशन सिंदूर के नाम पर सेना के सम्मान का दिखावा कर रही है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमानों का नींबू-मिर्च लटकाकर मजाक उड़ाया था, जो सेना और उसके बलिदान का अपमान है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे सैन्यधाम में, जहां हर घर से एक सैनिक देश की सेवा में है, कांग्रेस द्वारा इस तरह का दिखावटी आयोजन उन वीर शहीदों की विधवाओं का भी अपमान है, जिनका सिंदूर आतंकियों ने छीना। भगत ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि राहुल गांधी और उनके नेताओं ने ऑपरेशन सिंदूर को छोटी जंग बताकर सैनिकों के शौर्य को कमतर दिखाने की कोशिश की। साथ ही उन्होंने यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस शासनकाल में राफेल सौदे में कथित भ्रष्टाचार के चलते भारतीय वायुसेना को एक भी विमान नहीं मिला और स्क्वाड्रन की संख्या 42 से घटकर 33 रह गई थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने राफेल विमान प्राप्त किए और ऑपरेशन सिंदूर में उनका प्रभावी उपयोग कर 23 मिनट में 9 आतंकी ठिकानों को नष्ट कर दुनिया को भारत की सैन्य ताकत दिखाई।

# कांग्रेस की जय हिंद रैली राजनीतिक नौटंकी: डा. डब्बू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल डब्बू ने कांग्रेस की हल्द्वानी में निकाली गई 'जय हिंद रैली' को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के साहसिक पराक्रम पर सबूत मांगने वाले कांग्रेस नेता अब पश्चाताप स्वरूप ऐसी रैलियां निकाल रहे हैं, लेकिन जनता उनकी मंशा और इतिहास दोनों को भलीभांति पहचानती है। डा. डब्बू ने कहा कि भारतीय सेना पर पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई के सबूत मांगने वाली कांग्रेस पार्टी अब सेना के समर्थन का दिखावा कर रही है, जबकि उनका अतीत सेना के मनोबल को गिराने वाले बयानों से भरा पड़ा है। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत पर निशाना साधते हुए डा. डब्बू ने कहा कि उनकी सरकार भ्रष्टाचार के लिए बदनाम रही है।



उन्होंने आरोप लगाया कि हरीश रावत स्वयं हवाई अड्ढे पर जितना लूट सकते हो, लूट लो जैसे बयान देते कैमरे में पकड़े गए, जिसकी सीबीआई जांच आज भी चल रही है। जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सशक्त भू-कानून, नकल विरोधी अध्यादेश, भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार और रोजगार नीति जैसे ऐतिहासिक फैसलों के जरिए प्रगति की राह पर है। उन्होंने कांग्रेस के स्थानीय कार्यक्रमों को 'फ्लॉप शो' बताया।

# गधेरे में डूबने से युवक की मौत

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र में दोस्तों के साथ नहाने गया हल्द्वानी निवासी एक युवक पानी के गदेरे में डूब गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने देर रात सर्च ऑपरेशन चलाकर युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान 21 वर्षीय जीवन रावत पुत्र तेज सिंह रावत, निवासी बच्चीनगर, हल्द्वानी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, रविवार देर शाम जीवन रावत अपने दोस्तों के साथ मौज-मस्ती के लिए ज्योलीकोट क्षेत्र में स्थित एक तालाब (गधेरा) में गया था। नहाते समय वह अचानक पानी में डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस चौकी ज्योलीकोट के माध्यम से एसडीआरएफ को सूचित किया गया। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक मनोज रावत के नेतृत्व में एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके के लिए रवाना हुई। यह हादसा हल्द्वानी-नैनीताल रोड स्थित ज्योलीकोट से लगभग दो से तीन किलोमीटर नीचे एक तालाब में हुआ था। टीम ने विषम परिस्थितियों के बावजूद सर्च ऑपरेशन शुरू किया और कड़ी मशक्कत के बाद युवक का शव बरामद किया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस हादसे के समय साथ मौजूद दोस्तों से भी पूछताछ कर रही है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### युवक से मारपीट का आरोप

**हल्द्वानी।** एक व्यक्ति ने युवक पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में न्यू मंडी हाउस शुभम तेजवानी ने पुलिस को बताया कि उनका गौरव मेंहदी रत्ता से विवाद चल रहा है, जिस पर उन्होंने अप्रैल में मुकदमा दर्ज कराया था। अप्रैल में उन्होंने एक और शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। आरोप है कि 29 मई को गौरव ने उन्हें कई कॉल की। फोन नहीं उठाया तो अपने दोस्त के नंबर से फोन किया और मिलने की जिद्द करने लगा। फिर गाड़ी का पीछा करके घर तक पहुंच गया। देर रात घर के बाहर मौजूद मेंहदी मुकदमा वापस लेने के लिए धमकाने लगा। गाली-गलौज की और जब शुभम ने समझाने का प्रयास किया तो हमला कर दिया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# गंगा दशहरा पर्व 5 जून को

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में यहां कुसुमखेड़ा स्थित श्री सतपाल महाराज आश्रम में सत्संग एवं साधना शिविर का आयोजन किया गया इस दौरान 5 जून को गंगा दशहरा पर्व धूमधाम से मनाए जाने का भी निर्णय लिया गया। महात्मा मर्यादा बाईजी एवं साध्वी सुमन बहन ने उपस्थित श्रद्धालु प्रेमी जनों को सत्संग की महिमा से सराबोर किया महात्मा मर्यादा बाईजी ने कहा कि सत्संग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना चाहिए क्योंकि सत्संग के जीवन में आने से व्यक्ति को सुख समृद्धि शांति एवं संतोष की प्राप्ति होती है और जब यह चीज व्यक्ति के जीवन में आ जाती है तो उसे परम आनंद की अनुभूति होती है और वह परमपिता परमात्मा के उस स्वरूप को जान लेता है। इस अवसर पर 5 जून को गंगा दशहरा पर्व मनाया जाने का भी निर्णय लिया गया सभी श्रद्धालुओं से आह्वान कर कहा गया की 5 जून को 10 बजे सतपाल महाराज आश्रम में उपस्थित रहेंगे तदुपरांत श्रद्धालुओं का जत्था शोभा यात्रा के माध्यम से कार्यक्रम स्थल तक जाएगा और राहगीरों को शरवत वितरण किया जाएगा इस अवसर पर सुमन, ज्वाला दत्त पाठक, प्रेमचंद जोशी, कुंवर सिंह रौतेला, राधे राम आर्य, किशन चंद्र उप्रेती, त्रिलोक चंद्र जोशी, प्रेमलता बिष्ट, जया नयाल, रामेश्वरी, दिव्या आदि मौजूद रहे।



# पैसे वापस मांगे तो रास्ते से हटा दिया

## तरुण हत्याकांड की हकीकत से पुलिस ने उठाया पर्दा, पति-पत्नी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में हुए चर्चित तरुण सिंह रावत हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी दंपती को उस समय गिरफ्तार किया जब वह पुलिस से बचने के लिए दोनों गौला के जंगल में दुबके पड़े थे। पुलिस पूछताछ में गीता ने सच उगला और बताया कि अपनी माली हालत को दुरुस्त करने के लिए उसने तरुण को अपने प्यार के जाल में फंसाया था, लेकिन उसका सच तरुण के सामने खुल गया। तरुण, गीता पर खर्च किए रुपए वापस मांगने शुरु किए तो गीता ने अपने पति के साथ मिलकर तरुण की हत्या का षड्यंत्र रच डाला। पुलिस ने दंपति के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि बीते 31 मई को गली नंबर तीन राजपुरा राजेंद्रनगर वार्ड 12 निवासी राधेश्याम रावत पुत्र स्व. भोज राज सिंह रावत ने बनभूलपुरा पुलिस को तहरीर सौंपी थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके बेटे तरुण सिंह रावत को गीता साहू पत्नी अनिल साहू निवासी गौजाजाली उत्तर पुरानी आईटीआई बरेली रोड ने धोखे से अपने घर बुलाकर हत्या कर दी थी। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों दंपति को पुलिस ने आंवला गेट चौकी से पहले इन्द्रानगर के बीच में गौला जंगल के अन्दर से गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने पुलिस टीम को ढाई हजार रुपए इनाम की घोषणा की है। पुलिस टीम में बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी, एसआई सुशील जोशी, एसआई नीरज चौहान, एसआई मनोज यादव, कांस्टेबल भूपेन्द्र ज्येष्ठा, हरीश रावत व सोनिया रानी हैं।



# जीएनजी ने वेंडी अकादमी को हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में चल रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग के अंतर्गत रविवार को जीएनजी क्रिकेट एरिना में खेले गए मुकाबले में जीएनजी क्रिकेट टीम ने वेंडी क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराकर पूरे अंक अर्जित किए। वेंडी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हालांकि टीम 44वें ओवर में 123 रन पर ऑल आउट हो गई। वेंडी की ओर से देवांश बिष्ट ने सर्वाधिक 42 रन और कृष क्वीरा ने 10 रन बनाए। जीएनजी के गेंदबाज वैभव नेगी और हर्षित पडियार ने तीन-तीन विकेट, जबकि देव सिंह बिष्ट ने दो विकेट झटके। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीएनजी की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 18वें ओवर में ही 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए निर्वाण उपाध्याय ने 40 रन, शाश्वत सिंह ने 25 रन और हर्षित पडियार ने 24 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मैच में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जीएनजी के देव सिंह बिष्ट को मैन ऑफ-द मैच चुना गया। मैच में विनय जोशी और हिमांशु चतुर्वेदी ने अंपायर की भूमिका में रहे जबकि नीरज पनेरू ने स्कोरिंग की जिम्मेदारी निभाई। जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को तीन मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी और एसआरएस के बीच होगा। दूसरा मैच एमएस क्रिकेट ग्राउंड में वेंडी क्रिकेट अकादमी और काठगोदाम क्रिकेट अकादमी के बीच तथा तीसरा मुकाबला एचसीसी और कुमाऊं क्रिकेट अकादमी के बीच खेला जाएगा।



### ससुरालियों पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** दहेजलोभी ससुरालियों के खिलाफ एक महिला ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार गौजाजाली निवासी रानी गुप्ता ने अपने पति भीम गुप्ता पुत्र अच्छे लाल गुप्ता सिउरी अमहट उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पिछले वर्ष मार्च में भीम की उनसे शादी हुई थी। आरोप है कि शादी के एक माह बाद ही उन्हें पति के प्रेम संबंध की जानकारी मिली। पूछने पर पति ने पीटा और उनका गर्भपात हो गया। पति माफी मांग कर मायके से पत्नी को ले गया, लेकिन फिर उस पर अत्याचार किए जाने लगे। वह पुनरू गर्भवती हुई और उसे फिर से मारपीट की गई। महिला का आरोप है कि अब पति और ससुराली उसका बच्चा छीन लेने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस के महिला की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# सिंथिया स्कूल में समर कैंप का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से सात दिवसीय खेल समर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कक्षा 2 से 8 तक के लगभग 300 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर खेलों के साथ-साथ रचनात्मक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। समर कैंप के दौरान योगा, फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन और वॉलीबॉल जैसे खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रुचि और प्रतिभा के अनुरूप भाग लिया। इसके अलावा विद्यार्थियों को मनोरंजन और जीवन कौशल विकास से संबंधित गतिविधियों में भी शामिल किया गया, जिससे उनके आत्मविश्वास और सामूहिक कार्य क्षमताओं में वृद्धि हो सके। विद्यार्थियों ने भी इस कैंप को उत्साहवर्धक और प्रेरणादायक बताया। समर कैंप के समापन अवसर पर एक समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र रौतेला ने कहा कि इस प्रकार के समर कैंप विद्यार्थियों में सहयोग की भावना, खेल भावना, जीवन कौशल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। खेल प्रभारी सुंदर सिंह कपकोटी ने समर कैंप को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कात्यायन रौतेला, दीपक जोशी, पूनम बिष्ट, लीला रावत, तनूजा, मोहन जोशी, महेश चंद्र जोशी और पुष्कर सिंह सहित स्कूल के शिक्षक व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**बच्चों ने सीखे खेल भावना और जीवन कौशल के गुर**



# हल्द्वानी और मुखानी क्षेत्र की चोरी-लूट का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते दिनों शहर के मुखानी व हल्द्वानी क्षेत्र में हुई चोरी, नकबजनी, चौन स्नेचिंग और लूट की घटनाओं में शामिल पांच शातिरों को मुखानी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटी गई चेन, मोबाइल व बाइक सहित लाखों के जेवरात भी बरामद कर लिए। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से पांचों आरोपियों को जेल भेज दिया। एसएसपी पीएन मीणा ने गुडवर्क करने वाली टीम को ढाई हजार रुपए का नगद इनाम देने की घोषणा की है।

**पांच शातिर गिरफ्तार, लाखों के जेवर और वाहन बरामद**



रविवार को बहुउद्देशीय भवन में लूट की घटनाओं का खुलासा करते हुए एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि हल्द्वानी क्षेत्र में बीते 27 मई को रामलीला ग्राउंड के पास से मोटर साइकिल चोरी की गई थी। जबकि बीते 28 मई को सीएमटी कॉलोनी टीपीनगर में एक महिला की चेन लूट ली थी। 30 मई मुखानी थानाक्षेत्र के रूपनगर चौराहे के पास से व्यक्ति का मोबाइल, व 28 मई को मुखानी थानाक्षेत्र में मोबाइल लूट की घटना हुई थी। मुखानी में ही एक और चेन स्नेचिंग की घटना हुई थी। इसी तरह 12 मई को बजवालपुर टीपीनगर में स्थित घर से चोरी, 20 अप्रैल को भरतपुर कमलुवागांजा में स्थित घर से चोरी, 8 मई को दिवान विहार कठघरिया में एक घर से चोरी और 2 मार्च को गीतांजली लेन, हिम्मतपुर मल्ला में स्थित एक घर में शातिरों ने चोरी की थी। लगातार हो रही घटनाओं को लेकर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। इस दौरान पुलिस ने इन मामलों में पुलिस ने मो. उमेर पुत्र मो. यामीन निवासी गौजाजाली उत्तर उजाला हिमालयन स्कूल के पास हाल पता ग्राम रिक्षा थाना देवरनिया जिला बरेली को भाखड़ा पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। जबकि अन्य में अशरफ पुत्र लतीफ अहमद निवासी इस्लामनगर नई बस्ती खटीमा उधमसिंह नगर, अकील अहमद पुत्र मुन्ने निवासी इस्लामनगर थाना खटीमा उधमसिंह नगर, भानु प्रताप पुत्र लेखराज निवासी ग्राम रसूलपुर थाना शीशगढ़ बहेड़ी बरेली और धर्मेंद्र पुत्र रामलाल निवासी राईनाबाद पोस्ट बहेड़ी थाना बहेड़ी बरेली को गिरफ्तार किया गया है। जबकि मुखानी और कोतवाली क्षेत्र से चोरी हुई दो मोटर साइकिलों के मामलों में दो बाल अपचारियों को पकड़ा गया है। गुडवर्क करने वाली टीम में कोतवाल राजेश यादव, मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी, एसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई वीरेंद्र बिष्ट, एसआई फिरोज आलम, एसआई कृपाल सिंह, मनोज कुमार, गगनदीप सिंह, मनोज अधिकारी, हरजीत सिंह, रजनी आर्य, हेड कांस्टेबल इसरार नबी, प्रेम सिंह, कांस्टेबल तारा राणा, अनिल टम्टा, ललित नाथ, अनूप तिवारी, बलवंत सिंह, रोहित कुमार, धीरज सिंह सुगडा, गोपाल दत्त, अनिल गिरी व दिनेश नगरकोटी थे।

# गौला पुल के एप्रोच रोड के कार्य का अजय भट्ट ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद अजय भट्ट ने रविवार को गौलापुल की एप्रोच रोड और गौला पुल सहित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम के सुरक्षात्मक कार्य का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। भट्ट ने बताया कि लगभग एक अरब रुपए से सरकार सुरक्षात्मक कार्य कर रही है। ऐसे में उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य और बरसात से पहले बचाव संबंधित सभी कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा सचिव मुख्यमंत्री व कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत को सभी विभागों के अधिकारियों के साथ कोअरॉर्डिनेशन बैठक करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि पिछले वर्ष बरसात में आई आपदा से काफ़ी नुकसान हुआ था। गौलापुल को जोड़ने वाली एप्रोच रोड का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सांसद ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि बरसात में नुकसान ना हो इसलिए बड़े-बड़े बोल्डरों को प्रभावित इलाके के किनारे लगाया जाए। ताकि बरसात में पानी के वेग को कमजोर किया जा सके। इसके अलावा रेलवे की तरु से हो रहे सुरक्षात्मक कार्य पर भी भट्ट ने संतोष जताया। उन्होंने एनएचएआई द्वारा गौलापुल के लिए किया जा रहे सुरक्षात्मक कार्य का निरीक्षण किया। सांसद ने कहा, सरकार ने बजट में कोई कमी नहीं की है, ऐसे में गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा कार्य किए जाने बेहद आवश्यक है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## ऑनलाइन भुगतान के नाम पर दिया धोखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** यूपी के रामपुर गांव शिकारपुर निवासी लल्लू सिंह ने दोराहा चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी दोराहा चौक पर कॉस्मेटिक की दुकान है। 28 मई को उसकी दुकान पर बाइक सवार एक युवक आया। उसने शादी के लिए नोटों का हार खरीदा। हार कीमत आठ हजार पांच सौ रुपये बताई है। युवक ने ऑनलाइन भुगतान करने की बात कही। इसके बाद कुछ देर में ही युवक दुकान से भाग गया। दुकान मालिक ने मोबाइल चेक किया लेकिन कोई धनराशि नहीं प्राप्त हुई। दोराहा चौकी पुलिस ने जांच कर पीड़ित को कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

## सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल के निर्देश पर नगर के भाजपा संगठन ने प्रदेश राज्य मंत्री कैलाश पंत के नेतृत्व में देश के वीर सपूतों/सेना के शौर्य व सम्मान में तिरंगा यात्रा रैली निकाली, जिसमें बड़ी संख्या में पुरुषों और महिलाओं ने शामिल होकर तिरंगा यात्रा को सफल बनाया।

जिलाध्यक्ष मनोज पाल के बुलावे पर उत्तराखंड प्रदेश के युवा राज्य मंत्री कैलाश पंत ने रैली में पहुंचकर तिरंगा यात्रा का शुभारंभ किया। तिरंगा यात्रा सुभाष चौक से शुरू होकर मेन मार्केट, सब्जी मंडी, अब्दुल बारी चौक आदि स्थानों से होकर वापस सुभाष चौक पर पहुंची, जहां पर जिलाध्यक्ष मनोज पाल और राज्य मंत्री कैलाश पत्नी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया। उसके पश्चात भाजपा कार्यकताओं, पदाधिकीरयों ने भी भारत मां और देश के वीर जवानों की उदघोष के नारे लगाए। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि हमारे देश की सेना की सेवा व सम्मान/उत्साहवर्धन के लिए इस तरह की तिरंगा यात्राएं ग्राम इकाइयों से लेकर नगर छोटी बड़ी सभी जगह पर निक. ली जाएंगी, इसके लिए सबसे पहले नगर कार्यकारिणी द्वारा इसकी पहल की गई है। कैलाश पंत ने बताया कि हमारे भारत मां की भारतीय सेना की एक बेटी सोफिया कुरैशी ने सेना की कमान संभाल कर आतंकवादियों और कायर पाकिस्तान के कुछ पल में ही छक्के छुड़ा दिए और पाकिस्तान को संदेश दिया कि तुम जैसे कायरों के लिए भारत मां की एक बेटी ही काफी है। तिरंगा सम्मान समारोह में नगर अध्यक्ष राजकुमार, विशाल कश्यप, डॉक्टर सुदेश चौहान, विनीत चौहान, सुरेंद्र सिंह, डॉक्टर एमपी सिंह, अशोक खन्ना, खड़क सिंह, भाजपा नेत्री उमा, शीला समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कालोनी वासियों का बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन

- प्रिसटीन रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के 90 परिवारों ने बुनियादी सुविधाओं के लिए उठाई आवाज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** शिमला पिस्तौर स्थित प्रिसटीन रेजिडेंशियल वेलफेयर सोसाइटी के बैनर तले आज सोमवार को सैम टेक्नोबिल्ड के बिल्डर सतीश महाजन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। यह प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष पीएन सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जो कि बिल्डर द्वारा सोसाइटी के हैंडओवर और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में वर्षों से की जा रही लापरवाही के विरोध में था।

समिति के अध्यक्ष पीएन सिंह ने बताया कि बीते चार वर्षों में बिल्डर से संवाद और पत्राचार के कई प्रयास किए गए, लेकिन हर बार उन्हें निराशा ही हाथ लगी और कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला। वर्तमान में सोसाइटी की हालत बेहद चिंताजनक है। लिफ्टें जर्जर स्थिति में हैं, सीवर टैंक की कोई उचित निक. ासी व्यवस्था नहीं है और गंदा पानी सीधे टावर की नींव में जा रहा है, जिससे इमारत की संरचना को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। इसके अलावा, लिफ्ट शाफ्ट्स में भी सीवर का पानी भर रहा है, जिससे दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। फायर सेफ्टी सिस्टम पूरी तरह निष्क्रिय और जर्जर हालत में है और उसका टैंक भी क्षतिग्रस्त स्थिति में है। सबसे चिंता. जनक बात यह है कि सोसाइटी में बिजली के तार खुले में बिछे हुए हैं, जिससे कभी भी जानलेवा करंट लग सकता है, खासकर छोटे बच्चों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक है।

हालांकि समिति ने बिजली और अग्निशमन विभागों को इस गंभीर स्थिति की जानकारी पहले ही दे दी थी, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। इससे निवासियों में भारी नाराजगी है। विरोध प्रदर्शन में समिति संरक्षक रविंद्र सिंह बिष्ट, सचिव राकेश फौजदार, कोषाध्यक्ष अंकित अग्रवाल, सत्यवीर सिंह, अशोक अवस्थी, प्रियंक भट्ट, राहुल देव सिंह, पंकज अग्रवाल, डा. दीपाक्षी जोशी, हेमा बिष्ट सहित लगभग 90 परिवारों के सदस्य शामिल हुए।

सभी ने एकजुट होकर बिल्डर के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और यह संकल्प लिया कि जब तक सोसाइटी को पूरी तरह से हैंडओवर नहीं किया जाता और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जातीं, तब तक यह विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

### निवासियों की मुख्य मांगे

- सोसाइटी का शीघ्र और विधिवत हैंडओवर।
- लिफ्ट, सीवर, ड्रेनेज और बिजली व्यवस्था की मरम्मत।
- फायर सेफ्टी सिस्टम को चालू करना।
- खुले बिजली के तारों को सुरक्षित करना।

## एक नजर

### वेदशक्ति पब्लिक स्कूल में समर कैंप का रंगारंग समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वेदशक्ति पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर में आयोजित पांच दिवसीय समर कैंप का समापन रंगारंग कार्यक्रमों के साथ हुआ। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों के रचनात्मक विकास के साथ-साथ उन्हें विभिन्न सह-पाठ्यक्रम गति. विधियों से जोड़ना था।

इस दौरान बच्चों ने डांस, म्यूजिक, आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा, फायरलेस कुकिंग और स्केचिंग जैसी रोचक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। छात्रों ने सभी गति. विधियों में शानदार प्रदर्शन किया। कैंप के समापन अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या निर्मल ज्योति नारंग ने बच्चों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा ऐसे कैंप बच्चों को न केवल सीखने का अवसर देते हैं, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ाते हैं। अंत में छात्रों द्वारा प्रस्तुत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। स्कूल प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे कैंप नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।

### ख्वाजा-गरीब-नवाज का खटीमा मे 64 वीं वार उर्स मनाया जा रहा है



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीम।** बड़ी शानो-शौकत के साथ पुरानी तहसील रोड खटीमा मे हजरत ख्वाजा गरीब नवाज का 64 वां उर्स का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे कव्वाल डीवीडी सिंगर ताहिर चिश्ती बरेली से और साजिद साजन घुंघरू वाले बिजनौर से तशरीफ ला रहे हैं। दो जून को रात्रि 9:30 से शानदार मिलादेपाक, तीन की रात्रि 9:30 से शानदार कव्वालियों तथा चार जून की सुबह 07 बजे कुल शरीफ व पूर्वाह्न 11:00 से लंगर का आयोजन किया जाएगा। वहीं ख्वाजा कमेटी के सदस्य जाकिर हुसैन सकलैनी चिश्ती ने क्षेत्र की समस्त जनता से महफिल में रौनक बढ़ाने की अपील की है। इंतजामिया कमेटी में जाकिर हुसैन, सकलैनी चिश्ती, शमशुल हसन, मोहसिन बेग, जिशान उबैसी, गुड्डू खां, वसीम रिजवी, शफीक रंगरेज, अनबर रंगरेज, शकील अंसारी, अजहर सिद्दीकी, शब्बू सिद्दीकी, सलीम अहमद तथा अनबर फरीदी आदि शामिल हैं।

### जीडी जोशी बने लायंस क्लब के जोनल तथा बसंत रीजनल चेयरमैन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लायंस क्लब के मंडलाधीश रामचन्द्र मिश्रा द्वारा लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष जीडी जोशी को जोनल चेयरमैन तथा बसंत बल्लभ जोशी को रीजनल चेयरमैन चुना गया। मंडलाधीश मिश्रा ने दोनों के कार्यकाल की सराहना की तथा सौंपे गए दायित्व का बखूबी निर्वहन करने की अपेक्षा की है। वहीं लायंस क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त दोनों पदाधिकारीयों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### ब्यूटीशियन प्रशिक्षण का समापन बीस महिलाओं ने लिया प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** खादी ग्रामोद्योग द्वारा एक माह का ब्यूटीशियन प्रशिक्षण पंखुड़ी थारू संस्कृति समिति के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें 20 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। खादी ग्रामोद्योग द्वारा हरीश की उपस्थिति में पंखुड़ी संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह खड़का, सचिव पूजा खड़का, मास्टर ट्रेनर ने समापन कार्यक्रम में 20 महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। कार्यक्रम महिलाओं को जोड़कर रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर किया जा रहा है। इस मौके पर सपना खड़का, पूनम, रेखा, मोहन सिंह थापा, काजल, ज्योति, मधुराना, नैन्सी आदि उपस्थित थे।

### पत्रकार प्रेस परिषद ने पत्रकारों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) के द्वारा नगर निगम सभागार में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) से जुड़े पत्रकार व शहर के तमाम पत्राकारों ने शिक. रत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में युनिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्या कुन्दन सिंह राठौर व विशिष्ट अतिथि पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष आशेक गुलाटी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह में पत्रकारिता क्षेत्रा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) के रुद्रपुर के महानगर अध्यक्ष अमन सिंह ने किया। इस अवसर पर पत्रकार प्रेस परिषद (भारत) के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र राठौर, महामंत्री महेन्द्र पोपली, जिला उपाध्यक्ष बरित सिंह, रुद्रपुर महानगर अध्यक्ष अमन सिंह, नगर उपाध्यक्ष विनोद आर्य, नगर सगंठन मंत्री मनीष, मीडिया प्रभारी विशाल मेहरा, नागेन्द्र सिंह सहित वरिष्ठ पत्रकार कमल श्रीवास्तव, ललित शर्मा, आकाश अहुजा, भूपेश छिमवाल, वीरेंद्र कुमार आर्य, शिवम दास, शाहीद खान, सुरेन्द्र शर्मा, चन्द्रसेन गंगवर, राजकुमार शर्मा, सत्यजीत, विजय गुप्ता, दिनेश चौधरी, अंकुर चुघ, अर्जुन कुमार, रवि, जमील अहमद, रामबाबू, वरिष्ठ अधिवक्ता एपी आजाद आदि मौजूद थे।



## अक्षय और मान्या की दौड़ी सबसे तेज साइकिल

### विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह पर हुई साइकिल रेस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस सप्ताह के अंतर्गत जिला खेल कार्यालय के अधीन स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार सुबह सात बजे से जनपद स्तरीय ओपन बालक, बालिका साइ. कन रेस का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय साइकिल रेस का शुभारंभ जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की, सहायक अभियंता सिचाई विशाल प्रसाद, डा. तनसीर आलम खान जिला जीआईएस एक्सपर्ट द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अक्षय कन्याल और बालिका वर्ग में मान्या शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका/ बालक वर्ग में कुल 60 खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जिसमें 6 - 6 स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को जिला क्रीड़ा अधिकारी, सहायक अभियंता द्वारा पुरस्कृत किया गया।

इस मौके पर पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, सारा का भी प्रचार प्रसार किया गया। इस अवसर पर खेल विभाग कर्मचारी एवं खेल प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## बीच सड़क पर भिड़ीं दो महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** डीडी चौक पर शनिवार देर रात दो महिलाएं आपस में भिड़ गईं। इस दौरान दोनों में जमकर मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि एक महिला को शक था कि उसके पति से दूसरी महिला के प्रेम संबंध हैं।

हालांकि पुलिस के मौके पर पहु. चने से पहले दोनों महिलाएं जा चुकी थीं। जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे डीडी चौक पर दो महिलाओं के बीच विवाद हो गया। पहले तो दोनों के बीच बहस हुई और देखते ही देखते दोनों में मारपीट शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि एक युवक की पत्नी प्रेम प्रसंग का शक जताते हुए दूसरी महिला से भिड़ी थी। वहीं बाजार चौकी प्रभारी जितेन्द खत्री ने बताया कि मौके पर बाजार चौकी पुलिस पहुंची थी, लेकिन तब तक दोनों महिलाएं जा चुकी थीं।

## नशा मुक्त भारत अभियान को लगाई योग कार्यशाला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** एचएनबीजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे रविवार को नशा मुक्ति प्रकोष्ठ, रोवर्स एंड रेंजर्स, कॉलेज यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जन-जागरूकता के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार पांडेय ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया एवं अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने व योग को अभ्यास में लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. धीरज बिनवाल ने छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को योग के विभिन्न आसन कराते हुए उसके महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं नशा मुक्त भारत अभियान प्रकोष्ठ की संयोजिका एवं रोवर्स प्रभारी डा. रीना सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत और इसके उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए छात्र-छात्राओं को अपने घर-परिवार तथा समाज में नशा मुक्ति अभियान से संबंधित जागरूकता फैलाने की बात कही। वहीं इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत जोशी ने नशे के दुष्परिणामों एवं इससे जुड़े अपराधों व रोकथाम पर वक्तव्य दिया। कार्यक्रम के अंत में रेड क्रॉस सोसाइटी खटीमा महाविद्यालय के समन्वयक डा. ब्रजेश सिंह ने समस्त आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए दिनचर्या में योग को आत्मसात करने की बात कही।

इस अवसर पर प्रो. डा. आशुतोष कुमार, डा. नमिता सामंत, डा. पिंकी भट्ट, डा. अविनाश मिश्रा, डा. मोनिका भैसोड़ा, अंचल वर्मा, लक्ष्मण सिंह बोहरा एवं मसरूर आलम मौजूद रहे।

## सब्र का इम्तिहान ना ले धामी सरकार: बाजवा

- भूमिधारी अधिकार वापस कर पूरा करे वादा धामी सरकार
- भूमि पीड़ितों ने किया बाजपुर तहसील परिसर में उपवास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** क्षेत्र के 20 गांव की 5838 एकड़ भूमि के सरकार द्वारा छीने गए भूमि धरी अधिकारों को लेकर आज तहसील परिसर में भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा के नेतृत्व में भूमि पीड़ित परिवारों के उपवास कार्यक्रम में धामी सरकार को वादा याद दिलाते हुए विपक्ष को भी आधे हाथों लिया। भूमि बचाओ मुहिम के संयोजक जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि 5 वर्ष से भी अधिक समय से धामी सरकार द्वारा पचास वर्ष से प्राप्त भूमि धरी अधिकारों को तानाशाही रवैया अपनाते हुए छीना गया है। और अपने अधिकारों की मांग करते हुए भूमि बचाओ मुहिम मको संघर्ष करते हुए 5 वर्ष पूरे हो गए। वही 18 महीने के बाजपुर तहसील परिसर में चले धरने के दौरान धामी सरकार द्वारा 3 माह में समाधान का मौखिक आश्वासन दिया गया था लेकिन धामी सरकार ने वादा पूरा नहीं किया। धामी सरकार को वादा याद दिलाने के लिए साथ ही विपक्ष को भी अपनी जिम्मेदार पूर्ण भूमिका निभाते हुए संघर्ष करने की अपील की गई।

बाजवा ने कहा कि धामी सरकार बाजपुर के लोगों के सब्र का इम्तिहान ले रही है। उपवास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भूमि पीड़ित परिवार महिलाएं और बच्चे भी पहुंचे। इस मौके पर बल्ली सिंह चीमा, दर्शन गोयल, राजेंद्र बेदी, महेंद्र सिंह, सतनाम सिंह रंधावा, एन बी भट्ट, सिकन्दर सिंह, दारा दिलेर रंधावा, दीपक शर्मा, सुनील पाठक, योगेश सैनी, दीनदयाल सिंह, नत्था सिंह, दरबारा सिंह, कारण सिंह, पूरन सिंह, मुकेश दिवाकर, सोनू निगम, दिलीप सिंह, मनोज राठौर, आदि भूमि बचाओ मुहिम के सैकड़ो सदस्य मौजूद रहे।

### बड़ी मात्रा में पहुंची महिलाएं और बच्चे

बाजपुर भूमिधारी अधिकारों को लेकर तहसील परिसर में किए गए उपवास कार्यक्रम में आज बड़ी मात्रा में महिलाएं अपने बच्चों के साथ पहुंची और अपने भूमि जारी अधिकारों के लिए धामी सरकार से जोरदार अपील की। समाज सेविका सुनीता टम्टा बाजवा, रेखा सिंह, पूजा सिंह, हीरा देवी, मनजीत कौर, मीना बिष्ट, लीला देवी, किरण रानी, राजवती, अवंतिका आदि महिलाएं अपने बच्चों के साथ उपवास कार्यक्रम में पहुंची।

### बेकाबू हो रहा पीड़ितों का आक्रोश

बाजपुर लंबे समय से भूमि धरी अधिकारों के छिन जाने से लोगों की आर्थिक गतिविधियां रुकी हैं छोटे-छोटे प्लॉट लेकर मकान बनाने वालों का काम अधर में लटका है बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है लोग बेहद परेशान होते नजर आ रहे हैं जिससे लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है जो आज उपवास कार्यक्रम में स्पष्ट दिखाई दे रहा था।

## पूर्व सैनिकों ने धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** 16 कुमाऊं रेजीमेंट के पूर्व सैनिकों ने रेजीमेंट का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैप्टन लक्ष्मण सिंह बोरा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों ने मां कालिका की आराधना की।

इस दौरान पूर्व सैनिकों ने 16 कुमाऊं रेजीमेंट की स्थापना, बटालियन का इतिहास तथा उपलब्धियां गिनायीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैप्टन बोहरा, सूबेदार होशियार सिंह, सूबेदार हरिदत्त, नायक प्रेमचंद, नायक ललित चंद ने सेना मेडल द्वारा पूर्व सैनिकों को शॉल उड़ाकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर भवान सिहं, चन्दर सिहं, सूबेदार हरी सिंह, नारायन सिंह, त्रिभुवन सिंह भाटिया, महेन्द्र चन्द, सुदेश चन्द, नायक कैलाश राय, मनोज कुमार विष्ट, बलवन्त सिंह, जमनी बद, नायक आनन्द सिंह बानी, पुष्कर बिष्ट, ललित चद, विरेन्द्र सिंह, नायक पुष्कर दत्त कापड़ी, गोवर्धन जो. करी, होशियार सिंह, किशोर सिहं, नन्दन सिंह, प्रेम चन्द तथा तेज सिंह आदि मौजूद रहे।

## फूलों की घाटी हुई पहलगांव बे-नूर, धर्म पूछकर मांग से मिटा दिया सिंदूर...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** थारू राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में स्थिति अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सभागार में रविवार को साहित्य अकादमी खटीमा के बैनर तले रामरतन यादव और त्रिलोचन जोशी के आयोजन एवं संयोजन में शानदार कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया।

**कवि सम्मेलन**

गोष्ठी का शुभारंभ त्रिलोचन जोशी द्वारा माँ सरस्वती की वंदना से किया गया। काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ महेंद्र प्रताप पांडे नंद ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा बतौर मुख्य अतिथि, डॉक्टर रूपचंद शास्त्री मयंक तथा डॉ जगदीश कुमुद पंत बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन राम रतन यादव ने किया। कार्यक्रम में तुलसी बिष्ट ने कहा-श्युद्ध न कोई विकल्प और न कोई समाधान होता है, अपनों से ही बिछड़ना युद्ध का परिणाम होता हैश,

- कवियों की वाणी में भारतीय सेना के शौर्य, सम्मान और बलिदान की हुई प्रशंसा

त्रिलोचन जोशी ने कहा- मिट्टी में मिल जाएगा, मत छेड़ हमारी सेना को, राम रतन यादव ने शत्रुओं को चेताया, देख के अलबेले की टोली, सीमा से हट जाता है।

सुचिता अजय श्रीवास्तव ने कहा- यह दुआ करों सब मिलकर जिए वीर सिपाही हमारे, श्यामवीर सिंह चातक ने कहा- तीन सजाते देश को सती संत अरु शूर, तीन लजाते देश को कायर कुटिल क्रूर, वहीं बसंती सामंत ने पढ़ा- ले रहे हैं खुलके जो सांस आज हम, खिल रहा है चमन सा ये अपना वतन, डॉ महेंद्र प्रताप पांडे ने इन पंक्तियों से अपनी प्रस्तुति दी-मेरा देश है हिंदुस्तान तुम्हारा मुल्क है पाकिस्तान, सुनो मेरी जान बताऊं, तुम्हे कुछ याद दिलाऊं, सत्यपाल सिंह सजग जी द्वारा सुनाया गया और फुलों की घाटी हुई, पहलगांव बे-नूर धर्म पूछकर मांग से, मिटा दिया सिंदूर, इनके अलावा आलोक सिंह, दीपक फुलेरा, हेमा जोशी श्परुश्ज, बसंती सामंत, कैलाश पांडे, रामचंद्र दद्दा, माया जोशी, रविंद्र पांडे श्पपीहाश, प्रकाश चंद्र गोस्वामी ने अपनी शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम को सफल बनाया। इसके उपरांत शिक्षक, कवि, रचनाक. ार राम रतन यादव ने अजीम प्रेमजी फाउंडेशन तथा सभी साहित्यकारों एवं कवियों का आभार प्रकट किया।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का बैठक संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांत कार्यकारिणी की एक बैठक ढेला रामनगर के रिजॉर्ट में सम्पन्न हुई। इस बैठक में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीश ने शिरकत की।उनकी उपस्थिति में प्रांत कार्यकारिणी के अध्यक्ष के रूप में विनोद नौटियाल, डा. मनोज रावत को प्रांत संगठन मंत्री, राजपाल नेगी को पूर्व सैन्य अधिकारी को प्रदेश मंत्री के रूप में घोषणा की गई।

इसके उपरांत प्रदेश अध्यक्ष विनोद नौटियाल के द्वारा कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष डा. भूपेंद्र सिंह गंगवार, माधव प्रसाद जोशी, कैलाश बहुगुणा प्रदेश कोषाध्यक्ष, राजेश मंजखोला प्रदेश सह मंत्री, अमित भट्ट प्रांत विधि आयाम प्रमुख, सुभाषिनी द्विवेदी प्रदेश महिला आयाम प्रमुख, सुरेश चन्द्र प्रदेश रोजगार सृजन प्रमुख, सह रोजगार सृजन प्रमुख प्रकाश पाटनी, डॉ दिनेश कुमार सिंह, प्रांत पर्यावरण प्रमुख, प्रांत प्रचार आयाम प्रमुख, कार्यकारिणी सदस्य, प्रो सुनील कुमार सक्सेना, सुनील बहुखंडी, कान्ती बल्लव जोशी, पंकज शर्मा, चंचल पपोला, कुमारी, प्रीति धीर, हरि शंकर सैनी, चिरंजीवी लाल, दुर्गा देवी को जिम्मेदारी दी गई है।

बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री ने कहा हमें कानून का पालन किसी भय से नहीं बल्कि स्वेच्छा से अपना राष्ट्रीय दायित्व मानते हुए कानून का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में अकेला संगठन अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत है जो शत प्रतिशत आम जनता के लाभ के लिए काम कर रहा है।

संगठन मंत्री लखन सिंह द्वारा अग्रिम कार्यक्रमों के रूप में बताया गया कि पांच जून को पर्यावरण दिवस और उसके बाद हरेला दिवस मनाया जाएगा।

## भाजपा नेता पर लगाया नगर का माहौल खराब करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में एक युवक ने भाजपा नेता पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने, झूठे आरोप और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करके छवि को समाज में गंदा करने की कोशिश करना और शहर में माहौल खराब का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई करने की मांग की।मोहल्ला बम्बाघेर निवासी आकिब सैफी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका चाय का व्यवसाय हैं। आज तक उनका कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नही है। पूरे शहर में अधिकतम लोग उन्हें जानते है। क्योंकि वह सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी की जाती हैं।

अकीब का आरोप कि फेसबुक पर लाइव आकर रामनगर के भाजपा नेता ने उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया और मेरे ऊपर ऐसे गंदे आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए, जो पूरी तरह से झूठे और वे बुनियाद है। कहा कि उनके द्वारा लगातार मुस्लिम समाज के लड़कों को टारगेट किया जा रहा है।भाजपा नेता शहर में लोगों के अंदर जहर घोलने का काम कर रहे है। इससे शहर का माहौल बिगड़ने की संभावना भी है।

उन्होंने पुलिस प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है।कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी हैं।कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।इस दौरान आपकी खिदमत के अध्यक्ष शोएब कुरैशी, जीशान कुरैशी, इमरान सैफी, सरफराज, फैजान आदि मौजूद रहे।

# नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने ले ली एक और जान

## नशेड़ी पति ने धरदार हथियार से पत्नी को उतारा मौत के घाट

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** जसपुर क्षेत्र में एक बार फिर नशे की प्रवर्ति के चलते दिल दहलाने वाला एक मामला प्रकाश में आया है जहां एक कलयुगी नशेड़ी पति ने अपनी पत्नी को धारदार हथियार से हत्या कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद पति मौके से फरार हो गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद में क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। वहीं पुलिस फरार पति की तलाश में जुटी है ।



जानकारी के मुताबिक आज रविवार सुबह 6:10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मंडुवाखेड़ा में नीमा (32) पत्नी राहुल का शव लहूलुहान हालत में अपने घर के कमरे में पड़ा है। सूचना पर कोतवाल जगदीश सिंह ढकरियाल, एसएसआई जावेद मलिक और एसआई धीरज टम्टा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। मृतका की सास भगवती देवी ने बताया कि सुबह जब वह अपने बेटे राहुल के घर आई तो घर के कमरे में उनकी बहू लहूलुहान हालत में पड़ी थी। इसके बाद उसने गांव वालों को इसकी सूचना दी तो देखते ही देखते वहां भीड़ लग गई। मृतका की सास ने पुलिस को बताया कि बीती रात्रि उसका पुत्र राहुल उसकी बहू नीमा की धारदार हथियार से हत्या कर फरार हो गया।

मृतका के पिता ग्राम इमरतपुर थाना रेहड़ जिला बिजनौर निवासी नन्हे सिंह ने बताया कि 10 वर्ष पूर्व उसने अपनी बेटी नीमा की शादी राहुल पुत्र दिलीप सिंह से की थी। उसके नौ वर्षीय बेटी नेहा और छह वर्षीय पुत्र लव है। दोनों बच्चे उनके पास घूमने आए हुए थे। नीमा गांव के पास ही स्थित एक प्लाई फैक्ट्री में काम करती थी और अपना परिवार चलाती थी।

उसका पति राहुल हलवाई की दुकान पर काम करता था तथा नशे का आदि था। आए दिन नशा कर अपनी पत्नी के साथ मारपीट करता रहता था। एसएसआई जावेद मलिक ने बताया कि मृतका के गले, दोनों हाथ पैर में व सिर पर गहरी चोट के निशान मिले हैं। कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने बताया कि पुलिस को अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वही फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए हैं।

# कब्र खोदने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: बिष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कब्रिस्तान में कब्र खोदने के मामले में रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस विधायक ने कहा कि पूरे मामले की जांच का भरोसा दिया मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ होगी कार्रवाई



रामनगर।रामनगर के गौजानी क्षेत्र में कब्र खोदने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। इस मामले में रविवार को रामनगर विधायक दीवान सिंह बिष्ट ने अपने कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में मामलों को गंभीर बताते हुए कहा कि उन्होंने इस मामलों को लेकर देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात करते हुए पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया है।विधायक ने कहा कि मामले को मुख्यमंत्री ने भी गंभीरता से लेते हुए इस पूरे प्रकरण की जांच करने का भरोसा दिया है।उन्होंने कहा कि जांच में जो भी दोषी होगा उसे बख्शा नहीं जाएगा।साथ ही उन्होंने कहा कि घटना के दिन ऐसी स्थिति क्यों पैदा हुई।इसके लिए वहां मौजूद पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों की जांच के लिए जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर इसकी भी जांच कराई जाएगी।जांच में जो भी अधिकारी दोषी पाया जाएगा।उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक युवक द्वारा कब्र में लेटकर मोबाइल के माध्यम से लाइव चलकर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया तो ऐसे में इस व्यक्ति की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हालांकि जो मुस्लिम समाज के व्यक्ति की मृत्यु हुई थी उस परिवार के लोग उस जगह पर दफनाना नहीं चाहते थे लेकिन कुछ अराजक तत्व द्वारा बेवजह इस मामले को तूल देने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि जिनके द्वारा भी इस प्रकार का मामला किया गया है वह बख्शे नहीं जाएंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने रामनगर के मोहल्ला पंपापुरी भरतपुरी क्षेत्र के विनियमितिकरण और अन्य समस्याओं को लेकर भी मुख्यमंत्री से वार्ता की थी जिस पर मुख्यमंत्री ने सभी विषयों पर शीघ्र कार्रवाई करने का भरोसा दिया।इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा मदन जोशी आदि मौजूद रहे। वहीं गोजानी के पूर्व प्रधान व कब्रिस्तान कमेटी के अध्यक्ष कमरूद्दीन ने बताया कि वह कब्रिश्तान बहुत पुराना है। वक्फ बोर्ड और कोर्ट ने उनके हक में फैसला दिया था। यह जमीन कब्रिस्तान कमेटी की हैं।लगाए गए आरोप निराधार है।

## एक नजर

### पालिकध्यक्ष प्रेमा पांडे ने लोगों से किया संवाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** नगर पालिका की अध्यक्षा प्रेमा पांडे नगर को नीट-क्लीन एवं ग्रीन बनाने के लिए जहां लोगों से लगातार संवाद करती जा रही है वही वह मोहल्ले की समस्याएं भी सुन रही है। उनका कहना है कि सभी मोहल्ले में स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। मानसून आने से पूर्व सभी नालियों को खोल एवं साफ सुथरा रखने के लिए सभासद अपने-अपने वार्डो में कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि नालियों में पानी रुकने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है। जनसंपर्क के दौरान प्रेमा पांडे को लोगों द्वारा मोहल्ले की समस्याओं से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा की शीघ्र ही आपके द्वारा रखी गई समस्याओं के परिणाम आपके सामने दृष्टिगोचर होने लगेंगे।

### इस बार गर्मियों में करें स्मार्ट ट्रैवल

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** इस बार गर्मी, अधिक खर्च नहीं बल्कि अधिक अनुभव हासलि करने वाली है। अचानक समुद्र तट की सैर से लेकर सनराइज ट्रेक तक, ट्रैवलर्स भारी बैग छोड़कर कॉम्पैक्ट, ऑल-इन-वन गियर चुन रहे हैं। लीक-प्रूफ बोतल, इनफ्लेटेबल नेक पिलो, और स्मार्ट ट्रैवल हैक्स पर शानदान डील्ह्स की आपको तलाश है, अमेजन बाजार पर सब कुछ उपलब्ध्ध है। अमेजन बाजार पर बेहद किफायती रेंज देखें, जो 599 रुपए से कम में भारत का पसंदीदा चलता-फघ्रिता शॉपिंग सेंटर है। अगर आप अपनी अगली छुट्टियों की योजना बना रहे हैं, और विभिन्ह्न ट्रैवल प्रोडक्ट्स पर आकर्षक डील्स की तलाश कर रहे हैं, तो अब आप अपनी खोज को यहीं रोक दीजिए, क्योंकि अमेजन बाजार आपके लिए तैयार है। क्या आप खोज के लिए तैयार हैं? यहां आपके लिए कुछ टॉप ट्रैवल सुझाव हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि स्मार्ट पैकिंग के लिए बड़े बजट की बिल्ह्कुल भी जरूरत नहीं है।

### साइकिलिंग अभियान से फिटनेश का दिया संदेश



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** खेल विभाग द्वारा विश्व साइकिल दिवस के सुअवसर पर फिट इण्डिया साइकिलिंग अभियान के अन्तर्गत सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में साइकिल रैली का आयोजन किया गया। साइकिल रैली स्टेडियम से प्रारम्भ होकर विजडम तिराहा से हनुमान मन्दिर के नीचे वाली सड़क से रोडवेज स्टेशन से टकाना रोड होते हुए वापस स्टेडियम में समाप्त हुई, जिसमें 37 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

साइकिलिंग अभियान में सम्मिलित खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि डा. निर्मल सिंह बसेड़ा, जिला बाल विकास अधिकारी एवं अनूप बिष्ट जिला क्रीड़ा अधिकारी ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सतीश कुमार, निखिल महर, चन्द्र सिंह धामी, भूपेश बिष्ट, जगत सिंह महरा, गौरव चन्द्र जोशी, ललित प्रसाद कापड़ी, किशन सिंह, राजेन्द्र राम, केशर राम, दिनेश सिंह बिष्ट, तनूजा कन्याल एवं कई खिलाड़ी उपस्थित थे। पुलिस विभाग एवं चिकित्सा विभाग द्वारा निर्धारित रूट में ट्रैफिक नियंत्रण एवं प्राथमिक व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

### पोलिंग बूथ में पौधारोपण कार्यक्रम होंगे आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी विनोद गोस्वामी ने शासन से प्राप्त हुए निर्देशों के क्रम में जानकारी देते हुए कहा है कि जनपद स्तर के मतदेय स्थलों पर पांच जून पर्यावरण दिवस से लेकर हरेला पर्व तक पूरे जनपद में पौधारोपण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर विश्व पर्यावरण दिवस पांच जून, 2025 के अवसर पर पर्यावरण दिवस को मतदाता जागरूकता से जोड़ते हुए वृक्षारा. पण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे तथा पर्यावरण दिवस से जुलाई माह के अंत तक प्रत्येक पोलिंग बूथ, तहसील एवं जिला मुख्यालय में उक्त कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। माह जून, 2025 की निर्धारित थीम बारिश की हर एक बूंद एवं प्रत्येक वोट अमूल्य है के अनुसार बिन्दुवार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें पौधारोपण हेतु क्षेत्रीय भौगोलिक परिस्थिति एवं जलवायु के पौधे चिन्हित कर पौधारोपण कर सकते हैं।

### 32 लाख रुपये धोखाधड़ी की आरोपी महिला गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। अमर होटल स्वामी अवतार सिह पुत्र मलकीत सिंह निवासी ग्राम चीकाघाट ने 14 जून 2024 को मुकदमा दर्ज कराया था कि सुभाष चन्द दास पुत्र श्रीधर दास निवासी वार्ड नं0-7 काली मंदिर रुद्रपुर ने करनाल, हरियाणा के लोगों से मुलाकात करायी थी। ई-स्कूटी की एजेंसी खुलवाने का आश्वासन दिया। फर्म शिव शक्ति ट्रेडर्स की स्वामी गीता ढल्ल पत्नी रणधीर सिंह जींद व सुभाष चन्द दास व उक्त सभी लोगों के समक्ष पांच लाख रुपये नगद दिये। उसके बाद तेरह लाख पचास हजार रूपये फिर दिये थे। बाद में बैंक से रूपये ट्रांसफर कराये। कुल 32 लाख रुपये दिये। लेकिन एजेंसी चालू नहीं करायी। अवतार सिंह ने उसके साथ छल कपट व धोखाधडी कर कूटरचित दस्तावेज बनाकर 32 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। पुलिस ने शनिवार को गीता को गिरफ्तार कर लिया।

### स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों ने की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** उत्तराखंड स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी एवं उतराधिकारी संगठन की बैठक भाजपा नेता संजीव सिंह के कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें समान पेंशन करने, सेनानीयों की पहली पीढ़ी दिवंगत हो चुकी है उनकी दुसरी पीढ़ी को सारी सुविधाएं प्रदान करने, स्वतन्त्रता सेनानीयों के गांव को विशेष गांव का दर्जा, आदित्य चौक पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय राम नारायण सिंह नाम से स्मृति द्वारा बनाने, सेनानी परिवारो को मालिकाना हक दिए जाने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर संजीव सिंह ने सभी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता करते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वाशन दिया। इस मौके पर संजीव सिंह, मनोहर चन्द्र लोहनी, सुभाष मिश्रा, गणेश चन्द्र पांडे, नरेंद्र राजभर, मदनमोहन पान्डे, महेंद्र सिंह बिष्ट, आनन्द प्रकाश सिंह, हरीश चंद्र जोशी, भूपाल सिंह रावत, इन्द्रासन यादव, शिवजी प्रसाद, धन्नजय सिंह, विजय साहि, उमेन्द्र नाथ तिवारी, हलधर गुप्ता, मुन्ना लाल, ठाकुर भगवान सिंह, मानवेंद्र बहादुर शाही थे।

# कुबेर गार्डन के उत्पाद रीठासाहिब आने वाले तीर्थ यात्रियों के बदल देते हैं मुंह का स्वाद

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** गुरुद्वारा श्रीरीठासाहिब जाने वाले तीर्थ यात्री दुर्गा नगर के पास स्थित कुबेर गार्डन के फलों का स्वाद लिए बिना आगे नहीं बढ़ पाते हैं। इस स्थान में उद्यमी शिवराज सिंह बोहरा द्वारा जैविक विधि से फलों सब्जियों का लंबे समय से उत्पादन किया जाता रहा है। इनके इस कार्यक्रम को गुरुद्वारा श्रीरीठासाहिब में आने वाले तीर्थ यात्री इनका उत्पादों को बड़े चाव से खाकर इनका उत्साह बढ़ाते आ रहे हैं।



बोहरा द्वारा विशेष प्रकार का नमक भी तैयार किया जाता है। आए दिनों यह जंगलों से तोड़कर काफल भी बेचा करते हैं। वैसे उनके खेत में भी काफी पेड़ है लेकिन उनकी मांग इतनी है कि बाद में इन्हें काफल के लिए जंगल में जाना पड़ता है। बोहरा से प्रेरणा लेकर भिंगराणा के उमेश भट्ट भी जैविक उत्पाद करते आ रहे हैं।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विधिक लगा साक्षरता शिविर

शाह टाइम्स संवाददाता

**बनबसा।** तंबाकू मुक्त देवभूमि अभियान के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद टनकपुर के सभागार में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर और गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके उपरांत तंबाकू मुक्त देवभूमि अभियान के तहत नगर में जन जागरूकता रैली भी निकल गई।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत के सचिव भावदीप राउते के निर्देश पर चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त देवभूमि अभियान के तहत नगर पालिका सभागार में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी भूपेंद्र प्रकाश जोशी की अध्यक्षता और पीएलवी अर्जुन सिंह के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी प्रतिभागी कर लोगों को तंबाकू के निषेध को लेकर जागरूक किया। नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष और समाजस. वी हर्षवर्धन रावत ने कहा कि आज तंबाकू का सेवन और नशे का प्रयोग आम होता जा रहा है। यह न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए घातक है बल्कि इसके कारण कई परिवार चौपट हो चुके हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टनकपुर के अधीक्षक घनश्याम तिवारी ने तंबाकू गुटखा और बीड़ी सिगरेट के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव और इससे होने वाली कैंसर और हार्ट अटैक जैसी तमाम घातक बीमारियों के बारे में बताते हुए तंबाकू और नशे से लोगों को दूर रहने का आह्वान किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंपावत की पैनल लॉयर एडवोकेट सुनीता भट्ट ने तंबाकू और नशे के खिलाफ सांसद और भारत सरकार द्वारा बनाए गए कानून और इसके प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वयंसेवी संस्था जीबी पंत फाउंडेशन के अध्यक्ष नवीन चंद्र पंत ने कहा की गुटखा के निर्माण में पिसे हुए शीशे के चूरे कभी इस्तेमाल होता है और लोग इसका सेवन करते हैं। उन्होंने कहा कि यदि व्यक्ति को स्वस्थ रहना है तो गुटखा का प्रयोग बिल्कुल भी ना करें।

जिला प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन चंपावत के जिला अध्यक्ष नवल किशोर तिवारी ने तंबाकू गुटखा और बीड़ी सिगरेट के सेवन से प्रतिवर्ष देश में होने वाली मृत्यु बारे में बताया। अपार संस्था की काउंसलर शांति बिष्ट ने समाज में तंबाकू और नशे के बढ़ते चलन पर चिंता जताते हुए इसके खिलाफ हर व्यक्ति और समाज के खड़े होने की आवश्यकता बताई। यहां पीएलबी बृजेंद्र अग्रवाल, अर्जुन सिंह, सोनी सिंह, शमशाद बानो आदि थे।

# सहयोग, समन्वय के अभाव से किसान हो गए दूर: सीडीओ

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** नवागत मुख्य विकास अधिकारी से हुई हमारी पहली वार्ता ने ही हमारा खून बढ़ा दिया है, हमारे भविष्य की आशाओं में पंख लगने लगे हैं, खेत हमारी समृद्धि का कारण बनेगा और बेमौसमी सब्जियों, फूलों की खेती, दुधारू पशुपालन, मुर्गी के साथ अंगोरा शशक पालन, मत्स्य पालन, केसर की खेती, केला, आम, अमरूद, सेब, कीवी, मौन पालन आदि तमाम कार्यक्रमों के जरिए हमारी तकदीर एवं क्षेत्र की तस्वीर बदलने का हममें विश्वास पैदा हुआ है।



रमेश चंद्र, तुलसी प्रकाश, पीतांबर दत्त , दरबान सिंह, पार्वती देवी आदि किसानों का उनका कहना है कि सही मायनों में किसानों उनके मन का सीडीओ मिला है। चंपावत को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना के अनुसार उसे मॉडल रूप देने के लिए पहले से ही समर्पित जिलाधिकारी नवनीत पांडे को और तेजी से काम करने के लिए दाया हाथ मिल गया है। सीडीओ ने सरसरी तौर पर जिले की फोपोग्राफी समझने के बाद कहा हमारे पास अब इतना समय नहीं है कि यदि हमने अपने समय का मूल्यांकन नहीं किया तो हम विकास की दौड़ में पीछे रह जाएंगे। हमने ऐसा रोड मैप बनाना है कि जिले के लिए आज हमने क्या किया ? और कल क्या किया जाना है? इसकी तस्वीर हमारे सामने होनी चाहिए। सीडीओ का मानना है कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का अभाव किसानों से सीधा संवाद ना होने से उनके मन की बात न समझना कौन उत्पादन कहां? और कैसी किन परिस्थितियों में अधिक पैदा किया जा सकता है? इसे हमने उनसे नहीं जाना। यदि उनकी भावनाओं में विभिन्न योजनाओं का समावेश किया जाए तो परिणाम सामने आएंगे। उनका कहना है की रात दिन खेत में काम करने वाले किसान से बड़ा वैज्ञानिक कोई नहीं है। यदि उन्हें हम आधुनिक ज्ञान और कृषि विज्ञान से जोड़े तो उनकी हाड़तोड़ मेहनत ही उनमें सफलता के पंख लगा देगी।

# ईश्वरी सत्ता से जुड़कर योग साधक खो गए अनंत में

शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** घने जंगलों की बयार, पक्षियों का कलरव, शेर की गर्जना, विभिन्न प्रकार के फूलों की सुगंध एवं चारों ओर बह रही सेवा व समर्पण की महक के बीच आज जिला आयुर्वेदिक यूनानी चिकित्सा विभाग ने भारत सरकार की नई थीम योग से पर्यावरण एवं व्यक्ति का प्रकृति से सीधा संवाद, प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए "हरित योग" की शुरुआत की गई।



यह कार्यक्रम ऐसे स्थान में किया गया जहां युग दृष्टा स्वामी विवेकानंद ने 124 वर्ष पूर्व अद्वैत आश्रम मायावती की स्थापना करने के साथ यहां एक पखवाड़े तक प्रवास करते हुए ध्यान कर उन्हें ब्रह्मांड के रहस्यों की अनुभूतियां हुई थी। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा अधिकारी डा. आनंद सिंह के दिशा निर्देशन में 11वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के जिला नोडल अधिकारी डा. प्रकाश सिंह बसेड़ा, आयुष विभाग के नोडल अधिकारी डा. सुधाकर गंग. वार, योग निदेशिका सोनिया आर्य, लीला जोशी एवं विजय देउपा ने यहां साधकों को विभिन्न प्रकार की योग क्रियाये एवं प्राणायाम कराकर उनकी आत्मा का परमात्मा से जुड़ाव किया। यहां योग करने वाले डा. भास्कर महदीरत्ता, डा. धीरज रावत, डा. उमेश भारती आदि का कहना था कि यहां योग व प्राणायाम से उन्हें ऐसी अनुभूतियां हुई कि वह उसे शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकते है। यहां योग करते हुए उन्हें ईश्वरीय सत्ता से जुड़ने का ऐसा आभास हुआ कि वह अनंत में ही खो गए।

यहां के वातावरण से हम सभी साधकों का मन मस्तिष्क का शोधन होकर नए आचार- विचार एवं संस्कारों का उदय हुआ है।

# राइस मिल में चोरी के आरोप में सुरक्षा गार्ड समेत चार पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बिन्दुखेड़ा रोड स्थित एक राइस मिल में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को राइस मिल के सुरक्षा गार्ड समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त स्कूटी और चोरी किए गए कॉपर के वायर को भी बरामद किया है। बिन्दुखेड़ा रोड स्थित राइस मिल के मैनेजर राजेन्द्र सिंह ने 26 मई को पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि 24 मई को उनकी मिल से करीब पांच लाख की कीमत से अधिक का कॉपर वायर चोरी हो गया है। पुलिस जांच में सामने आया कि राइस मिल का सुरक्षा गार्ड पहाड़गंज निवासी अनमोल पुत्र डोरी लाल सैनी ने मिल में सीसीटीवी कैमरे न होने का फायदा उठाया था।

उसने अपने दो साथियों पहाड़गंज निवासी फैसल पुत्र यासीन और नमन पुत्र विजय सिंह के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद चोरी का सामान सुभाष कॉलोनी निवासी कबाड़ी मो. मारूफ पुत्र याकूब को 20 हजार रुपये में बेच दिया था। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि शनिवार को मुखबिर की सूचना पर ब्लॉक रोड से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और चोरी किए गए कॉपर के वायर को बरामद किया गया है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत योग कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** खटीमा डिग्री कॉलेज में रविवार को रोवर्स एंड रेंजर्स, कॉलेज यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी एवं योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर योगाभ्यास कार्यशाला हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रो.पंकज कुमार पांडेय ने किया एवं उन्होंने छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने एवं योग को अभ्यास में लाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ.धीरज बिनवाल ने छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को योग के विभिन्न आसन कराते हुए इनसे होने वाले लाभों पर भी प्रकाश डाला। नशा मुक्त भारत अभियान प्रकोष्ठ की संयोजिका एवं रोवर्स प्रभारी डॉ. रीना सिंह ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

यहां इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. प्रशांत जोशी ने नशे के दुष्परिणामों एवं इससे जुड़े अपराधों तथा रोकथाम पर वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसाइटी महाविद्यालय के समन्वयक डॉ.ब्रजेश सिंह ने समस्त आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए दिनचर्या में योग को शामिल करने की बात कही। यहां प्रो. डॉ॰ आशुतोष कुमार, डॉ. नमिता सामंत, डॉ. पिंकी भट्ट , डॉ. अविनाश मिश्रा, डॉ. मोनिका भैसोड़ा, अंचल वर्मा, लक्ष्मण सिंह बो. हरा एवं मसरूर आलम मौजूद रहे।

# निशुल्क 600 लोगों का हुआ उपचार

**चकराता/सहिया।** तहसील चकराता के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, लाखामंडल में आज आशा हॉस्पिटल, पावटा रोड हरबर्टपुर, देहरादून द्वारा एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में क्षेत्र के लगभग 600 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें बीपी, शुगर जैसी सामान्य जांचें की गईं और जरूरतमंदों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं।

कैंप का आयोजन उन ग्रामीणों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हुआ, जो विभिन्न कारणों से देहरादून या विकासनगर जैसे शहरों तक इलाज के लिए नहीं पहुंच पाते। उन्हें अब अपने गांव के पास ही बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हुईं। शिविर में आशा हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शैलेंद्र तिवारी ने उपस्थित लोगों को जानकारी दी कि हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड धारकों को निशुल्क ऑपरेशन सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं।

# सीएचसी बागी को उप जिला चिकित्सालय बनाने की मांग तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** सार्वजनिक जनहित मंच ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बागी को उप जिला चिकित्सालय में प्रोन्नत करने और वहां महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ की शीघ्र नियुक्ति की मांग की है। मंच ने यह भी स्पष्ट किया कि हाल ही में लंबे समय बाद सीएचसी बागी में एक्स-रे टेक्नीशियन की तैनाती मंच द्वारा चलाए गए जनआंदोलन का ही परिणाम है। मंच अध्यक्ष जगदीश चंद्र आर्य और संयोजक विनोद टोडरिया ने इसके लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, टिहरी गढ़वाल का आभार जताया, लेकिन साथ ही यह भी कहा कि केवल एक्स-रे सुविधा से मरीजों को पूर्ण लाभ नहीं मिल सकता जब तक वहां एक आर्थोपेडिक विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं की जाती। मंच का कहना है कि हड्डी से संबंधित रोगों के निदान और उपचार के लिए एक्स-रे मशीन के साथ-साथ आर्थोपेडिक विशेषज्ञ की उपस्थिति अनिवार्य है। फिलहाल, एक्स-रे रिपोर्ट मिलने के बावजूद मरीजों को उचित इलाज के लिए ऋषिकेश, श्रीनगर या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है, जो विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए आर्थिक और शारीरिक रूप से अत्यंत कठिन है। मंच ने यह भी रेखांकित किया कि क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को देखते हुए महिला एवं बाल रोग विशेषज्ञ की तैनाती बेहद आवश्यक है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इन नियुक्तियों को प्राथमिकता दी जाए और सीएचसी बागी को उप जिला चिकित्सालय का दर्जा दिया जाय।

# पीएम देते हैं किसानों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता : जोशी

**■ कृषि मंत्री ने किया**

**उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में शविकसित कृषि संकल्प अभियानश का शुभारंभ ,मोरी विकासखंड के गैंचवांण गांव में पहली बार पहुंचे कोई मंत्री, ग्रामीणों ने कृषि मंत्री जोशी का गर्मजोशी से किया भव्य स्वागत**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी/मोरी।** प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को उत्तरकाशी जनपद के मोरी विकासखंड स्थित गैंचवांण गांव में शविकसित कृषि संकल्प अभियानश का शुभारंभ किया। मोरी विकासखंड के गैंचवांण गांव में पहली बार है जब कोई मंत्री इस गांव में पहुँचे हैं। ग्रामीणों ने कृषि मंत्री जोशी का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री जोशी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया, जिनमें कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य और अन्य विभागों ने किसानों को लाभान्वित करने वाली योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर मंत्री ने एप्पल मिशन योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसानों को चेक वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि उत्तरक. ाशी जैसे पर्वतीय क्षेत्रों में सेब उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं और राज्य सरकार इसे प्राथमिकता के आधार पर विकसित कर रही है।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने जिस पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए, वह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से संबंधित थी। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि किसान सरकार की नीति निर्माण की केंद्रबिंदु में हैं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चल रहे इस अभियान की शुरुआत उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा गुनियाल गांव से की गई थी। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य के लिए पूरे देश में दो हजार वैज्ञानिक दलों का गठन किया गया है, जो अगले 15 दिनों तक किसानों से सीधा संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यह अभियान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पंतनगर विश्वविद्यालय, भरसार विश्वविद्यालय और विवेकानंद पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा जैसे प्रतिष्ठित कृषि संस्थान स्थित हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश स्तर पर प्रत्येक जनपद में तीन टीमों का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन तीन कार्यक्रम आयोजित करेंगी। इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिदिन कम से कम 600 किसानों से संवाद स्थापित किया जाएगा। मंत्री जोशी ने इसे एक सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इससे किसानों को वैज्ञानिकों और संबंधित संस्थाओं से प्रत्यक्ष संपर्क का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल से किसान नवीनतम कृषि तकनीकों का उपयोग कर अपनी उपज और कृषि क्षेत्रफल में वृद्धि कर सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों के हित में कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता दे रही है और इस दिशा में युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है।इस अवसर पर विधायक दुर्गेश्वर लाल, जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, पूर्व विधायक माल चन्द, ब्लॉक प्रमुख बचन सिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष राजीव कुंवर, प्रधान अनिता देवी, सीडीओ एस.एल सेमवाल, निदेशक बागवानी मिशन महेंद्र पाल, निदेशक कृषि परमाराम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# समर्थ जैन रहे टूर्नामेंट के ओवरऑल चैंपियन

## 20वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का हुआ समापन, विजेताओं को राज्यपाल ने किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजभवन गोल्फ क्लब नैनीताल द्वारा 30 मई से आयोजित तीन दिवसीय गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट-2025 रविवार को सम्पन्न हो गया। इस टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से 177 गोल्फरों ने हिस्सा लिया। राजभवन नैनीताल में आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में राज्यपाल/अध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) द्वारा टूर्नामेंट में विभिन्न वर्गों के विजेताओं व उपविजेताओं को पुरस्कृत किया गया। 20वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के ओवर ऑल विजेता/चैंपियन समर्थ जैन रहे। टूर्नामेंट में उपविजेता नुसरत अब्बासी घोषित हुए। बेस्ट नेट विजेता सुधीर सिंह और उपविजेता कर्नल संजीव पंत रहे। टूर्नामेंट में सुपर वेटरन ग्रॉस कैटेगरी में कर्नल एससी गुप्ता विजेता और एसके सूरी उपविजेता रहे।



महिला कैटेगरी में डा. सृष्टि धौन विजेता और शरण्या साह उपविजेता रही।

वेटरन ग्रास कैटेगरी में जफर इकबाल विजेता और नरोत्तम दास उपविजेता रहे। मास्टर भव्य रतन को सबसे होनहार गोल्फर का खिताब मिला। प्रतियोगिता में जूनियर कैटेगरी में 15-17 आयु वर्ग में अमायरा बजाज विजेता और ऐमीर उस्मानी उपविजेता रहे। 12-14 आयु वर्ग में समृद्ध चंद ठाकुर विजेता और मेधांश बिष्ट उपविजेता रहे। 12 वर्ष से कम आयु वर्ग में रूशांक प्रताप सिंह सिजवाली विजेता और मोहम्मद माज मंसूर उपविजेता घोषित किए गए। राज्यपाल ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि गोल्फ प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों ने न केवल खेल का आनंद लिया होगा, बल्कि नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और शांत वातावरण ने भी उन्हें एक अविस्मरणीय अनुभव मिला होगा। राजभवन गोल्फ कोर्स में खेलने का अनुभव सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक, प्राकृतिक और अतिथि परंपरा से जुड़ने का अवसर भी है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि देश के विभिन्न भागों से आए गोल्फ खिलाड़ी और उनके परिजन उत्तराखण्ड की सुंदरता और मेहमान. नवाजी को अपने साथ लेकर जाएंगे, और इससे राज्य का पर्यटन प्रचार भी होगा। राज्यपाल ने कहा कि विगत वर्षों में राजभवन गोल्फ कोर्स को आमजन, विशेषकर स्कूली बच्चों के लिए भी खोला गया है, ताकि युवाओं में गोल्फ के प्रति रूचि उत्पन्न हो सके। गोल्फ को लोकप्रिय और इससे आमजन को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने महिला खिलाड़ियों और युवाओं की भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने यह भी कहा कि आगामी वर्षों में टूर्नामेंट को और अधिक प्रभावी और भव्य बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। राज्यपाल ने इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को, आयोज. कों को, प्रायोजकों को, दर्शकों को और विशेष रूप से राजभवन गोल्फ क्लब, नैनीताल और स्थानीय प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊं मंडल दीपक रावत, अपर सचिव श्री राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष राजभवन गोल्फ क्लब स्वाति एस. भदौरिया, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सचिव राजभवन गोल्फ क्लब अमित श्रीवास्तव, परिसहाय श्री राज्यपाल एवं सदस्य राजभवन गोल्फ क्लब सुमित कुमार शादिजा, गोल्फ कैप्टन कर्नल विवेक भट्ट, वित्त नियंत्रक श्री राज्यपाल डा. तृप्ति श्रीवास्तव, सदस्य डा. सचिन चमोली, वेद प्रकाश मुहार, जीएम आईओसीएल एसए निमकर उपस्थित रहे।

## गुलदार के हमले में महिला की मौत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** वर्तमान में मानव वन्यजीव संघर्ष के मामले थमने का नहीं ले रहे हैं। भुजियाघाट में शनिवार की रात को गुलदार ने महिला पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। गंभीर हालत में महिला को एसटीएच लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि नैनीताल वन प्रभाग के मनोरा रेंज में भुजियाघाट गांव पड़ता है। रेंजर मुकुल शर्मा के अनुसार शनिवार की रात साढ़े 10 बजे मोरा गांव निवासी पुष्पा देवी घर से बाहर निकली थी। इसी बीच पहले से घात लगाए बैठे गुलदार ने उस पर हमला कर दिया। गुलदार महिला को जबड़े में दाबकर जंगल की ओर भागने लगा। शोर सुनकर स्वजन व आसपास के लोग बाहर आए और हो हल्ला किया। गुलदार महिला को छोड़कर भाग गया। देर रात महिला को एसटीएच लाया गया, तब तक देर हो चुकी थी। रेंजर मुकुल शर्मा ने बताया कि घटना के बाद क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है। गांव में पिंजरा लगाने की तैयारी की जा रही है।

## एक नजर

### विशेष सफाई अभियान का शुभारंभ

**नैनीताल।** भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के क्रम में 1 से 5 जून 2025 तक विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में स्वच्छ भारत-हरित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु नगर पालिका परिषद नैनीताल द्वारा रविवार को शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। बच्चों को पर्यावरण के महत्व, स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त जीवन शैली और हरियाली बढ़ाने के विषय में जानकारी दी गई। नगर पालिका परिषद नैनीताल से मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार तथा हिमांशु चंद्रा प्रभारी कर निरीक्षक समेत भगवत सिंह रावत सभासद,बिशन सिंह मेहता प्रधानाचार्य भारतीय शहीद सैनिक स्कूल, गोविंद वोरा पीटीआई सैनिक स्कूल, भुवन सिंह बिष्ट वरिष्ठ बास्केटबॉल खिलाड़ी,पवन खडायत एडवोकेट, दीपक बिष्ट कुमाऊँ विश्वविद्यालय समेत भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के 200 से अधिक एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स एवं स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### नैंसी स्कूल में अंदर सदनीय कहानी प्रतियोगिता

**नैनीताल।** छात्रों की रचनात्मकताए संवाद कौशल और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने हेतु जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट स्थित नैंसी कॉन्वेंट स्कूल में रविवार को गाथा उत्सव अंतर सदनीय कहानी प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर डा. संजय कुमार सिंह ने दीप जलाकर की। उन्होंने छात्रों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों को संपूर्ण व्यक्तित्व विकास की दिशा में अग्रसर करती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक देवतोष श्रीवास्तव रहे। प्रतियोगिता के मिडल वर्ग में प्रथम स्थान समर्थ (ग्रीन हाउस), द्वितीय स्थान शिवानी (ग्रीन हाउस) व तृतीय स्थान इनाया (रेड हाउस) जबकि सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान वेदिका और सक्षम (ग्रीन हाउस), द्वितीय स्थान सुआदा (येलो हाउस) व तृतीय स्थान सौरभ कार्की (रेड हाउस) ने हासिल किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती हिना ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

### छात्र-छात्राओं को कराया योगाभ्यास

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार एवं राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे उत्तराखंड के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश भर में योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नि:शुल्क शि. विर के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल की योग विज्ञान विभाग की एमए चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा प्रियंका साह द्वारा नैनीताल सरस्वती शिशु मंदिर में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया जा रहा है तथा योग के नियमित अभ्यास से शरीर को होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दी जा रही है, साथ ही साथ योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रियंका साह ने बताया इस अभियान का उद्देश्य जन जन तक योग के जागरूकता को फैलाना एवं आमजनमानस को स्वस्थ रखना है। इस अभियान से समाज के हर वर्ग को जोड़े जाने का लक्ष्य रखा गया है जिस हेतु विद्यार्थियों के योग प्रशिक्षकों एवं योग स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न विद्यालयों में जाकर योग शिविर लगाए जा रहे है। साथ ही आम जनमानस हेतु देश एवं प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्रों में प्रात: एवं सायं कालीन सत्रों में योग शिविरों का आयोजन कराया जा रहा है।

### समर कैंप में मेहंदी प्रतियोगिता

**बागेश्वर।** विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज बागेश्वर में समर कैंप के छठे दिन मेहंदी प्रतियोगिता, ऐंपड प्रतियोगिता, खो खो तथा कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। समस्त प्रतियोगिताओं को आयोजित करने में संजय मसीह, चंपा बोरा एवं ममता नेगी द्वारा सराहनीय योगदान दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपचंद जोशी एवं (नोडल) राजेश आगरी उपस्थित रहे। अगस्त्य फाउंडेशन तथा यूकास्ट के सहयोग से छात्र छात्राओं को इंजीनियरिंग शिक्षण पर आधारित गतिविधियों कराई गई।

### एमए की मौखिक परीक्षा आज

**नैनीताल।** एमए चतुर्थ सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं की मौखिक परीक्षा सोमवार (आज) प्रात: 10 बजे से इतिहास विभाग डीएसबी परिसर में आयोजित की जाएगी। विभाग की ओर से जारी सूचना में सभी विद्यार्थियों से अपेक्षा की गयी है कि वह निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। मौखिक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए एमए तृतीय सेमेस्टर की अंकतालिका साथ लाना अनिवार्य है।

### नैनीताल में पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार

**नैनीताल।** वीकेंड पर नैनीताल में सैलानियों की भारी भीड़ रही जिसकी वजह से नगर के अधिकांश पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार रहे। कई मार्गों पर जाम लगने से पर्यटक परेशान हुए। वर्तमान में नगर का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन उछाल पर है। रविवार को भी बड़ी संख्या में सैलानियों का पहुं. चना जारी रहा। अलबत्ता शुक्रवार व शनिवार को सर्वाधिक संख्या में सैलानी पहुंचे। नगर के अधिकांश होटलों के कमरे पैक रहे। पार्किंग स्थल भी फुल हो चले हैं। इस बीच नगर के पर्यटन स्थलों में पूरे दिन खूब चहल पहल रही। मल्लीताल पंत पार्क तथा भोटिया बाजार समेत मालरोड में रौनक रही। रेस्टोरेंट व गिफ्ट सेंटरों में खरीदारी करते सैलानी बड़ी संख्या में सैलानी नजर आए। चिड़ियाघर, केव गार्डन, हिमालयन बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन व वाटरफाल व हनुमानगढ़ी में पूरे दिन सैलानियों की आवाजाही बनी रही। नौकायन करने वाले सैलानियों का तांता लगा रहा।

# चेक बाउंस मामले में आरोपी को दोषमुक्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने एक चेक बाउंस मामले में सुनवाई करते हुए आरोपी पूजा बिष्ट को प्रारंभिक स्तर पर दोषमुक्त कर दिया। अदालत ने पाया कि परिवादी द्वारा दायर की गई शिकायत प्रथम दृष्टया संदेहास्पद है और आरोपी के विरुद्ध आरोप साबित करने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं। प्रकरण के अनुसार, परिवादी मो. कैफ और आरोपी पूजा बिष्ट व उनके पति के बीच पुराने व्यावसायिक संबंध थे।

इसी आधार पर मो. कैफ ने पूजा बिष्ट को 3,29,000 की धनराशि आर्थिक सहायता के रूप में उधार दी थी। आंशिक भुगतान के रूप में पूजा बिष्ट ने 2,29,000 का चेक दिनांक 24 अप्रैल 2024 को हल्द्वानी में मो. कैफ को सौंपा। यह चेक बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर बाउंस हो गया। इसके बाद मो. कैफ ने एनआई एक्ट (धारा 138) के तहत पूजा बिष्ट के विरुद्ध अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हल्द्वानी की अदालत में परिवाद दायर किया। न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) 2023 की धारा 226 के अंतर्गत समन आदेश से पूर्व आरोपी को नोटिस जारी किया। जवाब में पूजा बिष्ट ने अदालत में पेश होकर यह बताया कि जिस दिनांक 24 अप्रैल 2024 को चेक दिए जाने का दावा किया गया है, उस दौरान वह मोहन सिंह मेहता साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बैजनाथ (बागेश्वर) में भर्ती थीं। पूजा बिष्ट ने अपने अस्पताल में भर्ती रहने के प्रमाण के साथ-साथ चेक में किए गए हस्ताक्षर और अपने बैंक रिकॉर्ड में मौजूद हस्ताक्षरों की प्रमाणित प्रति भी अदालत में पेश की। उनकी ओर से यह भी कहा गया कि चेक पर किए गए हस्ताक्षर फर्जी हैं और वे उनके असली हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने पाया कि परिवादी की कहानी प्रथम दृष्टया संदिग्ध है और उसके आरोपों में विश्वसनीयता का अभाव है।

अदालत ने यह भी स्वीकार किया कि चेक पर मौजूद हस्ताक्षर आरोपी के वास्तविक हस्ताक्षरों से मेल नहीं खाते। इन तथ्यों के आधार पर अदालत ने बीएनएसएस 2023 की धारा 226 के तहत मामला खारिज करते हुए पूजा बिष्ट को प्रारंभिक स्तर पर दोषमुक्त कर दिया। इस मामले में पूजा बिष्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज बिष्ट और अधिवक्ता रोहन कपकोटी ने पैरवी की।

## नहर में बाइक सहित गिरकर युवक की मौत

**हल्द्वानी।** टीपीनगर चौकी क्षेत्र स्थित उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय के बाहर से गुजरी नहर में शनिवार को खौफनाक हादसा हुआ। पुलिस के मुता. बिक, किला छावनी बरेली उत्तर प्रदेश निवासी प्रभात कुमार (32) पुत्र महेंद्र पाल बरेली में सीएससी सेंटर चलाता था। शनिवार को प्रभात अपने एक दोस्त के साथ किसी काम से हल्द्वानी आया था। रात 11 बजे दोनों ने बरेली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में खाना खाया और फिर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के रास्ते होते हुए रामपुर रोड की ओर निकल पड़े। विश्व. विद्यालय के गेट के पास बाइक नहर में जा गिरी। नहर की पटरी में पटकने से प्रभात का सिर फटा और एक पैर टूट गया। जिससे उसकी मौत हो गई।

# स्मैक तस्करी के आरोपी को ज़मानत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** अपर जिला न्यायाधीश प्रथम/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट श्री विक्रम की अदालत ने 14. 55ग्राम स्मैक के साथ पकड़े गए

**पुलिस की ओर से जांच आख्या में देरी पर फैसला**

आरोपी की जमानत पुलिस द्वारा समय पर जांच आख्या प्रस्तुत न करने के आधार पर मंजूर कर ली। कोर्ट ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल से आग्रह किया है कि वे सभी थानाध्यक्षों को एनडीपीएस एक्ट से जुड़े मामलों में समय पर जांच आख्या व आरोपी का आपराधिक इतिहास पेश करने का आदेश दें और यदि भविष्य में जमानत अर्जी के समय पुलिस जांच आख्या नहीं आती है तो सम्बन्धित विवेचक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। शनिवार को यह जमानत पत्र चौफला दमूवाढूंगा निवासी आकाश कुमार की ओर से पेश हुआ था । आकाश कुमार 21 मार्च 2025 को 14.55 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार हुआ था। उसकी पिछली जमानत अर्जी में काठगोदाम थाने के विवेचक ने जांच आख्या व आपराधिक रिकार्ड पेश नहीं किया और आज भी नहीं किया जा सका था जिस कारण आरोपी को जमानत मिल गई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि विवेचक के द्वारा उपरोक्त जमानत प्रार्थना पत्र के विरुद्ध अपनी आख्या प्रस्तुत नहीं की गयी है पूर्व तिथि में भी अभियोजन के द्वारा विवेचक की आख्या प्राप्त ना होने के कारण स्थगन प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। न्यायालय के द्वारा पूर्व में कई बार सम्बन्धित थानों के न्यायालय में नियुक्त पैरोकारों को यह स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि प्रत्येक जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई हेतू विवेचक की आख्या व अभियुक्त का आपराधिक इतिहास के साथ जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई की तिथि पर समय से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाये परन्तु सम्बन्धित थानों से ना तो समय पर आख्या प्राप्त हो रही है और ना ही अभियुक्त का आपराधिक इतिहास न्यायालय को उपलब्ध कराया जा रहा है जो जमानत प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए आवश्यक है। सम्बन्धित थानों के द्वारा समय पर जमानत प्रार्थना पत्र के विरुद्ध आख्या एवं अभियुक्त का आपराधिक इतिहास उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण जमानत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में अनावश्यक रूप से विलम्ब कारित हो रहा है। उपरोक्त परिस्थितियों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल से यह अपेक्षित किया जाता है कि यह अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत आने वाले थानी के सभी थानाध्यक्षों को जमानत प्रार्थना पत्र के विरुद्ध आख्या एवं अभियुक्त का आपराधिक इतिहास के सम्बन्ध में आख्या जमानत प्रार्थना पत्री की सुनवाई की तिथि पर समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में जमानत प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में सम्बधित थाने से आख्या व अभियुक्त का आपरा. धिक इतिहास उपलब्ध नहीं कराया जाता है या विलम्ब से उपलब्ध कराया जाता है तो सम्बन्धित थानाध्यक्ष एवं विवेचक के विरुद्ध विभिनुसार कार्यवाही की जायेगी।

## स्कूली बच्चों को किराए में छूट देने की मांग

**नैनीताल।** सूखाताल वार्ड की सभासद गजाला कमाल ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर स्कूली बच्चों को रिक्शे के किराए में छूट देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व में माल रोड में जनता की सुविधा हेतु पैडल रिक्शों के स्थान पर ई-रिक्शों का संचालन शुरू किया गया था जिस दौरान किराए में वृद्धि कर 10 के स्थान पर 15 रुपए प्रति व्यक्ति किया गया था और निर्धारित मूल्य पर स्कूली बच्चों को छूट प्रदान करने का प्रावधान किया गया था। जिस पर तत्कालीन अधिशासी अधिकारी आईएएस राहुल आनंद ने भी सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने अनुरोध किया कि जनहित और स्कूली विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के पहचान पत्र और स्कूल यूनिफार्म के आधार पर 10 रुपया लिया जाने के लिए निर्देशित करें।

# तंबाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बीएस मेहता एवं कार्यक्रम समन्वयक मीनाक्षी बिष्ट के निर्देशन में स्वयंसेवकों के बीच अनेक रचनात्मक और शिक्षाप्रद गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधारोपण कर की गई। इसके पश्चात परिसर की सफाई हेतु श्रमदान किया गयाए जिससे स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में भाषण, निबंध लेखन




व पोस्टर निर्माण तथा स्लोगन लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिनमें स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और तंबाकू के दुष्परिणामों पर जागरूकता फैलाने वाले प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा जन जागरुकता अभियान में भाग लिया तथा विद्यालय परिसर में श्रमदान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना था बल्कि छात्रों में स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देना भी था। विद्यालय परिवार ने इस तरह के आयोजनों को आगे भी निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

# सड़क के लिए लोनिवि का घेराव

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-पंगोट मोटर मार्ग की बरसात से पहले सड़क के सुधारीकरण नहीं किए जाने पर क्षेत्रवासियों ने लोनिवि कार्यालय घेराव की चेतावनी दी है। क्षेत्रवासियों ने समय सीमा के अंतर्गत होने के बाद भी सड़क सुधार न करने का लोनिवि पर आरोप लगाया। क्षेत्र पंचायत सदस्य घूग्घू सिगड़ी मनोज बिष्ट ने लोनिवि को चेतावनी दी कि यदि बरसात से पहले पंगोट, महरोड़ा, घूग्घू सिगड़ी, हरियाल दौनियाखान आदि सड़कों को नहीं सुधारा गया जो वह लोनिवि कार्यालय का घेराव करेंगे। उन्होंने नैनीताल पंगोट मार्ग पर डामरीकरण का कार्य गुणवत्ता हीन किया जाता है जो कि दो माह भी सही से नहीं टिकता है। पंगोट कुंजाखड़क मार्ग में बीते 13 सालों से डामरीकरण



नहीं किया गया है, सड़क की हालत कच्ची सड़क से भी बदहाल है। पंगोट घूग्घू सिगड़ी मार्ग में 6 माह पहले ही डामरीकरण किया गया था जो कि पूरी तरह से उखड़ गया है सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। इसके साथ ही पंगोट बगड़ मार्ग को लोनिवि ने पीछले साल ही डामरीकरण और पेचींग कि थी जो की पूरी तरह से उखड़ गई है। डीफेक्ट लाइब्लेटी समय सीमा के अंतर्गत होने के बाद भी सड़क का सुधार नहीं किया गया है। सड़क खराब होने से दो पहियां वाहनों के दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। पर्यटन क्षेत्र होने के कारण रोजाना एक हजार से अधिक पर्यटकों के वाहन आते है। सड़क खराब होने से पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हो रहा हैए अगर बरसात शुरू होने से पहले सड़क का सुधारीकरण नालों की सफाई नहीं किया गया तो लोनि. वि कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

## लोनिवि के दो अधिकारियों समेत 3 की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लगातार बढ़ते सड़क हाद. सों के बीच शनिवार को नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में तीन भीषण हादसे हुए। इन हादसों में लोक निर्माण विभाग के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, अपर सहायक अभियंता और एक अन्य हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पहले हादसे में रानीखेत में तैनात मुख्य प्रशासनिक अधिकारी बाइक पर सवार थे। जबकि दूसरे हादसे में सहायक अभियंता की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस कार में उनके साथ पांच और लोग सवार थे। कुल 5 घायलों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है, जहां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं रविवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने सभी शव परिजनों के सुपुर्द कर दिए हैं।

# बाल नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में युवा पीढ़ी को रंगकर्म से जोड़ते हुए रचनात्मक गतिविधियों से जोडने के विशेष मकसद से युगमंच एवं शारदा संघ के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक माह तक चलने वाली बाल नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला के शुभारंभ पर उपस्थित बच्चों अभिभावकों एवं प्रशिक्षकों को सम्मानित करते हुए संगीत नाटक अकादमी से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ रंगकर्मी जहूर आलम ने कहा कि आज जब अधिक. ांश बच्चे मोबाइल से चिपके हैं तो ऐसे में मोबाइल की आभासी दुनिया से हटकर ऐसे प्रयास बच्चों में रचनात्मकता का विकास करने में काफी मददगार होते हैं। वरिष्ठ



रंगकर्मी एवं संगीतज्ञ नवीन बेगाना ने कहा कि पिछले कई वर्षों से सैकड़ों बच्चों ने बाल नाट्य कार्यशालाओं का लाभ उठाया है। सोशल मीडिया के चर्चित कलाकार कौशल साह ने बच्चों से कार्यशाला में खुलकर भाग लेने का आह्वान किया। युगमंच के युवा सचिव एवं रंगकर्मी शिक्षक मनोज कुमार मनु ने बच्चों को अच्छे कलाकार बनने के लिए शुभकामनाएं दी। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय संचार ब्यूरो के निदेशक नीरज भट्ट ने बच्चों हेतु किये जा रहे इस प्रयास हेतु बधाई देते हुए इसे आने वाले कलाकारों की पहली सीढ़ी बताते हुए बधाई दी।कार्यशाला निर्देशक अनिल कुमार ने पहले दिन वॉक एंड टॉक गति. विधियां कराते हुए बच्चों के आपसी परिचय सत्र का रोचक आयोजन किया। उद्घाटन सत्र पर रंगकर्मी शिक्षक डा. हिमांशु पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए व्यक्तित्व विकास हेतु नाट्य कार्यशाला को मील का पत्थर बताते हुए इस अवसर का लाभ उठाते हुए अधिक से अधिक सक्रिय प्रतिभाग का आह्वान किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में डीएसबी परिसर में असिस्टेंट प्रो. डा. दीपशिखा, सीआरएसटी प्रायमरी विंग की शिक्षिका मानी बंगारी, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बगड़ की रचनात्मक शिक्षिका दीपा पांडे सहित रु त आलम, दीपक सहदेव, संजय कुमार, अदिति खुराना तथा मदन सिंह मेहरा, डा. मोहित सनवाल व मिथिलेश पांडे आदि द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

# बालिकाओं की भावपूर्ण प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रविवार से शुरु हो

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ऑलसेंट्स का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव शुरू**

गया है। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत ईश्वर वंदना यू आर माई ऑल में किये गये नृत्य से हुई। अपनी प्रस्तुति से छात्राओं ने ईश्वर के सर्वोपरि और सर्वशक्तिमान होने पर प्रकाश डाला और प्रभु के नाम से



सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया। इसके पश्चात कक्षा 1 से 5 तक की छात्राओं ने डिज़्नी की प्रसिद्ध कहानियों स्नो व्हाइट एंड द सेवन ड्वार्व्स तथा ब्यूटी एंड द बीस्ट पर आधारित एक संगीतमय नाट्य प्रस्तुति दी। बालिकाओं की भावपूर्ण अभिनय क्षमता और मोहक प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों, गुरुजनों एवं अतिथियों का हृदय जीत लिया। कक्षा 3 से 5 की छात्राओं द्वारा प्रसिद्ध लेखक रोआल्ड डाहल की कविता टेलीविजन का सामूहिक सस्वर पाठ किया गया। इन नन्हीं छात्राओं ने अपनी मासूम व व्यंग्यात्मक और प्रभावशाली शैली में यह संदेश दिया कि टेलीविज़न के स्थान पर पुस्तकों को प्राथमिकता देना चाहिए। उनकी इस प्रेरणादायक प्रस्तुति की जहां एक ओर सभी को गुदगुदाया वहीं दूसरी ओर सभी को सोचने पर मजबूर कर दिया। छात्राओं ने वायलिन बजाकर प्रसिद्ध बॉलीवुड गाने कुछ कुछ होता है और देखा एक ख्वाब जैसे सदाबहार नगमों की धुने बजाकर सभी के मन को छू लिया। इसके पश्चात छात्राओं ने प्राचीन ग्रंथों और परंपराओं पर आधारित विविध पारंपरिक नृत्य शैलियों का संगम प्रस्तुत किया। इस भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से उन्होंने जीवन के मूल तत्वों को श्रद्धांजलि अर्पित की जो प्राचीन और आधुनिक दर्शन की नींव माने जाते हैं। हिंदी समूह गान की शुरुआत छात्राओं ने जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए की। इसके बाद उन्होंने जल ही जीवन है का संदेश दिया और जल संरक्षण की आवश्यकता को रेखांि. कत किया। इस प्रस्तुति के अंतिम चरण में विद्यार्थियों ने वर्षा ऋतु के स्वागत में प्रसिद्ध बॉलीवुड गीत घ न नन घ न नन घन घिर आए बदरा गीत गाकर मनमोहक अंदाज में समापन किया। इसके उपरान्त स्वारंजलि प्रस्तुत की गई जिसमें छात्राओं ने सितार, तबला व जल तरंग, वयलिन व हार्मोनियम आदि अनेक शास्त्रीय वाद्य यंत्रों की जुगलबंदी कर राग भैरवी पर आधारित दमा दम मस्त कलंदर गीत पेश कर सभी को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चार्ल्स डिकेंस द्वारा रचित प्रसिद्ध कृति ओलिवर ट्विस्ट पर आधारित विशेष प्रस्तुति ऑलिवर का मंचन किया। अंत मे छात्राओं ने वायलिन मे कॉलेज एंथेम की ताल को बजाया। मुख्य अतिथि डायसेसेन सेक्रेटरी और आगरा डायोसिस सीएनआईडीईबी के सेक्रेटरी रहे डा. अविनाश चंद रहे। उन्होंने छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों को सराहा व उन्हें इसी तरह अपनी प्रतिभा को निखारते रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान आगरा के सेंट जोन्स कॉलेज के प्रधानाचार्य और सी एन आई के गवर्निंग बॉडी के सदस्य डा. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, आगरा के सेंटपॉल चर्च कॉलेज की प्रधानाचार्या संचिता दान, पास्टर जॉन जॉर्ज मुनव्वर व विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे। संचालन राधिका पांडे पिल्लई, दिव्यांशी बिष्ट, तृषा सिंह, रिद्धिमा चौहान, समायरा गुप्ता, आद्या टंडन व नीमा उपाध्याय ने किया। इससे पूर्व ऑल सेंट्स कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्या अंजना रिचर्ड्स ने सभी अतिथियों का स्वागत किया व उनका आभार व्यक्त किया।

# इंस्पेक्टर बने नैनीताल के पांच एसआई

## एसएसपी ने कंधों पर सजे सितारे, दी बधाई



**हल्द्वानी।** उप निरीक्षक से पदोन्नत हुए नैनीताल के पांच एसआई के कंधों पर एसएसपी ने एक और सितारा लगा दिया। ये सभी अब इंस्पेक्टर (निरीक्षक) हैं। बता दें कि नैनीताल जिले में तैनात विजय मेहता, नीरज भाकुनी, प्रकाश सिंह मेहरा, रजत सिंह कसाना और गणेश सिंह को निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है। इस पर रविवार को एसएसपी पीएन मीणा ने रविवार को पीपिंग सेरेमनी का आयोजन किया। निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुए उपनिरीक्षकों के कंधों में स्टार लगाकर एसएसपी ने उन्हें अलंकृत किया। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ सिटी नितिन लोहनी व अन्य साथियों ने शुभकामनाएं दीं।

## पूर्व डीसीबी चेयरमैन चौ. सुरेद्र सिंह पनियालस ने

# फर्जी कागजों के सहारे षड्यंत्र रचकर भूमि पर अवैध कब्जा करने के आरोप में गजे सिंह सहित नौ के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पूर्व कांग्रेस नेता चौधरी गजे सिंह उनके पुत्र व उनके भाईयों सहित नौ लोगों के खिलाफ मंगलौर कोतवाली में फर्जी कागजों के जरिये साजिश कर जमीन का बैनामा कर के पूर्व में खुद के द्वारा बैनामा कर के बेची गयी भूमि पर फिर से अवेध कब्जा करने के आरोप में मंगलौर कोतवाली पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन चौ. सुरेद्र सिंह पनियाला ने तहरीर देकर बताया कि प्रार्थी द्वारा गजे सिंह पुत्र घसीटा सिंह, दीपक पंवार पुत्र गजे सिंह, निवासी आवास विकास कालोनी रूडकी व श्रीमती पूजा पत्नी पवन निवासी रामनगर रूडकी व रोहिताश पुत्र मनीराम निवासी सुनहरा रूडकी, कमर आलम पुत्र स्व. कमर आलम पुत्र मकसूद हसन नगला कुबडा से दिनांक 10.08.2017 में एक बैनामा उप निबंधक रूडकी प्रथम के यहां कराया जिसका दस्तावेज संख्या 3433 के रूप में नियमानुसार हुआ। एक भूखण्ड जोत चकबंदी आकार पर 23 के अनुसार चक सं0 27 गाटा संख्या 245/2 रकबई 0.143 हैक्टेयर खरीदी थी जो गोदावरी होटल के पास मंगलौर स्थित है। चौ. सुरेंद्र सिंह का कहना है कि वह तब से ही उक्त भूखण्ड पर कब्जेदार है किसी ओर का वहां अतिरिक्त भूखण्ड नहीं है जबकि गजे सिंह व उसके पुत्र दीपक पंवार ने सुरेंद्र सिंह पुत्र सोरण सिंह निवासी सुसाडी व अजीत सिंह पुत्र रामपाल निवासी मौहल्ला नई मंडी मुजफफरनगर व यशपाल सिंह पुत्र घसीटा व जयवीर पंवार पुत्र यशपाल निवासीगण चांदोडी देवबंद सहारनपुर तथा सुधीर पंवार पुत्र यशपाल निवासी नई मंडी कस्बा झबरेडा व पूजा द्वारा रोहिताश पुत्र मनीराम निवासी सुनहरा अपराधिक षडयंत्र रचकर सोची समझी साजिश के तहत बेईमानी की नियत से साज कर फर्जी व कूट रचित विक्रय पत्र तैयार कर असल रूप में प्रयोग कर के मेरे द्वारा खरीदे गये उपरोक्त भूखण्ड जो मैंने 10.08.2017 को खरीदा था उस पर नाजायज व गैर कानूनी तरीके से अवेध कब्जा कर लिया है। प्रार्थी ने जब उक्त अवेध कब्जे का विरोध किया तो प्रार्थी व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी ओर यह भी कहा कि उनके संबंध बडे बडे नेताओं, उच्च अधिकारियों व जूडिशियल वालों से भी हैं इसलिए तुम उनका कुछ नहीं बिगाड पाओंगे। प्रार्थी का कहना है कि जिस वक्त उन्होंने यह भूमि खरीदी थी उस वक्त गजे सिंह से ही सौदा तय हुआ था ओर नीरज पुत्र कमलेश त्यागी मौके के गवाह है। चौ. सुरेंद्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने गजे सिंह व उसका पुत्र दीपक, सुरेंद्र सिह पुत्र सोरण सिंह, अजीत सिंह, यशपाल सिंह, पूजा, रोहिताश, जयवीर, सुधीर के खिलाफ मंगलौर कोतवाली पर मुकदमा अपराध सं0 0433 31.05.2025 बीएनएस 318(4) 336(3) 338, 340(2), 351(2) व 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मुकदमा दर्ज कर गहनता से जांच शुरू कर दी है।

> ❖2017 में चौधरी गजे सिंह ने खुद व साथियों के साथ जिस भूमि का बैनामा किया बाद में उसी जगह को अपने भाई के नाम फर्जी बैनामे के जरिये कब्जाने की गई कोशिश

# पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना के नेतृत्व में मंगलौर में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने मंगलौर गुड़ मंडी से मंगलौर तक एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जिसमें भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया इस मौके पर पूर्व केबिनेट मंत्री करतार सिंह भड़ाना ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के के चलते हमारे देश के जवानों की जाने गई तो वही उन्होंने दुश्मन देश के भी छक्के छुड़ाने का काम किया है इसी के चलते रविवार को स्थित मंगलौर गुड़ मंडी से यह यात्रा मंगलौर बस स्टैंड को होते हुए देश के शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने का काम किया है उन्होंने यह भी कहा कि उनके लिए सबसे पहले देश है बाद में राजनीति और आज वह देश के लिए पूरी तरह से समर्पित है इसी दौरान उन्होंने यह भी साफ कर दिया कि 2027 में वह मंगलौर विधानसभा से चुनाव लड़ेंग



# राज्य मंत्री रोहेला का रुड़की पहुंचने पर स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विनय रोहेला ने रविवार को कार्यकर्ताओं से बैठक कर आपदा से पूर्व बचाव पर सुझाव लिए। उससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सोमवार को रोहेला इस संबंध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

रुड़की पहुंचे दर्जा प्राप्त मंत्री विनय रोहेला का कार्यकर्ताओं ने ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री धीर सिंह रोड के कैम्प कार्यालय पर जोरदार स्वागत किया। उसके बाद आईआईटी स्थित एक सभागार में उन्होंने अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसमें क्षेत्रीय आपदाओं, विशेष रूप से बरसात में जलभराव, नालों पर अतिक्रमण, नालों की सफाई, नदियों के कटाव, तालाबों पर अतिक्रमण और आपातकालीन सेवाओं की स्थिति पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया और सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रबंधन को लेकर पूरी तरह से सतर्क और संवेदनशील है तथा जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमीनी स्तर पर जाकर समस्याओं का निरीक्षण करें और उसके निराकरण के लिए प्रभावी कार्य योजना तैयार करें। वहीं सोमवार को वह नगर निगम सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह, मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल,अवनीश शर्मा,सचिन चौधरी,कविंद्र चौधरी,अरविंद गौतम, सुशील त्यागी, पवन तोमर, जिला महामंत्री अरविंद गौतम,भीम सिंह, सावित्री मंगला, सतीश सैनी, पंकज नंदा, पूजा नंदा,आलोक गौतम, मनोज नायक, विवेक कंबोज, सुशील रावत, रवि राणा , धीर सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा सचिन गुर्जर, रोमा सैनी , मंडल अध्यक्ष बृजमोहन सैनी, सुमित अग्रवाल, गगन सरीन, विपुल कुमार ,विनीत प्रजापति,प्रोफेसर संदीप सिंह, विपुल सिलवाल, अजय टाक,बीएल अग्रवाल, कुणाल सचदेवा,अवनीश त्यागी, वरुण, पुलकित,ममता चहल आदि उपस्थित



## लक्सर पुलिस का सत्यापन अभियान

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा चारधाम यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए सत्यापन अभियान चलाया है। अवैध रूप से रह रहे लोगों में खलबली मच गई है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा चार धाम यात्रा के मध्य नजर जनपद में निवास बाहरी व्यक्तियों व होटल ढाबो में कार्य करने वाले व्यक्तियों बाजारों में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों फड फेरी वाहनों की बारीकी से चेकिंग कर प्रभावी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया था जिसमे अलग-अलग पुलिस टीम बनाई गई पुलिस टीम के द्वारा कोतवाली क्षेत्र में 163 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया जिनमें तीन व्यक्तियों के चालान न्यायालय ह30000 किए गए बाकी चालान 81 पुलिस एक्ट 5500 रुपए संयोजन शुल्क वसूला गया

# धनौरी मे ईद व कांवड़ यात्रा के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**पिरान कलियर।** ईद उल अजहा ओर कावड़ यात्रा सम्बंध में क्षेत्र के गण्यमान्य ओर जन प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

जानकारी के अनुसार रविवार को थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने धनौरी चौकी परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य लोगों के साथ ईद उल अजहा ओर आगामी कावड़ यात्रा के सम्बंध बैठक कर कहा कि आगामी कांवड मेला ओर ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व को शान्ति पूर्ण तरीके से मनाने एवं शासन/प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो का पालन करे ओर पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने ने पुलिस का सहयोग करे।उन्होंने कहा कि आने वाले पर्व के अवसर पर असामाजिक तत्वो द्वारा आपराधिक घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को सहयोग करने ओर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।इस दौरान धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## 48 पव्वों के साथ दो गिरफ्तार

**पिरान कलियर।** पुलिस ने बाईक सवार दो व्यक्तियों को अंग्रेजी शराब के 48 पव्वो के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया है।

कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि चेंकिंग के दौरान पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि कलियर बाईपास मार्ग से दो व्यक्ति बाईक पर अंग्रेजी शराब को बेचने के लिए जा रहे है।पुलिस ने दोनो व्यक्तियों को बाईक सहित पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से 48 पव्वे अंग्रेजी शराब के बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम मोहित ओर सन्नी निवासी हकीमपुर तुर्रा थाना कलियर बताया। पुलिस ने दोनो आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सैनी महापंचायत ने समाज के मेधावियों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सैनी महापंचायत संगठन उत्तराखंड द्वारा संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक जय भगवान सैनी एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अंकित सैनी प्रदेश संरक्षक मनोज सैनी चैयरमेन प्रदेश संरक्षक रवि पाल सैनी की उपस्थिति में रुड़की शेरपुर स्थित रेड कॉरपोरेट वेंकट हॉल में मनोज सैनी प्रिंसिपल डीएवी कॉलेज यह अध्यक्षता में सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के प्रदेश महासचिव शिवकुमार सैनी जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सैनी के द्वारा किया गया। किसलय सैनी जी के द्वारा क्रांतिकारी कविताओं से प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। महापंचायत ने हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में राज्य एवं सम्मान समारोह प्रतियोगिता में कु वैष्णवी प्रताप सैनी पुत्री निर्मल सिंह सैनी हाईस्कूल और प्रतियोगिता में इंटरमीडिएट परीक्षा में कुंवारी रिया सैनी निवासी माजरी ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर हार्दिक शुभकामनाएं सहित उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संगठन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया और प्रदेश अध्यक्ष अंकित सैनी द्वारा रक्तदान करने वाले रक्त वीरों का भी धन्यवाद किया गया और प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रतिभा करने वाले सभी छात्राओं के परिजनों अनुरोध किया कि हमें 'अपने महापुरुषों के छाया चित्रों को अपने घरों में लगाने पर जोर दिया' और अपने बच्चों को बताना चाहिए कि 'भारत की प्रथम महिला शिक्षिका राष्ट्र माता सावित्रीबाई फुले के' इतिहास की जानकारी देनी चाहिए। संगठन के द्वारा सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मास्टर नीटू सिंह सैनी, नवीन सैनी, विनय सैनी, मांगेराम सैनी प्रधान रोहतास सैनी, निर्भय सैनी अनूज सैनी सुनील सैनी संस्कारी डॉक्टर नवीन सैनी अजय सैन, शिव सैनी, सैनी, अंकित सैनी शविकास सैनी एडवोकेट कुलदीप सैनी एडवोकेट शुभम सैनी रामकुमार सैनी रजनीश सैनी शुभम सैनी विशाल सैनी श अमरीश सैनी दौलतराम सैनी सुबोध सैनी मोहन सैनी ललित सैनी गुड्डू सैनी नीरज सैनी आदि लोग उपस्थित रहे।



# लाखों रुपए के सरकारी पेड़ों पर चलाई वन माफिया ने कुल्हाड़ी

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**लक्सर।** खानपुर क्षेत्र के अबदिपुर में वन माफिया द्वारा लाखों रुपए के पेड़ों पर छुट्टी होने से सुबह 6:00 बजे ही सरकारी जमीन से लाखों रुपए के पेड़ काट डाले। दो ट्राली पेड़ वहां से उठा लिए गए और बाकी मौके पर पड़े हुए हैं। रविंदर कुमार निवासी अवदीपुर ने बताया कि खसरा नंबर 131 सोलानी नदी एवं वन विभाग की जमीन है जिसमें कुछ लोगों के द्वारा अभी 10 दिन पहले भी लाखों रुपए के पेड़ काटकर बेच दिए गए थे आज सुबह ही फिर लाखों रुपए के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी जिसमें से कुछ पेड़ उठाकर ले गए। कुछ मौके पर ही पड़े हुए हैं। उन्होंने कहा हमने पहले जो पेड़ काटे गए थे उसकी जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को दी थी और आज की जानकारी भी संबंधित अधिकारियों को दी है जिस पर अभी तक किसी भी अधिकारी के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई इस सरकारी जमीन का मामला उच्च न्यायालय नैनीताल में भी विचाराधीन है इस मामले की जानकारी होते हुए भी संबंधित अधिकारी कुछ भी करने को तैयार नहीं है। वही सोनू कुमार निवासी अवदीपुर ने कहा कि जिस तरह से लाखों रुपए के पेड़ पहले भी काट लिए गए थे उसमें कोई कार्रवाई नहीं हुई थी आज भी इसी तरह से पेड़ काट ले गए हैं जिसकी जानकारी व्हाट्सएप के द्वारा संबंधित अधिकारियों को दी गई संबंधित अधिकारियों ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है उन्होंने कहा हमने सभी संबंधित अधिकारियों को लिखित में शिकायती पत्र दे रखा है और हमारा मामला उच्च न्यायालय नैनीताल में भी विचाराधीन है वही ग्राम प्रधान कृष्ण पाल ने बताया कि मुझे जानकारी मिली की कुछ लोगों ने सरकारी जमीन से पेड़ काट लिए हैं मैं तुरंत ही मौके पर पहुंचा और काटे हुए पेड़ों को वहीं रुकवाया जिसमें प्रीतम कुछ पेड़ काट कर ले गया है उन्होंने कहा मैंने सभी संबंधित अधिकारियों के व्हाट्सएप पर सूचना भेज दी है क्योंकि आज छुट्टी होने की वजह से कोई ऑफिस नहीं खुला हुआ है वहां पर लेखपाल एव वन-विभाग के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए थे वह भी वन माफिया प्रीतम के खिलाफ कार्रवाई की बात करते नजर आ रहे थे।

## अवैध खनन में पुलिस की छापेमारी, तीन वाहन सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा अवैध खनन ओवरलोड में छापेमारी करते हुए तीन वाहनों को पड़कर सीज कर दिया गया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अवैध खनन ओवरलोड चलने वाले वाहनों पर अंकुश लगाए जाने के लिए समस्त थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया था जिसमें लक्सर पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अवैध खनन माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन वाहनों को पकड़कर सीज कर दिया गया है उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हरीश गैरोला अउप निरीक्षक रंजीत नौटियाल कांस्टेबल अरुण चौहान मोहित खंतवाल शामिल रहे उन्होंने यह भी कहा कि उच्च अधिकारियों के आदेश अनुसार अवैध खनन ओवरलोड लक्सर कोतवाली क्षेत्र में नहीं चलने दिया जाएगी।

## पुलिस ने शांति भंग में चार को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अलग-अलग प्रकरणों में कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा शांति भंग करने पर 04 अभियुक्तगणों को गिरफ्तार किया है। दिनांक 31. 05.25/01.06.25 को उपनिरीक्षक नवीन कुमार. स्पे करूणा रौकली, हेड कांस्टेबल दुर्गा प्रसाद, कांस्टेबल राकेश राणा, कांस्टेबल राहुल कुमार द्वारा दौराने शांति व्यवस्था ड्यूटी, शांति भंग करने के आरोप में अभियुक्त गण 1.याकूब पुत्र दीन मोहम्मद निवासी ग्राम तेलीवाला कोतवाली गगनहर जनपद हरिद्वार 2-आसिफ पुत्र शेर अली निवासी उपरोक्त,, 3-आकिब पुत्र शेर अली निवासी उपरोक्त 4-मेहबूब उर्फ टोनी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी पश्चिम अंबर तालाब कोतवाली गगनहर जनपद हरिद्वार को सम्बन्धित अन्तर्गत धारा 170 मे गिरफ्तार किया गया। अभि0गणो को बाद मेडिकल परीक्षण के माननीय ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट रुड़की महोदय के समक्ष पेश किया जाएगा। हबूब उर्फ टोनी पुत्र अब्दुल हमीद निवासी पश्चिमी अंबर तालाब कोतवाली गंगनहर बताया।

## केवि 2 में समर कैंप का आयोजन

**रुड़की।** पीएम श्री केवि 2 में 30 मई 6 जून तक भारतीय भाषा समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में बच्चों को भाषा के साथ.साथ पारंपरिक लोक नृत्यए वेशभूषाए वाद्य यंत्र प्रदर्शन और पारंपरिक व्यंजनों की जानकारी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों में भाषाई और सांस्कृतिक विविधता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस समर कैंप में 40 से अधिक छात्रों ने भाग ले रहे हैं। कैंप में गायनए नृत्यए श्रवण कौशल विकासए रोल प्लेए भारतीय मसालों की जानकारी और स्थानीय ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं।

# भगवानपुर पुलिस ने चलाया विशेष सत्यापन अभियान, वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**भगवानपुर।** एसएसपी हरिद्वार के निर्देशन में थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा विशेष सत्यापन अभियान चलाया गया। 110 मकान मालिकों के घरो पर जाकर सत्यापन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार महोदय द्वारा जनपद में बाहरी प्रदेशों से आये कर्मचारी/ मजदूर/ फड़/ किरायेदार ठेली वाले व्यक्तियो के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक भगवानपुर द्वारा आज अलग- अलग टीमों का गठन कर वेरिफिकेशन अभियान चलाया गया एवम निम्नलिखित कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान-सत्यपान का क्षेत्र ग्राम सिसौना 110 मकान मालिकों के घरो पर जाकर सत्यापन किया गया जिनमें से 50 मकान मालिक को द्वारा अपने मकानो में रखे गए किराएदारों का सत्यापन नहीं कराया गया था जिस कारण 50 मकान मालिको का धारा 83 पुलिस अधिनियम में चालान संयोजन शुल्क 500,000/-रुपये न्यायालय किया गया। सत्यापन की कुल संख्या-210 किरायेदार, सत्यापन के दौरान संदिग्ध पाये जाने पर 04 लोगो के 81 उत्तराखंड पुलिस अधिनियम मे किया चालान 1000/-रु0 संयोजन शुल्क वसूला गया है।

## पुलिस ने एक युवक को किया तड़ीपार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा न्यायालय के आदेश पर एक व्यक्ति को जिला बदर कर दिया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा अपराधिक प्रवर्ति के लोगों को जनपद सीमा से बाहर करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे जिसमें लक्सर पुलिस द्वारा गुंडा एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई पूर्ण कर अभियुक्त मनजीत पुत्र राजपाल निवासी दाबकी कला कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार को जनपद सीमा से बाहर करते हुए 30 दिन के लिए सख्त हिदायत दी गई है उन्होंने कहा जिला हरिद्वार की सीमा से बाहर कर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश में अभियुक्त को रवाना किया गया है और समय अवधि के अंदर जिला हरिद्वार में प्रवेश नहीं करने की हिदायत दी है।

## सरकार की मनमानी से विद्यालयों में शिक्षकों की कमी से शिक्षा खस्ताहाल

# सेवानिवृत्त से खाली पद नहीं भरे जा रहे: ब्रह्मचारी

## नारसन में अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की जनपदीय इकाई की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नारसन/रुड़की।** अशासकीय विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन की जनपदीय इकाई के संरक्षक एवं सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि प्रदेश सरकार अशासकीय विद्यालयों का अस्तित्व मिटाने पर लगी है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यदि जरूरत पड़ी तो मामले को लोकसभा में उठाया जाएगा। वह नारसन स्थित राजा महेंद्र प्रताप प्रेम विद्यालय इण्टर कॉलेज में जनपदीय अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता तथा जिला मंत्री अरविंद राठी के संयोजन में आहुत आम सभा की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। सोनीपत (हरियाणा) से कांग्रेस सांसद एवं एस० एम० एस० डी० इण्टर कॉलेज कनखल के प्रबंधक सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने से पद खाली होते जा रहे हैं लेकिन शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत की मनमानी के कारण नियुक्ति प्रक्रिया पर अघोषित रोक लगी हुई है। किसी भी विद्यालय को बिना माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति नहीं दी जा रही है सउन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय बार-बार इस मामले पर सरकार को फटकार लगा चुका है। सांसद ब्रह्मचारी ने कहा कि अशासकीय विद्यालयों के बेहतर परीक्षाफल के बावजूद इन स्कूलों के बच्चों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि जरूरत पड़ी तो प्रदेश सरकार के रवैये के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा। महानगर रुड़की की मेयर अनिता देवी अग्रवाल व उनके पति वरिष्ठ भाजपा नेता ललित मोहन अग्रवाल प्रबंधक मारवाड़ कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज रुड़की छावनी ने अपने संबोधन में कहा कि वह मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री को मिलकर अशासकीय विद्यालयों की समस्याओं से अवगत कराएंगे तथा एसोसिएशन का मांग पत्र उन्हें सौंप कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का आग्रह करेंगे। एसोसिएशन के प्रांतीय संरक्षक चंद्र मोहन पयाल ने सांसद सतपाल ब्रह्मचारी व मेयर अनिता देवी अग्रवाल को 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा तथा कहा कि शिक्षामंत्री बार-बार भर्तियों के लिए चयन बोर्ड (आयोग) बनाने की धमकी दे रहे हैंजबकि उच्चतम न्यायालय पूर्व में ही पश्चिम बंगाल के मामले में स्पष्ट कर चुका है कि सरकार अशासकीय विद्यालयों के लिए नियम कायदे कानून बना सकती है परंतु नियुक्ति का अधिकार प्रबंधतंत्रों से नहीं छीना जा सकता है। प्रांतीय महामंत्री विमल नेगी ने कहा कि शासन/विभाग द्वारा आहूत समीक्षा बैठकों में शिक्षक संघो को तो आमंत्रित किया जाता है परंतु विद्यालयों के संचालकों/ प्रबंध तंत्रों को नहीं बुलाया जाता है। जनपदीय संरक्षक राजकुमार चौहान एडवोकेट ने 1 अक्टूबर 2005 से पूर्व विज्ञप्ति एवं परिणाम वाले मामलों में राजकीय की भांति अशासकीय विद्यालयों के कार्मिकों को भी पुरानी पेंशन से आच्छादित करने की मांग समानता के आधार पर उठाई। प्रधान विजय कुमार मखदुमपुर ने 50 प्रतिशत विद्यालयों में लंबे समय से अनावश्यक रूप से जमे प्रबंध संचालकों को हटाने तथा प्रबंध समितियो का विधिवत चुनाव कराकर उन्हें पदारूढ़ कराने की मांग की। डॉ मनोज चौधरी मानकपुर आदमपुर ने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विहीन विद्यालयों में आउटसोर्स के माध्यम से नियुक्ति का अधिकार प्रधानाचार्य को दिए जाने तथा धनोरी प्रबंधक आदेश सैनी ने डाऊनग्रेड प्रधानाचार्यों के लिए बनाए गए प्राचीन मानकों में संशोधन कर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि को अर्ह होने संबंधी शासनादेश जारी किए जाने की बात दोहरायी। हबीबपुर नवादा प्रबंधक ताराचंद सैनी एडवोकेट ने अनुभागों का निर्धारण राजकीय विद्यालयों के अनुरूप करने तथा माजरी गुम्मावाला प्रबंधक श्रीमती राजबाला सैनी ने अनुदानित विद्यालयों में संचालित वित्त विहीन विषयों के पद सृजित किए जाने पर जोर दिया। मीडिया प्रभारी डॉ घनश्याम गुप्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर रितु कैप्टन अजय कौशिक सत्य प्रकाश भीम सिंह राठौड़ सत्यपाल नवीन अग्रवाल डॉक्टर एनके शर्मा बर सिंह जितेंद्र नेगी विजेंद्र सिंह अतुल अग्रवाल समय सिंह सैनी अमित गोयल देवेंद्र सिंह गौरी शंकर गुप्ता मुकेश कुमार अरुण कुमार ओमवीर सिंह समेत अनेक प्रबंधक तथा प्रतिनिधि प्रधानाचार्य बैठक में आदि उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

सोमवार, 2 जून 2025

## ट्रम्प का शगूफा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक बार फिर भारत-पाक के बीच सीजफायर को लेकर श्रेय लेने का शगूफा छोड़ दिया। ऐसा उन्होंने एक बार नहीं एक दिन में दो बार किया। कुल मिलाकर बात करें, तो यह 11वां मौका था जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से यह कहते दिखाई दिए कि उन्होंने ही दस मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया था। वह यहीं नहीं रुकते, जो सबसे बड़ी बात वह कहते हैं वह यह कि अमेरिका से ट्रेड की धमकी देकर वह संभावित युद्ध को रोकने में सफल रहे। मतलब साफ है कि इस बात से वह यह कहना चाह रहे हैं कि युद्ध रोकने के लिए न भारत तैयार था न पाक। अमेरिका से व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों को सीजफायर करने के लिए विवश होने पर मजबूर कर गई। जहां तक बात भारत की है, भारत अपनी तरफ से कई बार यह सफाई दे चुका है कि सीजफायर का फैसला भारत और पाक के बीच ही वार्ता में तय हो पाया था और तीसरे देश की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प हैं कि चुप होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वह अमे. रिका में ही नहीं बल्कि अमेरिका से बाहर जाकर अपने दौरे में भी वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। पिछले दिनों जब वह कतर व सऊदी की यात्रा पर आए थे तब भी उन्होंने यह राग अलापा था। निश्चित रूप से यह भारत सरकार के लिए बड़ी असहज स्थिति है। देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ट्रम्प की इन बयानबाजियों को लेकर सरकार पर निशाना साध रहा है, जोकि स्वाभाविक ही है। जयराम रमेश व पवन खेड़ा जैसे कांग्रेसी नेता खुलकर प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले में घेर रहे हैं। वह इस पूरे प्रकरण पर सरकार की चुप्पी विशेषकर पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है। सरकार इस मामले में खुलकर अपनी राय नहीं रख पा रही है। विपक्ष मांग कर रहा है कि सरकार बताए कि अमेरिकी राष्ट्रपति को मध्यस्थता के लिए किसने कहा था और यदि वह अपनी ओर से कह रहे हैं तो सरकार को बाकायदा अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए और ट्रम्प से कहना चाहिए कि वह इस तरह की बयानबाजी से बाज आएं, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। यह समझना भी बेहद कठिन है कि आखिर ट्रम्प भारत के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों कर रहे हैं और बार-बार उनको यह कहने की जरूरत क्यों पड़ रही है। जाहिर है वह कोई भी ऐसा मौका नहीं गवा रहे हैं, जिससे भारत की परेशानी बढ़े। विशेषकर मोदी को लेकर वह ज्यादा ही विमुख होते दिखाई दे रहे हैं। एक तरफ वह उनको अपना दोस्त भी बताते हैं, उनकी प्रशंसा भी करते हैं लेकिन दूसरी तरफ इस तरह की बातें भी करते हैं, जिससे पीएम मोदी के सामने असहजता की स्थिति उत्पन्न हो। जाहिर है, अमेरिकी राष्ट्रपति दोहरा गेम खेल रहे हैं। वह भारत-पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की बात तो कह ही रहे हैं, साथ ही भारत व पाक को एक ही नजरिये से देख रहे हैं। ऐसे में भारत को बहुत सतर्कता के साथ पूरे मामले से निपटने की जरूरत है।

### कश्मीर को दोस्ती और समझ का पुल बनाएं



जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए, जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है, हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है, पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है, हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके, जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी, हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, पर वहां के लोगों से नहीं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी**

# नीचता, गलीचता से महानता तक

घटिया, नीच और गलीच की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में प्रेम और तर्क खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक सीवेज चिंतन वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानो किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन प्रेम के शुक्ल पक्ष में खोल दिया हो। ऐसा प्रेममई मुंह और उससे रिसती मवादीय भाषा ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।

प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगिरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत प्रेममई भाषा में जवाब आ जाता है। हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है। कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है। कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी प्रेममई भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पाएगा? जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट प्रेममई किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है, क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में भाषाई फूहड़ आतंकवादियों का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है, चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं यह गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है, लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका? इनके एक बहादुरकर ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे। सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी?

प्रेमभाषा से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त हिन्दू राष्ट्र मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संघटन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किए गए? मानस संगठन के प्रथम अगुवा ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेई के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरा. ध क्यों किया? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? यह हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है प्रेमो टाइप्स चेपुओं के पास नहीं हैं। आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ। यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां। तेरी चाची। तेरी बहन जी के अलावा। भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है, लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28 प्रतिशत अधिक है। भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52 प्रतिशत अधिक है। है कोई जवाब या वही एक प्रेमामई शब्द है तेरी। चाल, चरित्र और चिंतन के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं। सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए। पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल महंगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? एक पेड़ मां के नाम का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? महंगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले सच से असहज होकर सीधे तेरी मां, तेरी चाची। तेरी बहन... की प्रेमकथा वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सवाल

- **एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे?**
- **नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे?**
- **रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों?**
- **राफेल महंगा क्यों खरीदा गया?**
- **France से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की?**
- **गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों?**
- **सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है?**
- **एक पेड़ मां के नाम का धोखा और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ?**
- **बेरोजगारी चरम पर क्यों?**
- **4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं?**
- **महंगाई पर लगाम क्यों नहीं?**
- **शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है?**
- **हर ओर निजीकरण क्यों?**





पवन सिंह

# देश की रक्षा परियोजनाओं में देरी क्यों

**एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के बयान ने रक्षा क्षेत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। रक्षा कॉन्ट्रैक्ट्स में यथार्थवादी समय सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए। सिंह ने सुझाव दिया कि हमें वही वादा करना चाहिए जो हम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से पहले गहन तकनीकी और लॉजिस्टिकल मूल्यांकन की आवश्यकता है। AMCA प्रोजेक्ट में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक सकारात्मक कदम है। निजी कंपनियों को रक्षा उत्पादन में और अधिक शामिल करने से HAL और क्त्क्ष्पर निर्भरता कम होगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। HAL और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को 'मिशन मोड' में काम करने के लिए संगठनात्मक सुधार करने चाहिए। इसके लिए समन्वय, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कर्मचारी प्रशिक्षण में सुधार की आवश्यकता है।**




विनीत नारायण

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 29 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक सभा में रक्षा परियोजनाओं में देरी को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी परियोजना ऐसी नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा। फिर भी हम कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लेते हैं। यह बयान न केवल रक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को उजागर करता है, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में चल रही प्रक्रिया पर भी सवाल उठाता है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने अपने बयान में विशेष रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी का उल्लेख किया। यह देरी 2021 में हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है, जिसमें 83 तेजस Mk1A जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक एक भी विमान डिलीवर नहीं हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने तेजस Mk 2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान AMCA जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भी प्रोटोटाइप की कमी और देरी का जिक्र किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय जीत करार दिया। उनके बयान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह पहली बार नहीं है जब HAL की आलोचना हुई है। फरवरी 2025 में, एयरो इंडिया 2025 के दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने HAL के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, मुझे HAL पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।

यह बयान एक अनौपचारिक बातचीत में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन इसने रक्षा उद्योग में गहरे मुद्दों को उजागर किया। रक्षा परियोजनाओं में देरी के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ संरचनात्मक और कुछ प्रबंधन से संबंधित हैं। तेजस Mk1A की डिलीवरी में देरी का एक प्रमुख कारण जनरल इलेक्ट्रिक से इंजनों की धीमी आपूर्ति है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्याएं, विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों ने HAL की उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। सिंह ने HAL को मिशन मोड में न होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि HAL के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय की कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी, कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू से ही खराब हो जाती है। यह एक गहरी सांस्कृतिक समस्या को दर्शाता है, जहां जवाबदेही की कमी है। हालांकि सरकार ने AMCA जैसे प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी है, लेकिन अभी तक रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका सीमित रही है। इससे HAL और DRDO जैसे सार्वजनिक उपक्रमों पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ती है, जो अक्सर समय सीमा पूरी करने में विफल रहते हैं। भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। इसके अलावा, डिजाइन और विकास में देरी, जैसे कि तेजस Mk 2 और AMCA के प्रोटोटाइप की कमी, परियोजनाओं को और पीछे धकेलती है। रक्षा परियोजनाओं में देरी का भारतीय वायुसेना की परिचालन तत्परता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना के पास 42.5 स्क्वाड्रनों की स्वीकृत ताकत के मुकाबले केवल 30 फाइटर स्क्वाड्रन हैं। तेजस Mk1A जैसे स्वदेशी विमानों की देरी और पुराने मिग-21 स्क्वाड्रनों का डीकमीशनिंग इस कमी को और गंभीर बनाता है। इसके अलावा, देरी से रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति भी प्रभावित होती है। सिंह ने कहा, हमें केवल भारत में उत्पादन की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि डिजाइन और विकास भी भारत में करना चाहिए। देरी न केवल भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को कमजोर करती है, बल्कि रक्षा उद्योग में विश्वास को भी प्रभावित करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे हालिया सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट किया है कि आधुनिक युद्ध में हवाई शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसके लिए समय पर डिलीवरी और तकनीकी उन्नति अनिवार्य है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति



तनवीर जाफरी

पहलगाम में हुए पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊंचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है, परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाए जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किए जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुन: शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आंखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिए हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रूपए में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक्त ही हमें पता होता है कि यह सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि-मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वायुसेना मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलाई गई अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था, जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है, परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिए चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 % पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थाई समिति को दी गई जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थाई रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपए और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किए जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।




इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थाई सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थाई नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्एक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाए सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाए और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# यूक्रेन पर रूसी प्रहार, गाजा में इजरायली बर्बरता, दुनिया हैरान

## चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कालेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा: चीन, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, यूएई सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं।

वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कामर्स, इना.वेशन, डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा: वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा: आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना।

**■ पाक के प्रधानमंत्री ने कहा: आसिम मुनीर और मैं आखिरी इंसान जो यह बोझ उठाना चाहते हैं**



चाहिए। क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाशत करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बात.चीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कालेज में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए।

## रूस ने किया तीन वर्षों में सबसे बड़ा अटैक

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ-साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं। उधर, यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूसी मिसाइल हमले में उसकी एक प्रशिक्षण इकाई को निशाना बनाया गया है, जिसमें 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

यह हमला दोपहर 12.50 बजे हुआ। बयान में गया कि हमले के समय वहां किसी प्रकार की सैन्य परेड नहीं हो रही थी या कोई समूह एकत्र नहीं था। बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही



**यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे सात मिसाइलें भी दागी मिसाइल अटैक में 12 यूक्रेनी सैनिकों की मौत**

है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रदावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में स्थित ओलेक्सीवका गांव पर नियंत्रण पा लिया है।

## गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें

232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली-जानकारी नहीं-

गाजा। रविवार को दक्षिणी गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम 32 फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजरायली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं।

इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कारिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फलस्तीनी शख्स की मौत हो गई है जबकि 32 लोग घायल हैं। गाजा में खाना बांटने का काम एक अमेरिकी एजेंसी जीएचएफ चला रही है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में 27 मई से 1 जून तक खाना बांटने के दौरान हुई गोल.ीबारी में 49 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फलस्तीन रेड क्रिसेंट के एक स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस वक्त बड़ी



**232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली: जानकारी नहीं**

संख्या में लोग राफा इलाके में खाने की मदद लेने के लिए जमा हुए थे। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में कुल 179 लोग हताहत हुए हैं, जिनमें 30 की हालत गंभीर है। इतने लोगों के घायल होने से अस्पतालों में भारी भीड़ हो गई है और इमरजेंसी वार्ड, आपरेशन थिएटर और आईसीयू में जगह की कमी हो गई है। इजरायली सेना ने जवाब में कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहायता वितरण केंद्र के पास उनके सैनिकों की गोलीबारी से कोई घायल हुआ हो।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रासिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं।

आईसीटी के प्रासिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। 12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे।

इस कार्यवाही को बांग्लादेश के सरकारी न्यूज चैनल बीटीडब्ल्यू पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रति.बंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी। इसकी वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। पीटीआई के अनुसार, ये बयान जेयूडी आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने अपने भाषणों के दौरान



**■ बांग्लादेश में ट्रायल TV पर लाइव दिखा रहे तख्तापलट के बाद से भारत में हैं हसीना**

दिए। लाहौर में समर्थकों को संबो.धित करते हुए कसूरी ने कहा मैं चार साल का था जब 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को हमने 1971 का बदला ले लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था।

## जेल में रहकर बाप बना आतंकी लखवी: ओवैसी

### आईएमआईएम चीफ ने अल्जीरिया में कहा: आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा पाक

**अल्जीरिया।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का बाप बन गया। उन्होंने अल्जीरिया में कहा: एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए बाप बन गया। दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन वह जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का बाप बन गया। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा। उन्होंने विश्व समुदाय और एफएटीएफ से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की अपील की, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बता दें कि ओवैसी मोदी सरकार के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। फिलहाल वे



**■ एफएटीएफ इसे फिर ग्रे लिस्ट में डाले**

अल्जीरिया के दौरे पर हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को मारना तो इस्लाम की शिक्षा के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान 'तकफीरवाद (इस्लाम का दुश्मन)' का केंद्र बन चुका है। वहां के आतंकी संगठनों की विचारधारा में और आईएसआईएस, अल-कायदा की विचारधारा में कोई फर्क नहीं है। वे मानते हैं कि उनके पास धार्मिक वैधता है, जो पूरी तरह गलत है। इस्लाम किसी की हत्या की अनुमति नहीं देता, लेकिन उनकी विचारधारा बन गई है। ओवैसी ने कहा कि भारत और अल्जीरिया ने नवम्बर 2024 में एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मुझे यकीन है कि इससे हमारे रिश्ते मजबूत होंगे। उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत जल्द अल्जीरिया आएंगे और अल्जीरिया के राष्ट्रपति भारत आएंगे। ओवैसी ने बताया कि भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की रात आपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर और जैश के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। ओवैसी ने कहा कि जो कोई भी हथियार उठाएगा, वो आतंकवादी है। आतंकवाद पूरी दुनिया का मसला है। किसी भी आतंकवादी को कहीं कोई जगह नहीं दी जा सकती। ओवैसी वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। इनके अलावा निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला भी इसमें शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे देशों के दौरे पर था।

## ट्रम्प जल्द करेंगे नासा प्रमुख के नाम की घोषणा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नए प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले ट्रम्प ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रम्प के अमे.रिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प इसाकमैन के नामांकन को वापस लेना चाहते हैं।



**नई दिल्ली। अदालत के ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद भारी सुरक्षा तैनाती के बीच जंगपुरा के मद्रासी कैंप में झुग्गी बस्तियों को ध्वस्त करते बुलडोजर।**

## रूस में पुल ढहने से सात की मौत, 69 घायल

**मास्को।** रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में पुल ढहने की घटना में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि विगोनिचस्की जिले में पीड़ितों के बारे में जानकारी। इस घंटे तक पीड़ितों की संख्या 69 है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। 44 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 22 लोगों का अस्पताल से बाहर इलाज किया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि ब्रांस्क क्षेत्र के विगोनिचस्की जिले में एक पुल ढह गया है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है और 30 लोग घायल हुए हैं। मास्को रेलवे की रिपोर्ट के अनुसार क्लिमोव-मास्को मार्ग पर यात्री ट्रेन नंबर 86 के लोकोमोटिव और डिब्बे परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप के कारण यह हादसा हुआ।

## म्यांमार ने की अस्थायी युद्धविराम बढ़ाने की घोषणा

**यांगून।** म्यांमार के रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ के कार्यालय ने शनिवार को अस्थाई युद्धविराम को 30 जून तक बढ़ाने की घोषणा की।

सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक 'द मिरर' ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जून से शुरू होने वाले इस विस्तार का उद्देश्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास प्रयासों का समर्थन करना, देश और उसके लोगों के हितों की सेवा करना और शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देना है। इससे पहले म्यांमार सशस्त्र बलों ने 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद बचाव और राहत कार्य में मदद के लिए छह से 31 मई तक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी। रिपोर्ट केव अनुसार, युद्धविराम के दौरान जातीय सशस्त्र संगठनों और अन्य सशस्त्र समूहों से आग्रह किया गया है कि वे जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले संचार मार्गों को बाधित या उनपर हमला न करें, नागरिकों के जीवन और संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं या नष्ट न करें, सुरक्षा कर्मियों और उनके शि.विरों पर हमला न करें, सैन्य कमांड को निशाना न बनाएं, शांति को कमजोर करने वाले बलों की भर्ती या लामबंदी न करें और क्षेत्रों का विस्तार न करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि ऐसी कोई कार्रवाई होती है तो म्यांमार सशस्त्र बल जनता की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रतिक्रियात्मक कदम उठाएंगे।

## कामिल इदरीस ने ली सूडान के पीएम पद की शपथ

**खार्तूम।** कामिल इदरीस ने सूडान के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इदरीश ने सत्तारूढ़ संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान के समक्ष शपथ ली। परिषद ने एक बयान में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुरहान और परिषद अन्य सदस्यों ने इदरीस से मुलाकात की और सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की, जिसमें अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, नागरिक आजीविका की रक्षा करना और राज्यों में व्यवस्था बहाल करना शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के रूप में इदरीस की नियुक्ति 19 मई को बुरहान द्वारा जारी एक संवैधानिक डिक्री के माध्यम से औपचारिक रूप से की गई थी। बुरहान सूडानी सशस्त्र बलों के कमांडर के रूप में भी कार्य करते हैं। इस निर्णय का संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ आयोग एवं विकास पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण (आईजीएडी) ने स्वागत

**■ जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से पीएम का पद खाली था**

किया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में बुरहान के नेतृत्व में सैन्य तख्तापलट करने और जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से प्रधानमंत्री का पद खाली था। हमदोक और अन्य नागरिक नेताओं को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। इसके कुछ बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था और कहा था कि सूडान एक 'खतरनाक मोड़' पर है क्योंकि सैन्य शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून में डॉक्टरेट की डिग्री रखने वाले इदरीस ने पहले विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के महानिद.ेशक और पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया है।

## ईरान एटम बम बनाने के बेहद करीब पहुंचा

### मिलिट्री ग्रेड यूरेनियम का स्टाक बढ़ाया, यूएस की निगरानी एजेंसी का दावा

**तेहरान/न्यूयार्क।** ईरान एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र की एटमी निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी आईएईए ने एक गोपनीय रिपोर्ट में दावा किया है कि ईरान ने मिलिट्री ग्रेड यानी 60 प्रतिशत तक शुद्ध यूरेनियम का स्टाक बढ़ा दिया है। यह यूरेनियम एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब माना जाता है।

एजेंसी ने ईरान से सहयोग बढ़ाने और अपनी नीति में बदलाव की अपील की है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच एटमी समझौते को फिर से शुरू करने की कोशिशें चल रही हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। वहीं इजरायल ने कहा कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान एटमी हथियार बनाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इसे तुरंत



**■ इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है**

रोकने की अपील की है। अगर ईरान एटमी हथियार बना लेता है तो वह ऐसा करने वाला 10वां देश होगा। दुनिया में सबसे ज्यादा एटमी हथियार रूस के पास हैं। आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी) ने कहा है कि 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता वाला करीब 408.6 किलो यूरेनियम था। यह मात्रा फरवरी की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा है। यूरेनियम को जब ज्यादा शुद्ध किया जाता है, तो वह हथियार बनाने के लायक बन जाता है। 90 प्रतिशत शुद्ध यूरेनियम को हथियार-ग्रेड यानी एटमी बम बनाने लायक माना जाता है। 60 प्रतिशत पर पहुंच जाने का मतलब यह है कि ईरान अब उस स्तर से सिर्फ एक कदम पीछे है। आईएईए ने यह भी बताया कि अगर ईरान 60 प्रतिशत वाले करीब 42 किलो यूरेनियम को और ज्यादा शुद्ध कर दे, तो उससे एक एटमी बम बनाया जा सकता है। फिलहाल ईरान के पास कुल मिलाकर 9247.6 किलो समृद्ध यूरेनियम है। हालांकि ईरान का कहना है कि उसका एटमी कार्यक्रम बम बनाने के लिए नहीं बल्कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों, जैसे बिजली बनाने या चिकित्सा के लिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और एटमी ऊर्जा संगठन ने इस रिपोर्ट को गलत और पक्षपातपूर्ण बताया।

## युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा हमास: इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है।

यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमे.रिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया कि हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी

**■ हमने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है: हमास**

कार्रवाई जारी रखेगा। हमास ने हालांकि कहा कि उसने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है, लेकिन लंबे समय तक युद्ध विराम की मांग सहित इसमें संशोधन की मांग भी की है। विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमास के जवाब को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया और समूह से आगे की वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए रूपरेखा को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है जिससे हम आने वाले दिनों में 60-दिवसीय युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता शेष बंधकों में से आधे की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें मृत व्यक्ति भी शामिल हैं और स्थायी युद्ध विराम पर बातचीत का द्वार खोलेगा। अमे.रिका द्वारा समर्थित प्रस्ताव में लड़ाई में 60-दिवसीय विराम, गाजा में अभी भी बंद 58 बंधकों में से 28 की रिहाई, 1200 से अधिक फलस्तीनी कैदियों का आदान-प्रदान और एन्क्लेव में मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल है। उधर, हमास के वरिष्ठ अधिक.ारी बासम नैम ने इस दावे को खारिज कर दिया कि समूह ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

## शांति के बजाय हम पर दबाव बढ़ा रहा फ्रांस: रूस

**मॉस्को/पेरिस।** रूस ने कहा है कि फ्रांस शांति की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि उसके ऊपर दबाव बढ़ा रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूसी पत्रकार पावेल ज़ारुबिन से कहा कि फ्रांस शांति की राह पर नहीं है। फ्रांस रूस पर दबाव बढ़ाने की राह पर है। उन्होंने कहा कि यह खेदजनक है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वास्तविक स्थिति को नहीं समझ पाए और उनका मानना था कि दबाव उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि केवल इस बात पर खेद व्यक्त किया जा सकता है कि फ्रांसीसी राष्ट्र के प्रमुख वास्तविक स्थिति को नहीं समझते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने बार-बार रूस विरोधी बयान और प्रस्ताव दिए हैं।